संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 30 मई 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रल्हाद जोशी ने दीव का दौरा किया और सौर ऊर्जा को अपनाने में इसकी महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 147 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

# पाक समझ ले, 3 बार घुसकर मारा: मोदी

अब आतंकी हमला हुआ तो कीमत चुकानी होगी ▫ पश्चिम बंगाल में प्रधानमंत्री ने ममता सरकार को घेरा- केंद्र सरकार की योजनाओं को राज्य में लागू नहीं होने दे रही, टीएमसी नेता गरीबों से कट-कमीशन मांगते, बंगाल में गुंडागर्दी को खुली छूट दी गईः पीएम मोदी

**ममता निशाने पर**

बंगाल की जनता अब सरकार के सिस्टम पर भरोसा नहीं कर पा रही है और उसे न्याय की उम्मीद सिर्फ कोर्ट से है



**टीम एक्शन इंडिया**
**अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को बंगाल की धरती से सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि बंगाल की जनता अब राज्य सरकार के सिस्टम पर भरोसा नहीं कर पा रही है और उसे न्याय की उम्मीद सिर्फ कोर्ट से है। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य हिंसा, अराजकता, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। ऐसे में राज्य की जनता कह रही है कि बंगाल में मची चीख-पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार। पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने एक बार फिर पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, आज जब सिंदूर खेला की इस धरती पर आया हूं तो आतंकवाद को लेकर भारत के नए संकल्प की चर्चा स्वाभाविक है। उन्होंने कहा कि भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। हमारी सेना ने आतंकियों को सिंदूर की शक्ति का अहसास करा दिया है। पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि अब भारत घर में घुसकर मारता है। उन्होंने पाकिस्तान पर आरोप लगाया कि उसकी सेना की विशेषज्ञता केवल आतंक और नरसंहार में है। उन्होंने 1971 में बांग्लादेश में पाकिस्तानी सेना द्वारा किए गए अत्याचारों का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने मुर्शिदाबाद और मालदा में हुई हिंसक घटनाओं के लिए तृणमूल सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि ये घटनायें तृणमूल सरकार की निर्ममता का खुला प्रमाण हैं। राज्य में माताएं-बहनें असुरक्षित हैं, युवाओं में घोर निराशा है और गरीबों का हक सत्ता की स्वार्थी राजनीति की भेंट चढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पश्चिम बंगाल को देश की प्रगति में महत्त्वपूर्ण भागीदार बताते हुए कहा कि भारत जब विकसित राष्ट्र बनने की ओर बढ़ रहा है, तब बंगाल की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने बंगाल को मेक इन इंडिया और ज्ञान-विज्ञान का केंद्र बनाने का आह्वान किया। मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार ह्यपूर्वोदयह्व की नीति पर चलते हुए पूर्वी भारत के विकास के लिए हजारों करोड़ रुपये का निवेश कर रही है। कालीयानी एम्स, न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास और डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) जैसी परियोजनाएं इसी का उदाहरण हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलते हुए भाजपा सरकार बंगाल को एक समृद्ध राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पश्चिम बंगाल एक साथ कई संकटों से घिरा हुआः पीएम मोदी

**पीएम ने** कहा कि आज पश्चिम बंगाल एक साथ कई संकटों से घिरा हुआ है। एक संकट समाज में फैली हिंसा और अराजकता का है। दूसरा संकट माताओं बहनों को असुरक्षा का है, उनके साथ हो रहे जघन्य अपराधों का है। तीसरा संकट नौजवानों में फैल रही घोर निराशा का है, बेतहाशा बेरोजगारी का है। चौथा संकट घनघोर भ्रष्टाचार का है, यहां के सिस्टम पर लगातार कम होते जन-विश्वास का है। पांचवां संकट गरीबों का हक छिनने वाली सत्ताधारी पार्टी की स्वार्थी राजनीति का है। युवा, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवार भ्रष्टाचार की मार झेल रहे हैं। हमने देखा है कि भ्रष्टाचार किस तरह विनाश की ओर ले जाता है।

## अगर हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें पीएम मोदीः सीएम ममता बनर्जी

**कोलकाताः** पीएम मोदी के ममता सरकार पर करारे वार के बाद राज्य में एक बार फिर वाव युद्ध शुरू हो गया है। पीएम मोदी ने जहां मुर्शिदाबाद हिंसा और मालदा की घटना को लेकर टीएमसी सरकार को घेरा वहीं ममता बनर्जी की पार्टी टीएमसी ने पीएम मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। इतना ही नहीं सूबे की मुखिया ममता बनर्जी ने पीएम पर पलटवार करते हुए उन्हें चुनाव में उतरने की चेतावनी तक दे डाली। ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम मोदी की मौजूदगी में उनके मंत्री कह रहे हैं कि अब वे ऑपरेशन सिंदूर की तरह ऑपरेशन बंगाल करेंगे। मैं उन्हें चुनौती देती हूं अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें।

**'मोदी की नीति फूट डालो और राज करो की'**
अलीपुरद्वार में प्रधानमंत्री की रैली के बाद बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि मोदी की नीति फूट डालो और राज करो की है। इस दौरान ममता बनर्जी ने दावा किया कि केंद्र ने लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर का नाम रखा है।



प्रधानमंत्री ने जेपी हवाईअड्डे के नए टर्मिनल भवन का किया उद्घाटन, रोड शो में उमड़ी लोगों की भीड़।

## केंद्र ने तय की गेहूं की स्टॉक सीमा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने जमाखोरी रोकने और बाजार में कीमत को स्थिर रखने के लिए थोक व्यापारियों और खुदरा विक्रेताओं के लिए गेहूं की स्टॉक सीमा लागू कर दी है। थोक व्यापारी, खुदरा विक्रेताओं, व्यापारियों, स्टॉकिस्टों और प्रोसेसरों पर गेहूं की स्टॉक सीमा 31 मार्च, 2026 तक लागू रहेगी। खाद्य मंत्रालय की ओर से जारी निर्दिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसिंग आवश्यकताओं, स्टॉक सीमाओं और आवागमन प्रतिबंधों को हटाने (संशोधन) आदेश 27 मई को जारी किया गया है।

## वो दिन दूर नहीं जब पीओके भारत का हिस्सा होगाः राजनाथ



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले गुलाम जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर लोग भारत के साथ गहरा संबंध महसूस करते हैं और वह दिन दूर नहीं जब इस पूरे इलाके के लोग स्वेच्छा से भारत के साथ जुड़ जाएंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि गुलाम जम्मू-कश्मीर के मुट्ठी भर लोगों को पाकिस्तान ने गुमराह किया हुआ है। सीआईआई के एक बिजनेस सम्मेलन को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान के साथ भारत के नीतिगत दृष्टिकोण को सामने रखते हुए कहा कि हमने आतंकवाद का जवाब देने के लिए अपनी रणनीति को फिर से परिभाषित और डिजाइन किया है। हमने यह पूरी तरह साफ कर दिया है कि पाकिस्तान के साथ अगर कोई बातचीत होनी है तो वह केवल आतंकवाद और गुलाम जम्मू-कश्मीर पर होगी। राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में प्रमुख रूप से गुलाम जम्मू-कश्मीर के लोगों तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों को पूरे भारत की जनता अपने परिवार के रूप में देखती है। हमें पूरा भरोसा है कि हमारे ये भाई-बहन जो हमसे भौगोलिक और राजनीतिक रूप से अलग हो गए हैं, वे अपनी आत्मा की आवाज सुनकर हमारे देश की मुख्यधारा से स्वतः जुड़ जाएंगे। राजनाथ ने कहा कि भारत हमेशा से दिलों को जोड़ने की बात करता हैं।

### रक्षा निर्यात 23,500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर

**भारत** की घरेलू रक्षा क्षमताओं का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज हमारे देश का रक्षा निर्यात 23,500 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है, जबकि दस साल पहले यह केवल एक हजार करोड़ रुपये था। आज यह साबित हो गया है कि रक्षा के क्षेत्र में मेक इन इंडिया अभियान सुरक्षा और संपन्नता के लिए कितना जरूरी है।

## पीएम ने लगातार किसानों को किया सशक्त और मजबूतः सैनी



**किसान हितैषी**

कांग्रेस शासनकाल में फसलों के एमएसपी के लिए कुल 7 लाख 41 हजार करोड़ रुपये दिए गए

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि 55 सालों तक सत्ता सुख भोगने वाली कांग्रेस सरकार किसानों की हालत की जिम्मेदार रही है, जबकि वर्ष 2014 में देश के प्रधान सेवक के रूप में देश की बागडोर संभालने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार किसानों को न केवल सशक्त और मजबूत किया है, बल्कि उन्हें विकसित भारत का महत्वपूर्ण स्तंभ मानते हुए आत्मनिर्भर बनाने का काम किया है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गत दिवस फसलों पर एमएसपी बढ़ाने की घोषणा की है, इसके लिए वे उनका आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं ने चुनाव के समय किसानों को गुमराह करने के लिए कहा कि यदि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने तो एमएसपी को खत्म कर देंगे। जबकि सच्चाई यह है कि प्रधानमंत्री वर्ष 2014 से किसानों के हित में लगातार फसलों पर एमएसपी को बढ़ा रहे हैं। विपक्ष को किसान हित के बारे में सवाल उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए, फिर दूसरों पर उंगली उठानी चाहिए। विपक्ष को इस प्रकार के बयान नहीं देने चाहिए, क्योंकि इससे किसानों का नुकसान होता है।

## संघर्ष विराम में व्यापार मुद्दा नहीं रहाः विदेश मंत्रालय

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत ने एक बार फिर दोहराया है कि पाकिस्तान के साथ ऑपरेशन सिंदूर के बाद संघर्ष विराम पड़ोसी देश की ओर से आए अनुरोध के कारण ही हुआ था और इसमें तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं थी। साथ ही इस दौरान कई देशों के नेताओं से बातचीत हुई थी लेकिन उसमें कहीं भी व्यापार के बारे में कोई बातचीत नहीं हुई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में एक प्रश्न के उत्तर में यह बात कही। प्रश्न में एक अमेरिका अदालत में वहां की सरकार की ओर से टैरिफ नीति को सही ठहराने के लिए भारत-पाक संघर्ष विराम का उदाहरण दिया गया था। इसी पर प्रवक्ता ने एक बार फिर स्पष्टीकरण दिया है। प्रवक्ता ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत-पाकिस्तान के बीच फायरिंग बंद करने का निर्णय दोनों देशों के डीजीएमओ के सीधे संपर्क से लिया गया था और इस वार्ता में व्यापार या शुल्क से संबंधित कोई मुद्दा नहीं उठा। इस दौरान प्रवक्ता ने बताया कि भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं फिलहाल जारी हैं और हाल ही में एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल अमेरिका यात्रा हुई है। उन्होंने कहा कि बातचीत पूरी होने के बाद ही कोई ठोस जानकारी साझा की जा सकेगी। विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री की अमेरिका यात्रा (27 से 29 मई) के बारे में जानकारी देते हुए जायसवाल ने बताया कि उन्होंने व्हाइट हाउस में उच्च स्तरीय बैठकें कीं। इन बैठकों में क्रिटिकल मिनरल्स और उभरती प्रौद्योगिकियों पर द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर जोर दिया गया।




### 'आतंकियों को सौंपे और पीओके खाली करे पाक'

**पहलगाम** आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद सीमा पर चले संघर्ष के दौरान भारत ने अपना पक्ष साफ कर दिया है कि आतंकवाद और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते हैं। वहीं विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, 'जहां तक पाकिस्तान के साथ हमारे संबंधों का सवाल है, हमारा रुख स्पष्ट है। सिर्फ दो पक्षों के ही बीच बातचीत होगी। हम दोहराना चाहेंगे कि आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते।

## अफगान नागरिकों के लिए भारत का नया वीजा मॉड्यूल लागू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने अफगान नागरिकों के लिए वीजा प्रणाली में बड़ा बदलाव किया है। अफगान नागरिकों के लिए नया वीजा मॉड्यूल 29 अप्रैल से लागू कर दिया गया है। इसके तहत अब अफगान नागरिक छह नई वीजा श्रेणियों में आवेदन कर सकते हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। प्रवक्ता ने बताया कि पहले ह्यई-इमर्जेंसी एक्स-मिस्क वीजाह्व सुविधा चल रही थी। इसे अब औपचारिक रूप से समाप्त कर दिया गया है। नई वीजा व्यवस्था में मेडिकल वीजा, मेडिकल अटेंडेंट वीजा, बिजनेस वीजा, एंट्री वीजा, स्टूडेंट वीजा और संयुक्त राष्ट्र राजनयिक वीजा शामिल है।

## वायु सेना प्रमुख ने परियोजनाओं में देरी पर फिर जताई चिंता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर को 'राष्ट्रीय विजय' बताते हुए एक बार फिर रक्षा परियोजनाओं में लगातार हो रही देरी पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें एहसास दिलाया है कि 'आत्मनिर्भरता' ही एकमात्र समाधान है, हमें अभी से भविष्य के लिए तैयार रहना होगा। नौसेना प्रमुख ने भी कहा कि युद्ध का स्वरूप बदल रहा है। हर दिन हम नई तकनीकें खोज रहे हैं।



ऑपरेशन सिंदूर ने हमें यह स्पष्ट रूप से बताया है कि हम किस दिशा में जा रहे हैं और भविष्य में हमें क्या चाहिए। वायु सेना और नौसेना के प्रमुख ने गुरुवार को भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कई तरह की चिंताएं जताईं। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने कहा कि एक ऐसा समय था, जब हमें भारतीय उद्योग पर हमेशा संदेह रहता था इसलिए हम बाहर की ओर अधिक देखते थे लेकिन पिछले एक दशक से अधिक समय में चीजें काफी बदल गई हैं। अब दुनिया की मौजूदा स्थिति ने हमें

**आत्मनिर्भरता**

नौसेना प्रमुख ने कहा, बदलते युद्ध स्वरूप पर हर दिन नई तकनीक की खोज करना देश की जरूरत

**भव्य स्वागत** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नगलाड़ी-शरची सड़क को बेहतर बनाने के लिए आकलन तैयार करने के दिए निर्देश

## सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत बंजार के शरची पहुंचे मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**
**शिमलाः** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम के तहत कुल्लू जिला में बंजार विधानसभा क्षेत्र के शरची गांव में पूर्व सैनिक सूबेदार अनूप राम के घर रात्रि ठहराव किया। मुख्यमंत्री के पहुंचने पर सभी गांववासी उत्साहित थे। मुख्यमंत्री को अपने घर-द्वार पर पाकर ग्रामवासी गर्मजोशी से विभोर हो गए। पारम्परिक वेशभूषा से सुसज्जित ग्रामवासियों ने वाद्ययंत्रों की मधुर स्वर लहरियों से मुख्यमंत्री का स्वागत किया। राह चलते हुए मुख्यमंत्री ने बच्चों, बुजुर्गों, महिलाओं सभी से संवाद किया। इस दौरान ग्रामवासियों ने अपनी समस्याओं के बारे में भी मुख्यमंत्री को अवगत करवाया। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने को कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की मांगों को पूरा करने के लिए बजट का उचित प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को नगलाड़ी-शरची मार्ग को चौड़ा करने व इसके सुधारीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क के साथ ड्रेन का भी निर्माण किया जाएगा। उन्होंने आवश्यकतानुसार सड़क पर पेवर ब्लॉक्स लगाने को भी कहा, ताकि सड़क का बेहतर ढंग से रखरखाव हो सके। उन्होंने शरची ग्राम पंचायत के पांच महिला मंडलों को एक-एक लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा भी की। गुरुवार सुबह मुख्यमंत्री ने गांव वासियों के साथ नाश्ता किया और उनकी समस्याएं भी सुनीं। ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने ग्रामवासियों से क्षेत्र में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं और शिक्षा व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने लोगों से सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के बारे में भी खुलकर बात की। लोगों से फीडबैक भी लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सबके बीच आकर मुझे बेहद प्रसन्नता हो रही है। सरकार के गठन के बाद से प्रयास है कि मैं स्वयं दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याओं को समझकर उन्हें हल करने का प्रयास करूं।



**संवाद किया**

मैं स्वयं दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लोगों की समस्याओं को समझकर उन्हें हल करने का प्रयास करूं: सीएम

## अब नए डिजिटल पैटर्न यूनिफॉर्म में दिखेंगे बीएसएफ के जवान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** सिक्योरिटी फोर्स के जवान जल्द ही कॉम्बैट ड्रेस में नजर आएंगे। बताया जा रहा है ड्रेस का पैटर्न डिजिटल पैटर्न पर आधारित होगा। सेना और सीआरपीएफ की तरह बीएसएफ का ड्रेस पैटर्न अब डिजिटल होगा। अधिकारियों ने बताया कि डिजिटल पैटर्न और वर्दी का रंग तय हो चुका है और उम्मीद है कि जवान एक साल के अंदर नई कॉम्बैट ड्रेस में नजर आएंगे। इससे पहले 2022 में, भारतीय सेना और भारतीय वायु सेना ने अपने-अपने बलों के लिए डिजिटल वर्दी पेश की थी। पहले बीएसएफ वर्दी 50% कॉटन और 50% पॉलिएस्टर से बनी होती थी, जबकि नई वर्दी 80% कॉटन, 19% पॉलिएस्टर और 1% स्पैन्डेक्स से बनी होगी, यह अलग-अलग मौसम में जवानों के लिए काफी आरामदायक और हवादार होगी।



**कैसा होगा कलर?**
स्पैन्डेक्स मटीरियल इसकी स्ट्रेचेबिलिटी और लोच सुनिश्चित करेगा। अधिकारियों ने बताया कि रंग के मामले में नई वर्दी 50% खाकी, 45% हरा और 5% ब्राउन रंग की होगी। दरअसल पहले के कॉम्बैट ड्रेस में पैटर्न कपड़ के ऊपर प्रिंट होता था, जिस वजह से ये ज्यादा मजबूत नहीं होता था, लेकिन अब ये कपड़े के अंदर प्रिंट होगा, जो काफी देर तक टिक पाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बल ने डेढ़ साल तक नए ड्रेस पर काम किया है।

# जमानत की शर्त के खिलाफ क्रिश्चियन की याचिका खारिज



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अगस्ता वेस्टलैंड घोटाला मामले के आरोपित क्रिश्चियन मिशेल की दिल्ली हाई कोर्ट की ओर से जमानत की शर्त को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने मिशेल की उस आपत्ति को खारिज कर दिया जिसमें दिल्ली हाई कोर्ट ने उसके रिहा होने पर रहने का पता बताने की शर्त लगाई थी। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आप तिहाड़ जेल के अंदर ही रहें, वही आपका स्थायी पता है। आपको जमानत मिल गई, आप स्थानीय पता बताने की शर्त भी पूरी नहीं करना चाहते हैं। मिशेल ने याचिका दायर कर हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी जिसमें उसकी जमानत की शर्तों में संशोधन किया था। हाई कोर्ट ने मिशेल को 5 लाख रुपये के निजी मुचलके और जमानती बांड के लिए पहले के निदेशों के मुताबिक 5 लाख रुपये की बजाय 10 लाख रुपये नकद जमानती के तौर पर जमा करने का निर्देश दिया था। हाई कोर्ट ने मिशेल को रिहा होने पर अपने रहने के स्थान का पता देने की भी शर्त लगाई थी। मिशेल ने सुप्रीम कोर्ट से मांग की थी कि रिहा होने पर अपने रहने के स्थान का पता देने की शर्त हटाई जाए। हाई कोर्ट में ईडी ने मिशेल की जमानत शर्तों में बदलाव की मांग का विरोध करते हुए कहा था कि मिशेल एक विदेशी है और अगर कोई स्थानीय जमानतदार नहीं होगा तो उसे भारत लाना मुश्किल होगा। ईडी ने जमानत की शर्तों में बदलाव का विरोध करते हुए कहा कि अगर मिशेल की जमानत के लिए कोई स्थानीय जमानती नहीं मिलता है तो उसे भारत में नहीं लाया जा सकता। मिशेल को अगस्ता हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में सीबीआई और ईडी दोनों के मामलों में जमानत मिल चुकी है।

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना क्रमांक 11/2025–2026 दिनांक 02.05.2025 ii) निविदा संख्या 15245119A 17/06/2025 को देय है।
1. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में नियत तिथि 26/05/2025 से बढ़ाकर 17/06/2025 कर दी गई है। 2. उपरोक्त निविदा के संदर्भ में विनिर्देशों को संशोधित किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित है। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर प्रकाशित किया गया है। 1606/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## झुग्गी से टकराई कार, 02 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** जनकपुरी के पंखा रोड पर गुरुवार तड़के एक कार ने साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद झुग्गी से टकरा गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने कार चला रहे 19 साल के युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि गुरुवार तड़के 3.30 बजे जनकपुरी थाना पुलिस को पंखा रोड पर सड़क हादसा होने की जानकारी मिली। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि एक कार साइकिल सवार को टक्कर मारने के बाद झुग्गी से टकरा गई, जिसमें पांच लोग घायल हो गए हैं। पीसीआर कर्मी सभी घायलों को लेकर डीडीयू अस्पताल गए हैं। अस्पताल पहुंचने पर पुलिस को पता चला कि दो घायलों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। जबकि तीन का इलाज चल रहा है। सभी घायल बयान देने की हालत में नहीं हैं। पुलिस ने मामले की छानबीन के दौरान क्षतिग्रस्त कार को जब्त कर कार चला रहे 19 साल के युवक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर घटना के कारणों के बारे में जानकारी हासिल कर रही है।

## महिलाओं को सशक्त बनाने का प्रोजेक्ट हुआ लॉन्च



**टीम एक्शन इंडिया**
**कुंडली:** श्री एंड सैम, भारत के अग्रणी प्रीमियम किचन वेयर ब्रांड के चेयरमैन डॉ. पवन कंसल के दूरदर्शी नेतृत्व में जगदंबा कटलरी फैक्ट्री में अपनी प्रमुख पहल 'प्रोजेक्ट माँ' महिलाओं को सशक्त बनाना, जीवन बदलना को सफलतापूर्वक लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में हरियाणा और दिल्ली एनसीआर से 50 से अधिक महिला प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। जिनमें से प्रत्येक ने घर से काम करते हुए सेल्स डायरेक्टर बनकर प्रति माह 5 लाख तक कमाने का एक नया रास्ता खोला। इस कार्यक्रम में श्री एंड सैम के अगली पीढ़ी के डायरेक्टर समर्थ कंसल और श्री कंसल, कंपनी के अन्य डायरेक्टरों के साथ-साथ ब्रांड हेड चेतन सुल्तानिया व कंपनी के ब्रांडिंग कंसल्टेंट प्रदीप द्विवेदी व हीलिंग टच फाउंडेशन से अनीसा शर्मा व सुनीता अत्रे उपस्थित रहीं। जो इस पहल का नेतृत्व कर रहे हैं। प्रोजेक्ट 'माँ' सिर्फ.एक बिक्री कार्यक्रम नहीं है बल्कि यह एक ऐसा आंदोलन है, जिसका उद्देश्य 5,00000 से ज्यादा आर्थिक रूप से स्वतंत्र महिला लीडर तैयार करना है।

## रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड

रजि. कार्यालयः ई-205 (एलजीएफ), ग्रेटर कैलाश-2, नई दिल्ली-110048
ई-मेलः legal@regententerprises.in, सीआईएनः L15500DL1994PLC153183

**31 मार्च, 2025 को तिमाही और वर्ष समाप्त हेतु वित्तीय परिणामों का सारांश**

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर लाख रुपये में)

| क्र. सं. | विवरण | 31.03.2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित) | 31.12.2024 को समाप्त पूर्ववर्ती तिमाही (अनअंकेक्षित) | 31.03.2024 को वर्ष समाप्त संगत तिमाही (अनअंकेक्षित) | 31.03.2024 को समाप्त पूर्व वर्ष (अंकेक्षित) | 31.03.2025 को समाप्त वर्ष (अंकेक्षित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | संचालनों से कुल आय | 19840.98 | 22436.85 | 22733.88 | 67267.26 | 74924.84 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा आपवादिक और/या असाधारण मदों के पूर्व) | (229.99) | 9.51 | 3.43 | 21.38 | 538.85 |
| 3. | कर पूर्व अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | (229.77) | 38.92 | 2.57 | 82.88 | 163.63 |
| 4. | कर पश्चात् अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (आपवादिक और/या असाधारण मदें पश्चात्) | (290.89) | 38.92 | (9.07) | 64.74 | 102.51 |
| 5. | अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि)(कर पश्चात्) और अन्य कुल व्यापक आय (कर पश्चात्) शामिल] | **(290.89)** | **38.92** | **(9.07)** | **64.74** | **102.51** |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 | 3345.63 |
| 7. | अंकेक्षित तुलन पत्र में दर्शाये अनुसार संरक्षित (पुनर्मूल्यांकन संरक्षण रहित) | | | | 519.75 | 622.26 |
| 8. | प्रति शेयर आय (प्रत्येक 10 रुपये) (जारी और बंद किए गए परिचालन हेतु)- मूलभूत और तरलीकृत: | (0.87) | 0.12 | (0.03) | 0.19 | 0.31 |

**टिप्पणियाँ:**
1. उपरोक्त वित्तीय परिणाम की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा 29.05.2025 को आयोजित अपनी बैठक में की गई और निदेशक मंडल द्वारा 29.05.2025 को आयोजित अपनी बैठक में अनुमोदित किया गया।
2. पिछले वर्ष के आंकड़ों को, जहां भी आवश्यक हो, पुनः समूहीकृत और पुनर्व्यवस्थित किया गया है।
3. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के अंतर्गत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और 31 मार्च, 2025 को समाप्त अवधि के लिए वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सारांश है। उपरोक्त वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट यानी www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट यानी www.regententerprises.in. पर उपलब्ध है।
4. वेबपेज जहाँ कंपनी के संपूर्ण वित्तीय परिणाम उपलब्ध हैं: https://regententerprises.in/wp-content/ uploads/ 2025/05/ Audited-Financial-Results-2025.pdf.
5. वित्तीय परिणामों का त्वरित प्रतिक्रिया (क्यू आर) कोड है:

दिनांकः 29.05.2025
स्थानः गाजियाबाद

कृते रीजेंट एंटरप्राइजेज लिमिटेड
हस्ता/-
विकास कुमार
पूर्णकालिक निदेशक
(डीनः 05308192)

## उत्तर रेलवे
### ई–नीलामी हेतु सूचना

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/माल भाड़ा, दिल्ली डिवीजन, उत्तर रेलवे,** रेलवे बोर्ड के पत्र सं. 2022/टीसी (एफएम)/10/04 दिनांक 13.06.2022, के अनुसार दिल्ली मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलने वाली निम्नलिखित ट्रेनों में एसएलआर और पार्सल वान (राउंड ट्रिप के आधार पर) के स्थान को 02 वर्षो के पट्टे पर देने के लिए आईआरईपीएस के ई–नीलामी मॉड्यूल के माध्यम से बोलियां आमंत्रित की जाती है:

| क्रम सं | ई–नीलामी के आरम्भ होने की तिथि तथा समय | एस्सेट्स जिनकी नीलामी की जानी है |
|---|---|---|
| 1. | 12.06.2025 को 10:30 बजे | 01 LVPH (24 टन) राउंड ट्रिप पर प्रत्येक गाडी में - 12454/12453, 20408/20407 |
| 2. | 13.06.2025 को 10:30 बजे | 12463 (F1), 12584 (F1), 12754 (F1), 12876 (F1), 12918 (F1), 14035 (F1, F2 & R1), 14053 (R1), 14152 (F1), 14164 (F1), 14521 (F1, F2 & R1), 14681 (F1), 20473 (F1 & R1), 20914 (F1), 22168 (F1 & F2), 22438 (F1). |
| 3. | 16.06.2025 को 10:30 बजे | 12034 (F1), 12191 (F1 & F2), 12457 (F1, F2 & R1), 12444 (F1), 12497 (F1), 12562 (F1), 12874 (F1), 12963 (F1), 14014 (F1), 14041 (R1) (रविवार), 14507 (F1, F2 & R1), 15035 (F1 & R1), 19338 (F1), 20958 (F1), 22421 (F1), 22429 (F1), 22463 (F1), 22824 (F1) 22806 (F1) |
| 4. | 17.06.2025 को 10:30 बजे | 12005 (F1), 12038 (F1), 12055 (F1), 12057 (F1), 12060 (F1), 12191 (R1), 12215 (F1), 12612 (F1), 12816 (F1), 12818 (F1), 12826 (F1), 12954 (F1), 12986 (F1), 14206 (F1), 14331 (F1, F2 & R1), 14714 (F1), 15622 (F1), 20452 (F1), 20504 (F1), 22168 (R1), 22421 (F2 & R1), 22434 (F1), 22986 (F1) |
| 5. | 18.06.2025 को 10:30 बजे | 12002 (F1), 12011 (F1), 12013 (F1), 12017 (F1), 12040 (F1), 12045 (F1), 12066 (F1), 12148 (F1 & F2), 12428 (F1), 12448 (F1), 12455 (F1), 12481 (F1), 14041 (F1), 14041 (R1) (सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरूवार, शुक्रवार और शनिवार के लिए), 14053 (F2), 14212 (F1), 14305 (F1, F2 & R1), 14731 (F1), 20938 (F1), 20946 (F1), 22454 (F1, F2 & R1) |
| 6. | 19.06.2025 को 10:30 बजे | 12015 (F1), 12050 (F1), 14041 (F2), 14087 (F1, F2 & R1), 14089 (F1, F2 & R1), 14303 (F1, F2 & R1), 14316 (F2), 14679 (F1), 15035 (F2), 15060 (F1, F2 & R1), 20473 (F2), 22472 (F1, F2 & R1), 54076 (F1 & R1) |

**महत्वपूर्ण सूचनाः**
1. ई–नीलामी के विभिन्न पहलुओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **https://www.ireps.gov.in/html/helpdesk/learning_centre.html.** (e-Auction leasing section). पर जाने की सलाह दी जाती है।
2. **निम्नलिखित एस्सेट्स जिन्हें पुनः** संशोधित रिज़र्व प्राइस (RP) पर आमंत्रित किया जा रहा है:
 a. 14041 (F1, F2, R1)
 b. 54076 (F1, R1)
 c. 22454 (F1, F2, R1)
3. रेलवे प्रशासन किसी भी समय इन निविदाओ/अनुबंधों को समाप्त करने का सम्पूर्ण अधिकार रखता है या इसके संबंध में किसी संशोधन अथवा अतिरिक्त नियमों और शर्तो के साथ इन निविदाओं अथवा अनुबंधो के बीच मे ही समाप्त करने अथवा जारी रखने के संबंध मे, जो की इन ट्रेनों के जारी रहने अथवा समाप्त होने कि स्थिति पर निर्भर करता है।

1590/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक्शन इंडिया
## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


## बेदखली सूचना

मैं जोकि सतीश पुत्र जयनारायण निवासी जनता स्कूल के पास हरी नगर गन्नौर तहसील गन्नौर जिला सोनीपत अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लडका नवीन कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है और अपनी मनमानी करते है । मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। । भविष्य में उपरोक्त दोनों से लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र

संदर्भ : i) निविदा सूचना संख्या 18/2025–2026 दिनांक 28.05.2025
ii) निविदा संख्या 77259027RGC खुलने की तिथि 19.06.2025

उपरोक्त के संदर्भ मे, निविदा दस्तावेजों में मूल्य परिवर्तन खंड के लिए शुद्धिपत्र जारी किया गया है। अन्य सभी नियम और शर्ते अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/संकेत– निर्माण
नोटः उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1604/2025

## उत्तर रेलवे
### शुद्धिपत्र
### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे नई दिल्ली – 110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई – निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

| क्र.स. | निविदा स. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 82245004 | आपातकालीन चिकित्सा बक्से (विनिर्देश पीडीएफ के अनुसार संलग्न) | 328 | 16.06.2025 |

संभावित बोलीदाता 05.06.2025 की मध्यरात्रि 12:00 बजे तक ईमेल–आईडी– **storesnrch@gmail.com** पर बोली–पूर्व प्रश्न प्रस्तुत कर सकते हैं, ताकि उत्तर रेलवे द्वारा इनका अध्ययन किया जा सके। इसके अलावा, रेलवे उपर्युक्त समय और तारीख के बाद प्राप्त बोली–पूर्व प्रश्नों का जवाब नहीं दे सकता है। बोली–पूर्व की तारीख और समय का उल्लेख निविदा शीर्षक में किया गया है। बोली–पूर्व बैठक का स्थान कमरा नंबर 232, कॉन्फ्रेंस हॉल, दूसरी मंजिल, अनुलग्नक–I, स्टोर विभाग, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–01 है। बोलीदाता नीचे दिए गए वीडियो कॉन्फ्रेंस लिंक के माध्यम से बोली–पूर्व सम्मेलन में भी भाग ले सकते हैं: मेडिकल बॉक्स की निविदा संख्या 82245004 के विरुद्ध बोली–पूर्व बैठक मंगलवार, 3 जून सुबह 10:45 बजे – दोपहर 3:00 बजे वीडियो कॉल लिंक: **https://meet.google.com/mza-fuon-hmu**

निविदा शर्तें : 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। टेंडर नोटिस सं. 82245004/MED/PART-II दिनांकः– 29.05.2025 1594/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## आभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उदघोषणा
### (धारा 82 (2) Cr.P.C. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमेश सिंह पुत्र जगन नाथ सिंह निवासी सी-365, मादीपुर, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **283/2011, अन्तर्गत धारा 324 आईपीसी, थाना पश्चिम विहार, बाहरी जिला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश सिंह** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रमेश सिंह** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **283/2011, अन्तर्गत धारा 324 आईपीसी, थाना पश्चिम विहार, बाहरी जिला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रमेश सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2025** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**डॉ. अनीज़ा बिश्नोई**
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-07 (पश्चिम)
कमरा नं. 289, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6641/OD/2025 (Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### (धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अमन पुत्र रामबीर सिंह, पताः मकान नं. डब्लू–222, प्रेम नगर, किरारी रोड, जानकी विहार, नांगलोई, नई दिल्ली ने एफआईआर संख्या 24/21 धारा 454/380/411 भा.द.स. के तहत** थानाः आनंद पर्वत, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अमन** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अमन** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 24/21 धारा 454/380/411 भा.द.स. के तहत थानाः आनंद पर्वत, दिल्ली के उक्त अमन** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.07.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आकांक्षा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05
वेस्ट कमरा नं.336–ए,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6362/CD/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया **दीपक, पुत्रः राजेंद्र, निवासीः गांव घोगा, नरेला, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.29/2013 U/S 33/38/58, दिल्ली आबकारी अधिनियम** के तहत एक मामला **थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** में दर्ज किया गया है (या किए जाने का संदेह है) और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **दीपक** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.29/2013 U/S 33/38/58, दिल्ली आबकारी अधिनियम के तहत थाना मौर्या एन्क्लेव, दिल्ली** के आरोपी उक्त **दीपक** को उक्त शिकायत का जवाब देने के लिए दिनांक **30.06.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, दीपक वत्स
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट
उत्तर पश्चिम जिला, कमरा नं. 101,
प्रथम तल, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

**DP/6764/NW/2025**
(अदालती मामला)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 84 BNSS देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **धरम सिंह उर्फ धर्म सिंह** पुत्र उत्तम लाल, **निवासी** एन–299, चौथी मंजिल, 25 गज, जे.जे. कॉलोनी, रघुबीर नगर, टैगोर गार्डन, दिल्ली–110027, ने **FIR No. 206/2025, Dt.: 02.04.2025, U/S 74/75/76 BNS & 6/10 POCSO Act, पुलिस स्टेशन ख्याला, पश्चिमी जिला, दिल्ली,** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किया गया गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धरम सिंह उर्फ धर्म सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **धरम सिंह उर्फ धर्म सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 206/2025, Dt.: 02.04.2025, U/S 74/75/76 BNS & 6/10 POCSO Act, पुलिस स्टेशन ख्याला, पश्चिमी जिला, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **धरम सिंह उर्फ धर्म सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2025** को या इससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रीति परेवा
अतिरिक्त सत्र न्यायिक (एफटीएससी) पोक्सो–01,
पश्चिम जिला, कमरा नं.–21, भूतल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/6718/WD/2025 (Court Matter)**

## भारतीय रेल

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)
**शुद्धिपत्र–VI**

विषयः अट्ठारह नग सेल्फ प्रोपेल्ड अल्ट्रासोनिक रेल टेस्टिंग कार "स्पर्ट कार" की आपूर्ति के लिए दिनांक 04.07.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2402
उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 30.05.2025 को स्थगित कर 04.07.2025 कर दिया गया है।
निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(अमित कुमार गुप्ता)
उप निदेशक, रेलपथ (III)
(रेलवे बोर्ड)
क. सं. 146, रेल भवन, नई दिल्ली

1596/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा
### धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **संदीप** पुत्र **गुलाब सिंह** निवासी **म.नं. डीए–274/ए, गली नं. 01, गांधी नगर, जिला जींद, हरियाणा** ने case **FIR No. 97/2019 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना नांगलोई, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया हैं) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त **संदीप** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **संदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि case **FIR No. 97/2019 U/s 33/38/58 Delhi Excise Act, थाना नांगलोई, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **संदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 18.07.2025** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री अकांक्षा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–05
कमरा नं. 336ए,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6747/OD/2025(Court Matter)

## उत्तर मध्य रेलवे

**नोटिफिकेशन संः** म.रे.प्र./वा./आगरा/2025/1-32 **दिनांकः** 27.05.2025

### अधिसूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिये वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे/आगरा द्वारा आगरा मण्डल के निम्नलिखित 32 (NSG-4, NSG-5 & NSG-6 Category) रेलवे स्टेशनों की 33 लोकेशनों पर, (NSG-4) के लिए **दिनांक 21.02.2026** तक एवं (NSG-5 & NSG-6) के लिए 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए कंम्प्यूटर कृत अनारक्षित टिकट प्रणाली (यू.टी.एस.) के माध्यम से टिकट वितरण हेतु स्टेशन बुकिंग एजेंट (STBA) के चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:-

**नोटिफिकेशन संः** 2025/01 से 2025/32
**कार्य का वितरणः** 32 (NSG-4, NSG-5 & NSG-6) Category के रेलवे स्टेशनों पर टिकिट बुकिंग सेवक को नियुक्त किये जाने हेतु।
**धरोहर राशि (ई.एम.डी.) रूपयेः** (NSG-4 - 10,000/- NSG-5 - 5,000/- & NSG-6 - 2,000/-) Category
**आवेदन फार्म की कीमत रूपयेः** Rs. 1,000/- + 180 (18% GST) = Rs.1,180/-
**आवेदन फार्म प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समयः दिनांक 18.06.2025 समय 17:00 बजे तक**
**भरे हुये आवेदन फार्म निविदा पेटी में डालने की तिथि एवं समयः दिनांक 19.06.2025 समय 11:00 बजे तक**
**आवेदन फार्म/निविदा पेटी खोलने की तिथि व समयः दिनांक 19.06.2025 समय 11:30 बजे तक**
**(1) स्टेशन टिकिट बुकिंग एजेंट (एस.टी.बी.ए.) के चयन हेतु प्रस्तावित स्टेशनों का विवरणः-**

| नोटीफिकेशन सं. | स्टेशन का नाम/श्रेणी | स्टेशन कैटेगरी | स्टेशन कोड | पाली | |
|---|---|---|---|---|---|
| **नोटः- एक व्यक्ति केवल एक ही स्टेशन के लिए आवेदन कर सकता है।** | | | | | |
| 2025/01 | बहज | NSG-6 | BEHJ | 24 Hrs. | |
| 2025/02 | कीथम | NSG-6 | KXM | 24 Hrs. | |
| 2025/03 | गजिका | NSG-6 | GZKA | 24 Hrs. | |
| 2025/04 | मनिया | NSG-6 | MIA | 24 Hrs. | |
| 2025/05 | भैंसा | NSG-6 | BSA | 24 Hrs. | |
| 2025/06 | रामगढ़ | NSG-6 | RAH | 24 Hrs. | |
| 2025/07 | हैलक | NSG-6 | HK | 24 Hrs. | |
| 2025/08 | पथोली | NSG-6 | PTLI | 24 Hrs. | |
| 2025/09 | जाडोली का बास | NSG-6 | JBS | 24Hrs. | |
| 2025/10 | अझई | NSG-6 | AJH | 24 Hrs. | |
| 2025/11 | झारेडा | NSG-6 | JREA | 24 Hrs. | |
| 2025/12 | यमुनाब्रिज | NSG-6 | JAB | 24 Hrs. | |
| 2025/13 | करनपुरा | NSG-6 | KPO | 24 Hrs. | |
| 2025/14 | गोवर्धन | NSG-5 | GDO | 24 Hrs. | |
| 2025/15 | रायभा | NSG-6 | RAI | 24 Hrs. | |
| 2025/16 | बाद | NSG-6 | BAD | 24 Hrs. | |
| 2025/17 | फरह | NSG-6 | FAR | 24 Hrs. | |
| 2025/18 | छलेसर | NSG-6 | CHLR | 24 Hrs. | |
| 2025/19 | पपरेरा | NSG-6 | PPEA | 24 Hrs. | |
| 2025/20 | कुबेरपुर | NSG-6 | KBP | 24 Hrs. | |
| 2025/21 | डींग | NSG-5 | DEEG | 24 Hrs. | |
| 2025/22 | वृंदावन रोड | NSG-6 | VEBD | 24 Hrs. | |
| 2025/23 | भांडई | NSG-6 | BHA | 24 Hrs. | |
| 2025/24 | बाह | NSG-6 | HAB | 24 Hrs. | |
| 2025/25 | उदीमोड़ | NSG-6 | UDMR | 24 Hrs. | |
| 2025/26 | नदबई | NSG-5 | NBI | 24 Hrs. | |
| 2025/27 | खेडली | NSG-5 | KL | 24 Hrs. | |
| 2025/28 | होडल | NSG-6 | HDL | 24 Hrs. | |
| 2025/29 | राधाकुंड | NSG-6 | RAKD | 24 Hrs. | |
| 2025/30 | मण्डावर महुवा रोड | NSG-5 | MURD | 12:00-24:00 Hrs. (सिर्फ) | |
| **नोटः- एक व्यक्ति केवल एक पाली एवं एक ही स्टेशन के लिए आवेदन कर सकता है।** | | | | | |
| 2025/31 | ईदगाह Counter No. 01.PF-01 / ईदगाह Counter No. 04.PF-01 | NSG-4 | IDH | प्लेटफार्म सं. 01 की तरफ☐ 00:00-12:00 ☐ 12:00-24:00 ☐ | प्लेटफार्म सं. 04 की तरफ☐ 00:00-12:00 ☐ 12:00-24:00 ☐ |
| **नोटः- एक व्यक्ति केवल एक पाली एवं एक ही स्टेशन के लिए आवेदन कर सकता है।** | | | | | |
| 2025/32 | कोसीकला | NSG-4 | KSV | 00:00-12:00 ☐ | 12:00-24:00 ☐ |

**(2) कार्यालय से आवेदन फॉर्म प्राप्त करने का पताः** आवेदनकर्ता द्वारा निर्धारित आवेदन फार्म तथा उसके साथ नियम एवं शर्तें एवं अन्य निहित विवरण मण्डल रेल प्रबंधक/वाणिज्य, उत्तर मध्य रेलवे/आगरा के कार्यालय से Rs. 1,000/- + 180 (18% GST) = Rs.1,180/- मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक - आगरा छावनी के कार्यालय में जमा कराने के पश्चात **दिनांक 28.05.2025** से किसी भी कार्य दिवस में **18.06.2025** तक **समय 17:00 बजे** तक प्राप्त किये जा सकते हैं आवेदन फार्म अहस्तांतरीण है इसकी कीमत वापस नहीं की जायेगी। **(3) कार्य अवधिः** रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या - 2018/TG-I/20/P/STBA Dated- 14.08.2024 के अनुसार NSG-05 & NSG-06 श्रेणी के स्टेशनों के लिए 03 वर्ष एवं रेलवे बोर्ड के पत्रांक संख्या- No.2018/TG-1/20/P/STBA New Delhi, दिनांक- 21.02.2025 के अनुसार NSG-04 के लिए **दिनांक 21.02.2026** तक रेलवे स्टेशनों पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति की जायेगी। **(4) आवेदन फार्म प्रस्तुत करने की तिथि व समयः** पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन फार्म **दिनांक 19.06.2025** को **समय 11:00 बजे** तक निविदा पेटी में डाले जायेगे उसके उपरान्त निविदा पेटी को सील कर दिया जायेगा। **(5) आवेदन फार्म/निविदा पेटी खोलने की तिथि एवं समयः** आवेदन पत्र **दिनांक 19.06.2025** को **समय 11:30 बजे** उपस्थित आवेदनकर्ताओं के समक्ष आवेदन फार्म/निविदा पेटी खोले जायेंगे तथा किसी कारणवश निविदा पेटी खोले जाने के दिनांक को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस में आवेदन पत्र जमा एवं खोले जाएंगे। **(6) आवेदन फार्म प्राप्त करने एवं खोलने का स्थानः** कार्यालय वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय- आगरा कैंट। **(7) वेबसाईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड जहाँ पूर्ण व्यौरा देखा जा सकता हैः** नोटीफिकेशन आवेदन फार्म तथा नियम एवं शर्तें उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट **https://ncr.indianrailways.gov.in** तथा भारत सरकार के पोर्टल **www.tenders.gov.in** पर भी उपलोड है। यदि आवेदन प्रपत्र वेबसाईट से डाउन लोड किये जाते हैं तो आवेदन कर्ता द्वारा आवेदन फार्म की कीमत Rs. 1,000/- + 180 (18% GST) = Rs.1,180/- का डी.डी. के रूप में, जो वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबंधक, उ.म.रे./आगरा के पक्ष में देय हो, आवेदन फार्म के साथ मूल रूप मे संलग्न करना आवश्यक हैं अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा। ऑफर की वैधता आवेदन खोलने की दिनाक से 90 दिन तक मानी जायेगी। उपरोक्त निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा। **(8)** रेल प्रशासन को यह अधिकार होगा की यह एक/या समस्त आवेदनों को बिना कारण बताये निरस्त कर सकता है। **924/25(A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

# करनाल में भव्य तरीके से मनाई महाराणा प्रताप जयंती

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की अनेक बड़ी घोषणाएं, असंध बाईपास के सुदृढ़ीकरण के लिए दिए 9 करोड़ रुपये, असंध में महाराणा प्रताप धर्मशाला बनवाने के लिए 21 लाख रुपये, कोहंड से असंध सड़क की स्पेशल रिपेयर के लिए 34 करोड़ 37 लाख रुपये की घोषणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**करनाल/राजकुमार प्रिंस**
हरियाणा में आज वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती को बड़े धूमधाम से मनाया गया, जिसमें सर्व समाज की भागीदारी रही। जिला करनाल के गांव सालवन में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने महाराणा प्रताप को नमन करते हुए कहा कि वे केवल योद्धा ही नहीं, बल्कि स्वाभिमान, शौर्य और बलिदान के जीवंत प्रतीक हैं। युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सालवन गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नाम मोहन सिंह के नाम पर करने की घोषणा की। असंध में महाराणा प्रताप धर्मशाला बनवाने के लिए 21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत सालवन द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने पर खेल स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा। असंध में एचएसवीपी का सेक्टर विकसित करने के संबंध में फिजिबिलिटी चैक करवाकर इसे विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने असंध ?विधानसभा क्षेत्र की 54 सड़कों, जिनकी लंबाई 186 किलोमीटर है, उनकी स्पेशल रिपेयर के लिए 88 करोड़ रुपये की घोषणा की। इसके अलावा, 16 अन्य सड़कों, जिनकी लंबाई 91.49किलोमीटर है, की भी स्पेशल रिपेयर करवाई जाएगी। साथ ही, 123 किलोमीटर लंबाई की 41 अन्य सड़कों को भी ठीक करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव सालवन से निकल रही ड्रेन को भी पक्का किया जाएगा। नायब सिंह सैनी ने असंध बाइपास के सुदृढ़ीकरण के लिए 9 करोड़ रुपये देने की घोषणा की। कोहंड से असंध रोड की स्पेशल रिपेयर के लिए 34 करोड़ 37 लाख रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि करनाल असंध रोड गांव जुंडला, जलमाणा में बाईपास के कार्य को भारत सरकार को भेज कर जल्द मंजूर करवाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने असंध विधानसभा क्षेत्र में सामुदायिक भवनों के निर्माण के लिए 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की । इसके अलावा, असंध विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए अलग से 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की।



## वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत - श्याम सिंह राणा

**कृषि** एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने समाज व राष्ट्र के लिए जो कार्य किए हैं, युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्य को निभाना च?ाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने अकबर के साथ कभी समझौता नहीं किया। महाराणा प्रताप के शौर्य का उदाहरण दुनिया के नेता देते हैं।

## भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर

**नायब** सिंह सैनी ने कहा कि आज जब हम भारतीय संविधान का 75वां वर्ष मना रहे हैं तो उसके मूल सिद्धांतों में स्वतंत्रता, समानता, न्याय और धर्मनिरपेक्षता को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। यह महाराणा प्रताप जैसे स्वराज के पुरोधाओं, अपने गौरवशाली अतीत, संघर्षशील स्वतंत्रता सेनानियों और लोकतांत्रिक मूल्यों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान और जय अनुसंधान के मंत्र के साथ, भारत दुनिया की महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

**जो समाज एवं राष्ट्र अपने महापुरुषों को याद करता है, वह समृद्धि और प्रगति की ओर होता है अग्रसर**

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो समाज एवं राष्ट्र अपने महापुरुषों, वीरों व शहीदों को याद करता है, उनका सम्मान करता है, वह सदा समृद्धि और प्रगति की ओर अग्रसर होता है।

# मुख्यमंत्री ने एलएनजेपी अस्पताल में तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया

उद्घाटन

अस्पताल में मेडिकल जेनेटिक्स वार्ड, न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग लैब और स्तनपान प्रबंधन यूनिट जैसी तीन नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को लोक नायक जय प्रकाश नारायण (एलएनजेपी) अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अस्पताल में मेडिकल जेनेटिक्स वार्ड, न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग लैब और स्तनपान प्रबंधन यूनिट जैसी तीन नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मौके पर दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि आज एलएनजेपी अस्पताल में तीन नई परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इसमें मेडिकल जेनेटिक्स वार्ड है। यह देश का चौथा और दिल्ली का पहला ऐसा वार्ड है। इस वार्ड में आनुवंशिक विकारों के साथ पैदा हुए बच्चों का इलाज किया जाएगा। डॉक्टर सिर्फ एक बूंद खून से आनुवंशिक विकार का पता लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि न्यूक्लिक एसिड टेस्टिंग लैब में डोनर के खून की जांच दो दिन में हो सकेगी। पहले इसमें 45 दिन का समय लगता था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्तनपान प्रबंधन यूनिट में नवजातों के लिए दूध की व्यवस्था की जाएगी। इसमें माताओं को स्तनपान के दौरान मदद और समर्थन प्रदान किया जाएगा। यह यूनिट स्तनपान के बारे में ज्ञान, प्रशिक्षण और संसाधन प्रदान करेगी। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित दिल्ली के संकल्प को पूरा करने की दिशा में दिल्ली सरकार लगातार आगे बढ़ रही है। मरीजों को एलएनजेपी अस्पताल में बेहतर इलाज, अच्छी मेडिकल सुविधा अब उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि जब हर नागरिक स्वस्थ होगा, तभी हमारा समाज और देश सशक्त बनेगा।

# उप महापौर ने राजेंद्र नगर क्षेत्र का किया निरीक्षण



सुविधाएं

नगर निगम की भाजपा सरकार दिल्ली के नागरिकों को हर संभव सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के उप महापौर जय भगवान यादव ने गुरुवार को मेगा सफाई अभियान के तहत सफाई व्यवस्था एवं नागरिक सुविधाओं का जायजा लेने के लिए राजेन्द्र नगर क्षेत्र का निरीक्षण किया। बड़ा बाजार रोड एवं पूसा रोड मुख्य मार्ग के निरीक्षण के दौरान उप महापौर जय भगवान यादव ने निगम अधिकारियों को क्षेत्र का अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण की वजह से नागरिकों को काफी परेशानी हो रही है और सफाई व्यवस्था में भी रूकावट आ रही है। उप महापौर ने अजमल खा रोड के गड्ढे को भरने व मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित करने की जरूरत है कि क्षेत्र में कहीं पर भी जल भराव ना हो। इसके साथ ही उन्होंने निगम अधिकारियों को खाने से सम्बंधित दुकानों के लाइसेंस की जाँच करने के और बिना लाइसेंस के चल रही दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। ताकि अवैध खानपान वाली दुकानों के कारण क्षेत्र में होने वाली अतिक्रमण की समस्या खत्म हो व नागरिकों के स्वास्थ्य का भी ख्याल रखा जा सके। उप महापौर जय भगवान यादव ने कहा कि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए नगर निगम की भाजपा सरकार दिल्ली के नागरिकों को हर संभव सुविधा प्रदान करने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद आरती चावला, करोलबाग क्षेत्र के उपायुक्त स्वेतिका सचान, अन्य निगम अधिकारी, आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधि व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।


# दिल्ली-एनसीआर में धूलभरी आंधी के बाद तेज बारिश



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने गुरुवार को पूरी दिल्ली में शाम 5:30 बजे से शाम 7:30 बजे तक तेज बारिश और तूफान का ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। अलर्ट के मुताबिक दिल्ली समेत एनसीआर के कई इलाकों में धूलभरी आंधी के बाद तेज बारिश हुई। विभाग ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के कारण यह बदलाव हो रहा है। बता दें कि गुरुवार को पूरे दिन दिल्ली के लोगों को झुलसाने वाली गर्मी ने परेशान किया। लोगों को खासी चुभन भरी गर्मी महसूस हुई। दिनभर आसमान साफ रहने व तेज धूप निकलने के कारण एनसीआर के लोगों का हाल बेहाल रहा। मौसम विभाग ने पहले ही 29 मई को यलो और 30 मई को बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, मध्य क्षोभमंडलीय पश्चिमी हवाओं में पश्चिमी विक्षोभ अपनी धुरी पर समुद्र तल से 5.8 किमी ऊपर बना हुआ है।

**एक सप्ताह से मध्यम श्रेणी में हवा बरकरार**

राजधानी में हवा की दिशा बदलने के चलते वायु गुणवत्ता एक सप्ताह से मध्यम श्रेणी में बरकरार है। ऐसे में गुरुवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 171 दर्ज किया। यह हवा की मध्यम श्रेणी है। इसमें बुधवार की तुलना में 20 सूचकांक की वृद्धि दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) का पूवार्नुमान है कि रविवार तक हवा मध्यम श्रेणी में ही बरकरार रहेगी। ऐसे में लोगों को प्रदूषित हवा से कुछ दिनों तक और राहत मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को हवा उत्तर-पश्चिम दिशा से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली। शुक्रवार को हवा उत्तर दिशा से 15 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती है। वहीं, शनिवार को हवा दक्षिण-पश्चिम दिशा से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चल सकती है।



## न्यूज फ्लैश

### नारायणगढ़ के राजकीय महाविद्यालयों में नए कोर्स शुरू होने पर जताया पवन सैनी का आभार



टीम एक्शन इंडिया/मनीष कुमार

**अम्बाला-नारायणगढ़/शहजादपुर:** पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी के अथक प्रयासों से नारायणगढ़ और शहजादपुर क्षेत्र के उच्च शिक्षा संस्थानों में नए पाठ्यक्रमों की शुरूआत की गई है। इस शैक्षणिक सत्र से राजकीय महाविद्यालय नारायणगढ़ में बी.बी.ए., बी.ए. (मेजर विद इंग्लिश), एम.एस.सी. कंप्यूटर साइंस और एम.ए. पॉलिटिकल साइंस जैसे कोर्स प्रारंभ हो गए हैं। वहीं, राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर में बी.एस.सी. (मेडिकल) और एम.ए. (साइकोलॉजी) की शुरूआत की गई है, जो विशेष रूप से क्षेत्र की छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा के नए द्वार खोलेंगे। इन कोर्सों की मंजूरी के लिए डॉ. पवन सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उच्चतर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से विशेष अनुरोध किया था। उनके सकारात्मक सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी है। डॉ. पवन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक धन्यवाद करते हुए कहा कि यह निर्णय क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शिक्षा के क्षेत्र में यह विकास युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल में आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करेगा। यह पहल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विस्तार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। बता दें कि नौ जून तक विद्यार्थी दाखिले के लिए ऑन लाइन आवेदन कर सकते है। नारायणगढ़ महाविद्यालय में नए कोर्स शुरू होने पर कॉलेज के इंचार्ज प्रोफेसर देवेंद्र ढींगरा ने कॉलेज के विद्यार्थियों व स्टॉफ की तरफ से डॉ. पवन सैनी का धन्यवाद किया।

### दहेज उत्पीड़न में महिला का गर्भपात, मामला दर्ज

**पानीपत।** पानीपत मॉडल टाउन थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली महिला के साथ जींद स्थित उसकी ससुराल में अत्याचार किया गया। नशे व सट्टे के आदी पति ने उसके आभूषण तक बेचकर सट्टे पर लगा दिए। मारपीट करने पर महिला का 5 सप्ताह का गर्भपात हो गया। मॉडल टाउन थाना पुलिस को दी शिकायत में महिला ने बताया कि उसकी शादी अक्टूबर 2024 में दीपक निवासी जींद के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही कम दहेज लाने पर पति ने अपने लिए बाइक, सास ने सोने की चेन और ससुर ने सोने की अंगूठी लाने की मांग की। जब उनकी बात मानने से इनकार किया तो उन्होंने उसके साथ मारपीट करने की। धमकी दी कि सामान लाने पर ही उसको घर में रहने दिया जाएगा। महिला ने जब आपबीती घर बताई तो पिता ने दीपक को घर बुलाकर 50 हजार रुपए नकद दिए और लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से विवाहिता के साथ वही सलूक किया जाने लगा। पति रोज रात को शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। पति ने उसकी चेन, बालियां और अंगूठी बेचकर पैसे सट्टे में लगा दिए। एक सुबह खाने में नमक ज्यादा होने की बात कहते हुए उसके साथ तीनों ने खूब मारपीट की। जिससे उसका 5 सप्ताह का गर्भपात हो गया। तब विवाहिता अपने घर गई, जहां पंचायत भी हुई। लेकिन आरोपियों ने दहेज देने पर ही घर बसाने की बात कही।

# तेपला में विकसित कृषि संकल्प अभियान का जोरदार शुभारंभ

### देश के 700 जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है

**कृषि**

साहा, शहजादपुर, अम्बाला 1 एवं 2, बराड़ा एवं नारायणगढ़ के 180 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान





टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अम्बाला छावनी स्थित केवीके तेपला में विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ हुआ। के.वी.के प्रभारी डा. उपासना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के 700 जिलों में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून, 2025 तक चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज विकसित कृषि संकल्प अभियान का शुभारम्भ हुआ है। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत अम्बाला जिले में भी साहा, शहजादपुर, अम्बाला 1 एवं 2, बराड़ा एवं नारायणगढ़ के 180 गांवों में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। वैज्ञानिकों की 4 टीमें गांव खेड़ा गन्नी, छज्जन माजरा, खेड़ा, पपलौथा, तलरेहड़ी गुजरान, ब्राहमण माजरा, खुडडा कलां, मंगलई, अद्भूमाजरा, अल्लादीन माजरा, आनन्दपुर जलबेहड़ा में पहुंची और उन्होंने वहां पर किसानों को उन्नत तकनीकें, नई किस्में, धान की सीधी बुवाई, फसल विविधिकरण, फार्म मशीनरी, प्राकृतिक खेती व सरकारी योजनाओं के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी ताकि किसान इन तकनीकों का प्रयोग करके अपनी फसलों की अच्छी पैदावार कर सके और मुनाफा कमा सकें। इस मौके पर केविके, कृषि विभाग, बागवानी, पशु-पालन विभाग, मत्स्य विभाग, केविके, अम्बाला शहर एवं महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान एवं केन्द्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान, करनाल के वैज्ञानिक एवं अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रमों में लगभग 516 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रमों को सफल बनाने में गांव के सरपंचों एवं प्रगतिशील किसानों की विशेष भूमिका रही।

## महाराणा प्रताप जयंती पर लगाई ठंडे व मीठे पानी की छबील




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था ने महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर एनजेपी सरकारी अस्पताल कुरुक्षेत्र के सामने लगाई मीठे पानी की छबील। कार्यक्रम में पूर्व चेयरपर्सन श्रीमती उमा सुधा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। हजारों यात्रियों, मरीजों और उनके सहायकों ने पिया ठंडा और मीठा जल। मुख्य अतिथि श्रीमती उमा सुधा ने संस्था के सभी सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि वे संस्था के हर पुनीत कार्य में संस्था के साथ हैं। संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया कि संस्था जनहित कार्य करती रहती है। संस्था अब तक लगभग सात हजार से भी ज्यादा मरीजों और उनके परिवारों की मदद कर चुकी है। मरीज को मेडिकल उपकरण, भोजन, बिस्तर, बर्तन, फल, दूध, खिचड़ी व चाय आदि की सेवा जारी है। इस अवसर पर संस्था के उपप्रधान नितेश मंगल, मिथुन समाना, गगनदीप, रोशन लाल बंसल,मंजू, सूरज कमल सेठ, श्रवण कुमार, मोहन नागरथ,

**समारोह**

जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था ने सरकारी अस्पताल के सामने लगाई मीठे पानी की छबील

## शौर्य चक्र में शामिल हुए मेजर आशीष दहिया ने गांव ककरोई में आयोजित समारोह में भाग लिया: कृष्णा



**टीम एक्शन इंडिया/राई।** राई विधायक कृष्णा गहलावत ने मेजर आशीष दहिया को शौर्य चक्र मिलने पर उनके अद्वितीय साहस और निस्वार्थ सेवा की प्रशंसा करते हुए बधाई दी । विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि बड़ी खुशी की बात है कि शौर्य चक्कर मिलने मेजर आशीष दहिया को उनके पैतृक गांव ककरोई में 1 जून को सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कृष्णा गहलावत ने कहा कि मेजर दहिया ने पुलवामा, जम्मू-कश्मीर में एक खतरनाक ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम दिया, जो उनकी बहादुरी का प्रमाण है। उनके इस कार्य ने न सिर्फ उनकी व्यक्तिगत उपलब्धियों को दर्शाया, बल्कि देश को गर्व महसूस कराया। राई विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि मेजर आशीष दहिया ने जून 2022 से अब तक पांच अत्यंत जोखिमपूर्ण अभियानों में भाग लिया है, जिसमें उन्होंने चार खूंखार आतंकियों को ढेर करने के साथ तीन आईईडी भी निष्क्रिय किए हैं। दो जून 2024 को पुलवामा में हुए एक विशेष ऑपरेशन में उन्होंने सूझबूझ, साहस दिखाया।

## विवादित जमीन को लेकर जाट सभा एवं स्कूल मैनेजमेंट की संयुक्त बैठक संपन्न

**भूमि विवाद**

मीटिंग में समाज के वह लोग भी शमिल थे जिन्होंने इस जमीन को श्री नाभि कमल मंदिर को दिया था।



बैठक हुई आयोजित
टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र में धन्ना भगत पब्लिक स्कूल के साथ लगती जमीन जिसके ऊपर जाट सभा और श्री नाभि कमल मंदिर का मामला चला हुआ है, उसको लेकर जाट सभा एवं धन्ना भगत स्कूल मैनजमेंट की महत्वपूर्ण बैठक जाट सभा के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द की अध्यक्षता में आयोजित हई। मीटिंग में समाज के वह लोग भी शमिल थे जिन्होंने इस जमीन को श्री नाभि कमल मंदिर को दिया था। मीटिंग में साफ-तौर पर कहा गया है कि विवादित जमीन जाट सभा कुरुक्षेत्र की है, जिसके लिए पूरा जाट समाज एकजुट है। जाट सभा के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द और धन्ना भगत स्कूल मैनेजमेंट के प्रधान जगतार काजल ने संयुक्त रूप से भू-माफिया को चतावनी दी है कि वह इस जमीन की ओर आंख उठाकर भी ना दखें। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत स्कूल के साथ लगती जमीन जाट सभा की है जिसके लिए आंदोलन चलाना पड़ा तो जाट समाज बड़े से बड़ा आंदोलन चलाने में भी किसी प्रकार का कोई गुरेज नहीं करेगा। बैठक में यह बात उभर कर सामने आई की जाट सभा (जाट धर्मशाला) कुरुक्षेत्र व धन्ना भगत स्कूल मैनेजमेंट यानी दोनों कमेटियां आपस में तालमेल बनाकर जाट धर्मशाला और धन्ना भगत स्कूल के विकास के लिए मिलजुल कर हर संभव प्रयास करेंगी। मीटिंग में जाट सभा के प्रधान डॉ कृष्ण श्योकन्द ने बताया कि एक जून को जाट सभा की मासिक बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें जाट धर्मशाला के विकास के लिए योजना तैयार की जाएगी। आज की मटिंग में जाट सभा और धन्ना भगत स्कूल मैनेजमेंट के सभी सदस्य प्रश्न मुद्रा में थे और सभी ने मिलजुलकर जाट संस्थाओं के लिए और जाट समाज के लिए बेहतरीन कर्य करने का संकल्प लिया।

## आज का विद्यार्थी भौतिकवादी प्रवृत्ति का बन चुका है : डा. मिश्र



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** शिक्षा में संस्कार का महत्व बहुत अधिक होता है। यह न केवल व्यक्ति के ज्ञान को बढ़ाता है, बल्कि उसके चरित्र, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों को भी विकसित करता है। संस्कार व्यक्ति को सही और गलत के बीच अंतर करना सिखाते हैं और उसे समाज में सही ढंग से रहने के लिए तैयार करते हैं। यह विचार मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा शिक्षा में संस्कार का महत्व विषय पर आयोजित परिचर्चा कार्यक्रम में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने व्यक्त किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती वंदना से हुआ। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा प्राचीन काल से ही भारत में संस्कारों का पाठ पढ़ाया जा रहा है। विद्यार्थी को सबसे पहले मातृदेवो भव, पितृदेवो भव, आचार्य देवो भव एवं अतिथि देवो भव की शिक्षा दी जाती थी, ताकि वह उम्र भर नेकी के रास्ते पर चल कर एक मर्यादित इंसान बने और अपने बड़ों का नाम रोशन करे, लेकिन आज की स्थिति बहुत गंभीर हो चुकी है। आज का विद्यार्थी भौतिकवादी प्रवृत्ति का बन चुका है। वह केवल पढ़ाई इसलिए करता है ताकि आने वाले समय में अपने जीवन में कुछ पैसे कमा सके। संस्कार उसको बाजारी शिक्षा से नहीं, बल्कि संस्कारों की शिक्षा से मिलेंगे और वह शिक्षा उसको अपने घर पर ही मिलेगी।

**संस्कार**

संस्कार बाजारी शिक्षा से नहीं, संस्कारी शिक्षा से मिलेंगे और वह शिक्षा उसको अपने घर पर ही मिलेगी।

## पानी को बचाने के लिए सभी नागरिक अपने घरों में करें छोटे-छोटे प्रयोग: कंवलजीत



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि पानी को बचाने के लिए सभी नागरिकों को अपने घरों में छोटे-छोटे प्रयोग करने चाहिए। ऐसा करके ही हम अपने आने वाली पीढ़ी को अच्छा उपहार दे पाएंगे। यदि जल बचाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया तो आने वाले समय में समस्या गंभीर हो सकती है। उन्होंने कहा कि अभी तक पीने का पानी तैयार करने का कोई विकल्प मानव के पास मौजूद नहीं है। इसलिए हम पानी को बना नहीं सकते हैं, लेकिन बचा तो सकते हैं। ऐसे में नागरिकों को आगे आने की जरूरत है। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर गत देर सांय को समग्र शिक्षा कार्यालय एवं जिला परिषद कुरुक्षेत्र के संयुक्त तत्वाधान में पंचायत भवन के सभागार में आयोजित जल शक्ति अभियान कैच दा रेन-2025 कार्यक्रम में प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित कर रही थी। जिला परिषद चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि पृथ्वी पर करीब 70 फीसदी हिस्से में जल है, लेकिन ये जल हम पीने के लिए प्रयोग नहीं कर सकते हैं। भूजल स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति ये बन गई है कि मौजूदा समय में पीने का पानी बोतलों में पैक होकर खरीदना पड़ रहा है। ये स्थिति और ज्यादा गंभीर ना हो, इसके लिए सभी को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

## 12 जुलाई को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकूला के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को किया जायेगा। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बाला के सचिव प्रवीण ने बताया की लोगों के लंवित मामलों का निपटारा करने के लिए समय समय पर लोक अदालतों का आयोजन किया जा रहा है, इसमें 12 जुलाई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लोक अदालत में वैवाहिक, पारिवारिक, आपराधिक, भूमि अधिग्रहण, श्रम विवाद, बैंक रिकवरी मामले निपटाये जायेंगे।

## मोटरसाईकिल चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र पुलिस ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी प्रिंस उर्फ पप्पू वासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार करके चोरीशुदा दो मोटरसाईकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीन फरवरी 25 को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में राहुल वासी खेडी मारकंडा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि एचडीएफसी बैंक में कार्यरत है। दो फरवरी को वह अपनी मोटरसाईकिल पर ड्यूटी आया था। उसने अपनी मोटरसाईकिल बैंक के बाहर खड़ी की थी। शाम को जब वह घर जाने लगा तो उसकी मोटरसाईकिल वहां नही मिली जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया है। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में मामला दर्ज करके जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को दी गई। 28 मई 25 अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग-निर्देश में मुख्य सिपाही अनिरुद्ध कुमार, उप निरीक्षक बलवंत सिंह, एसपीओ गुरदेव व होमगार्ड कुलदीप कुमार की टीम ने मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी प्रिंस उर्फ पप्पू वासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

**काबू**

मोटरसाईकिल चोरी करने के आरोपी प्रिंस उर्फ पप्पू वासी पेहवा जिला कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार किया

## महाराणा प्रताप जयंती पर रक्तदान कर दी गई श्रद्धांजलि




टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र:** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती पर श्री मैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला में 544 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। यह शिविर राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित, राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता, डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आयोजित किया गया। श्री मैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला के प्रधान राम कुमार, प्रबंधक राम कुमार और सलाहकार महावीर वर्मा ने सामूहिक रूप से शिविर का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में मानव मित्र मंडल के प्रधान और रोटी बैंक के वरिष्ठ उप प्रधान भारतेन्दु हरीश एवं प्रयास फाउंडेशन के प्रधान एवं रोटी बैंक के कोषाध्यक्ष नरेश सैनी मुख्य रूप से पधारे हुए थे जबकि प्रेरणा समिति हरियाणा के महासचिव डॉ. अरुण धीमान और समाजसेवी प्रशांत शर्मा विशिष्ट अतिथि रहे। 175 बार रक्तदान और 85 बार प्लेटलेट्स दे चुके शिविर संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का स्वागत किया और कहा कि आज का दिन भारत के इतिहास में गौरव का दिन रहा है जब भारत भूमि पर मेवाड़ रत्न, शौर्य, वीरता, स्वाभिमान और स्वतंत्रता एवं राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रतीक महाराणा प्रताप ने जन्म लिया। वे न सिर्फ एक महान योद्धा थे, बल्कि आत्मसम्मान और देश भक्ति की बेजोड़ मिसाल हैं। आज पूरा विश्व उनका स्मरण करता है। उनकी स्मृति में यह स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया है। शिविर में विकास कुमार, प्रशांत शर्मा, देवी लाल, नवीन वर्मा 37 वीं बार, कंवलजीत सिंह, राम कुमार, नरेश कुमार 36 वीं बार, साहिल वर्मा, रोबिन वर्मा, विपिन, जॉनी, विनोद कुमार, मदन लाल, महावीर वर्मा, प्रदीप कुमार, रमेश कुमार, पवन वर्मा सहित 18 युवाओं ने रक्तदान के माध्यम से महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर प्रधान राम कुमार, प्रबंधक राम कुमार, मुख्य सलाहकार महावीर वर्मा, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक राम किशन, पवन कुमार वर्मा, नरेंद्र वर्मा, सत्यनारायण वर्मा सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इसके अलावा जयप्रकाश अस्पताल कुरुक्षेत्र के रक्त केंद्र की प्रभारी डॉ. रमा मौजूद रहीं।

**रक्तदान**

वीर महाराणा प्रताप जयंती पर मैढ़ क्षत्रिय सुनार धर्मशाला में 544वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया

## नशा छुड़ाने को अंबाला पुलिस कर रही खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अम्बाला पुलिस द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जा रही है और इसके साथ-साथ जिला अम्बाला में नशे की रोकथाम, नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणामों बारे आम नागरिको विशेषकर युवाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान की भी शुरूआत की गई है, जिससे कि नागरिक विशेषकर युवा नशे से दूर रहकर अच्छे कार्यो में लगकर देश की उन्नति में भागीदार बनें। अम्बाला पुलिस द्वारा नशामुक्त अभियान के तहत बकेट चैलेंज, लोटा नमक व खेलकूद प्रतियोगिता लगातार चलाई जा रही है। जिसमें युवावर्ग बाल्टी में भरे गन्दे पानी को फेंकते हैं और लोटा में नमक डालकर नशा ना करने की शपथ लेते है व खेलकूद प्रतियागिता से जुड़कर नशा से दूर रहने की शपथ भी ली जाती है। तीनों कार्य दर्शाते हैं कि हम नशे को जड़ से खत्म करके समाज व देश को नशामुक्त बनाएं। इसी अभियान में 29 मई 2025 को प्रबन्धक थाना मुलाना के नेतृत्व में मुलाना पुलिस ने गाँव टंगेल पहुंचकर युवाओं के साथ क्रिकेट मैच खेलकर उन्हें नशे से दूर रहने बारे जागरूक करते हुए कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है। इस बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए हम सब की भागीदारी जरूरी है।

# निगम ने 134 एकड़ 1 कनाल 17 मरले कृषि योग्य भूमि को एक वर्ष के लिए दिया पट्टे पर

**बोली**

▶▶ बोली में इन गावों के 13 प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा 134 एकड़ एक कनाल 17 मरले था।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। नगर निगम में सम्मलित गांवों में उपलब्ध कृषि योग्य सरकारी जमीन को एक वर्ष क लिए ठेके पर दिया गया है। नगर निगम कार्यालय के सभागार में निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा द्वारा गठित कमेटी ने उचाना, फूसगढ़, झंझाडी, जरीफा विरान तथा कैलाश गावों की बोली करवाई। बोली में इन गावों के 13 प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा 134 एकड़ एक कनाल 17 मरले था। इनमें से गांव जरीफा विरान का छह एकड़ दो कनाल11 मरले के एक प्लॉट की बोली नहीं लगाई गई। शेष 12 प्लॉट से नगर निगम को 81 लाख 53 हजार 500 रुपये की रिकॉर्ड सालाना आय होगी। यह जानकारी देते निगमायुक्त ने बताया कि इस बार गांव फूसगढ़ का जनरल केटेगरी का एक प्लॉट जिसका कुल रकबा 12 एकड़ 3 कनाल 15 मरले है, को 12 लाख 90 हजार रुपये यानि प्रति एकड़ करीब एक लाख चार हजार रुपये में पट्टद्दे पर दिया गया है, जो कि अब तक की सर्वाधिक राशि है। इसके अतिरिक्त इसी गांव का ही एस.सी. केटेगरी का एक अन्य प्लॉट जिसका कुल रकबा चार एकड़ तीन कनाल सात मरले है, को 4 लाख 30 हजार रुपये यानि प्रति एकड़ करीब 1 लाख रुपये में पट्टद्दे पर दिया गया है। यह भी अब तक की सर्वाधिक राशि है। उन्होंने बताया कि बोली की कार्यवाही करीब 11 बजे शुरू हुई, जो सायं चार बजे तक चली। नगर निगम के सचिव बल सिंह ने बोली देने आए व्यक्तियों को शर्तें बताई। शर्तों के अनुसार बोली एक वर्ष के लिए अर्थात मई 2025 से अप्रैल 2026 तक प्रभावी रहेगी। भूमि में खड़े पेड़, डोल, सिंचाई के नलकूप, खाल इत्यादि व अन्य कोई भी भवन की रखवाली सम्बंधित सफल बोलीदाता को ही करनी होगी। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के नियमानुसार ही फसल की बुआई की जाएगी। फसल कटाई के बाद खेतों में बचे अवशेषों में आग नहीं लगाई जाएगी तथा किसी भी प्रकार की प्राकृतिक आपदा की स्थिति में नुकसान के जिम्मेवार वे स्वयं होंगे। उन्होंने बताया कि बोली में कुल 33 बोलीदाताओं ने भाग लिया। पहले बोलीदाताओं द्वारा 50 हजार रुपये की धरोहर राशि जमा करवाई गई। इसके बाद बोली की कार्यवाही प्रारम्भ हुई। सफल रहे 12 बोलीदाताओं की ओर से छह लाख रुपये की राशि नगर निगम में जमा करवाई गई। सफल बोलीदाताओं को शेष राशि एकमुश्त जमा करवाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। पूरी राशि जमा करवाने के बाद ही भूमि का कब्जा दिया जाएगा। बोली की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सबसे पहले गांव उचाना की बोली करवाई गई। इसमें पांच प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा 85 एकड़ सात कनाल दो मरले है, को 55 लाख 78 हजार 500 रुपये में पट्टद्दे पर दिया गया है। इस भूमि के तीन प्लॉट जनरल तथा दो प्लॉट एस.सी. केटेगरी के व्यक्तियों के पास गए हैं। इसके बाद गांव फूसगढ़ की भूमि की बोली करवाई गई। इसमें तीन प्लॉट शामिल थे, जिनका कुल रकबा 22 एकड़ एक कनाल दो मरले है, को 19 लाख 11 हजार रुपये में दिया गया है। इस भूमि के दो प्लॉट जनरल तथा एक प्लॉट एस.सी. केटेगरी के व्यक्ति के पास गए हैं। इसी प्रकार गांव कैलाश की भूमि की बोली में एक प्लॉट था, जिसका रकबा 6 एकड़ 5 कनाल 13 मरले है। यह 1 लाख 40 हजार रुपये में जनरल केटेगरी के व्यक्ति के पास गया है। गांव झंझाड़ी के 2 प्लॉट थे, जिनका कुल रकबा 5 एकड़ 6 कनाल 4 मरले है, को 3 लाख 75 हजार रुपये में दिया गया है।

# जल निकासी के लिए महत्वपूर्ण पुलिया को कंक्रीट का ढांचा बनाकर किया अवरुद्ध

**अवरुद्ध**

▶▶ पुलिया के ठीक सामने कंक्रीट का ढांचा बनाकर पाइप डाल दिए गए हैं, जो भारी बरसात में ब्लॉक हो सकते हैं



**टीम एक्शन इंडिया/धर्मवीर**

**यमुनानगर**। लेदी बिलासपुर रोड पर लेदी गांव के नजदीक बरसाती जल निकासी के लिए महत्वपूर्ण पुलिया को अस्थाई निर्माण कर अवरुद्ध कर दिया गया है। पुलिया के ठीक सामने कंक्रीट का ढांचा बनाकर पाइप डाल दिए गए हैं जो भारी बरसात में ब्लॉक हो सकते हैं। पाइप ब्लॉक होते ही आधा दर्जन से अधिक गांव में बरसाती पानी का जलस्तर बढ़ने से भारी तबाही मच सकती है। लोगों ने पुलिया के ठीक सामने प्लाटिंग कर रहे कॉलोनाइजर पर नियमों की परवाह किए बिना निर्माण कर लोगों के जान माल को संकट में डालने का आरोप लगाया है। पुलिया अवरुद्ध होने से लेदी, खानूवाला, चिंतपुर, मानकपुर, लल्हाडी कलां, लल्हाडी खुर्द, लोप्यौ, तिहानो आदि गांव में बरसात के सीजन में जल भराव की समस्या आ सकती है। पिछले बरसात सीजन में भी लेदी बिलासपुर रोड पर निकासी पुलिया अवरोध होने से लोगों को बाढ़ जैसी स्थिति का सामना करना पड़ा था, वहीं मानकपुर के एक किसान की भी जल भराव के कारण डूबने से मौत हो गई थी। स्थानीय निवासी जगदीश रामकुमार बलजिंदर सिंह जगदीप सिंह असलम खान आदि कहना है कि बरसात का सीजन सर पर आ गया है लोक निर्माण विभाग द्वारा अभी तक पानी के निकासी के लिए बनाई गई पुलियों और ड्रेनेज व्यवस्था की ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया है लेदी स्थित पुलिया पानी निकासी के लिए काफी महत्वपूर्ण है विभाग द्वारा जल्द से जल्द पुलिया के सामने से अवैध निर्माण को खुलवाना चाहिए साथ ही ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि बरसात के सीजन में स्थानीय लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। लोक निर्माण विभाग छछरौली द्वारा अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ छछरौली थाने में शिकायत दर्ज करवाई है निर्माण करने वालों को सूचित कर दिया गया है यदि तय समय सीमा में निर्माण को धवस्त नहीं किया गया तो विभाग द्वारा निर्माण अनुसार कार्रवाई अमल में लाई जाने की बात कही जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अमावस्या दिवस पर गौशाला में गौमाताओं को दो क्विंटल तरबूज, एक क्विंटल खीरा व 22 कट्टे चारे के खिलाए: दिलबाग सिंह



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

अमावस्या दिवस के अवसर पर गौभक्तों ने कामी रोड पर स्थित गौशाला में तरबूज,खीरा व हरा चारा गौमाताओं को खिलाया। अमावस्या दिवस पर ज्यादातर व्यक्ति चारा, दलिया खिलाते हैं। हमारी टीम ने गौमाताओं को दूसरी खाद्य वस्तु खिलाने का मन बनाया, जिससे कि तरबूज व खीरा खिलाया।

**गौमाताओं ने भी खाने का आनंद लिया**

दिलबाग सिंह व विकास कुमार गौभक्त ने संपूर्ण टीम का तहेदिल से धन्यवाद किया और कहा कि विशेष दिन की बजाय सामान्य दिनों में भी गौमाताओं की सेवा करनी चाहिए।

गीता हिंदी अध्यापिका व सुमन देवी ने संदेश दिया कि महिलाओं को खाना बनाते समय प्रथम रोटी गाय की व अंतिम रोटी कुत्ते की निकालनी चाहिए। ऐसे कार्य करने से घर में सुख शांति रहती है ।

इस अवसर पर पहलवान हवा सिंह पहलवान, राजू राजपूत, गणित विशेषज्ञ संजय कुमार, अध्यापक सतेवान, मास्टर सुरेंद्र कश्यप,पवन पालीवाल, अमरजीत और अर्पित सिंह सेवक उपस्थित रहे ।

### 20 वर्ष से पंचायती भूमि में मकान बनाकर रहने वाले पंचायत से घर अपने नाम करवायें रजिस्ट्री: सोनू भट्ट


**टीम इंडिया एक्शन/प्रदीप कुमार**

**कुरुक्षेत्र**। अतिरिक्त उपायुक्त सोनू भट्ट ने कहा कि पंचायती भूमि पर जिन ग्रामीणों ने 20 वर्षों से मकान का निर्माण करके अपनी रिहायशी बनाई हुई है। ऐसे परिवार सरकार की योजना के अनुसार वर्ष 2004 के कलेक्टर रेट पर पंचायत से अपने नाम रजिस्ट्री करवा सकते हैं। सरपंच को निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे सभी परिवारों के डाक्यूमेंट इकद्दे करके प्रक्रिया को अमल में लाया जाए। इसके लिए ग्रामीणों ने एडीसी को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि उनके पूर्वजों के समय से इन मकानों में रह रहे हैं, उनके पास बिजली बिल व अन्य पंचायत टैक्स की रसीद उनके पास हैं।

### फ्लिपकार्ट मिनट्स ने किया मात्र 9 रुपये में गुणवत्तापूर्ण ताजा सब्जियों की डिलीवरी का वादा

**नोएडा** । भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने आज फ्लिपकार्ट मिनट्स के लिए टीवी और डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर नया विज्ञापन अभियान शुरू किया। इस विज्ञापन फिल्म में मात्र 9 रुपये की शुरूआती कीमत पर ताजा सब्जियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने को केंद्र में रखा गया है। सुपरहिट बॉलीवुड मूवी 3 इडियट्स से प्रेरणा लेते हुए इसे खुशनुमा अंदाज में फिल्माया गया है। ग्रॉसरी के बढ़ते बिल और समय की कमी जैसी रोजाना की चिंताओं को सामने रखते हुए इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे फ्लिपकार्ट मिनट्स ने अच्छी गुणवत्ता वाली ताजा सब्जियों को कम समय में मंगाने का आसान रास्ता दिया है, वह भी मात्र 9 रुपये की शुरूआती कीमत में। इससे ग्राहकों को शानदार वैल्यू और सहूलियत मिलती है। इस कैंपेन को लेकर फ्लिपकार्ट मिनट्स के वाइस प्रेसिडेंट कबीर बिस्वास ने कहा, ह्यफ्लिपकार्ट मिनट्स के साथ हम रोजाना की जरूरत की चीजों को सुगम बना रहे हैं।

# साहिल की सफलता गन्नौर के लिए गर्व का क्षण: वीरेंद्र कादियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।**

खूबड़ू गांव में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कुरुक्षेत्र के सेक्टर 3 निवासी साहिल धनखड़ ने सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 245वीं रैंक हासिल की। उनके पैतृक गांव पहुंचने पर हल्का विधायक देवेंद्र कादियान के अनुज समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया। साहिल की सफलता पर उन्हें बधाई दी। साहिल के पिता बिजेंद्र धनखड़ ईटीओ हैं। समारोह में उन्हें भी सम्मानित किया गया।समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने कहा कि साहिल की सफलता गन्नौर के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि साहिल ने कठिन मेहनत और समर्पण से यह मुकाम हासिल किया। उनका लक्ष्य ऊंचा था, जिसे उन्होंने पूरा कर दिखाया। यह सफलता न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणा है।



## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ–2025

रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन स्पेशल एक्सप्रेस रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

| गाड़ी संख्या | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | आवृति | चलने के दिन | चलने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 04088 | नई दिल्ली | 15:50 | पटना जंक्शन | 08:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04087 | पटना जंक्शन | 10:00 | नई दिल्ली | 03:20 | | | 11.07.2025 तक |
| 04064 | नई दिल्ली | 09:30 | शेखपुरा | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04063 | शेखपुरा | 06:00 | नई दिल्ली | 01:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04066 | नई दिल्ली | 21:35 | सहरसा जंक्शन | 22:00 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04065 | सहरसा जंक्शन | 23:55 | नई दिल्ली | 23:30 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04022 | नई दिल्ली | 14:00 | गोरखपुर | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04021 | गोरखपुर | 07:00 | नई दिल्ली | 23:10 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04081 | नई दिल्ली | 23:45 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 11:40 | त्रि-साप्ताहिक | सोमवार, बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04082 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 21:20 | नई दिल्ली | 09:30 | | मंगल, गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04012 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | दरभंगा जंक्शन | 20:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04011 | दरभंगा जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 22:40 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04024 | दिल्ली जंक्शन | 19:30 | वाराणसी जंक्शन | 09:45 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04023 | वाराणसी जंक्शन | 18:35 | दिल्ली जंक्शन | 08:50 | | मंगल,शुक्र,रवि | 11.07.2025 तक |
| 04026 | दिल्ली जंक्शन | 23:05 | रक्सौल जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04025 | रक्सौल जंक्शन | 22:00 | दिल्ली जंक्शन | 17:45 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04018 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 04:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04017 | मुजफ्फरपुर जं | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04020 | आनंद विहार (ट) | 19:30 | बरौनी जंक्शन | 18:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04019 | बरौनी जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04070 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | राजगीर | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04069 | राजगीर | 21:45 | आनंद विहार (ट) | 19:00 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04096 | आनंद विहार (ट) | 04:59 | जयनगर | 05:20 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04095 | जयनगर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 08:10 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04098 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | सीतामढ़ी | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04097 | सीतामढ़ी | 03:45 | आनंद विहार (ट) | 01:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04094 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 10.07.2025 तक |
| 04093 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04207 | लखनऊ जंक्शन | 08:05 | नई दिल्ली | 18:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04208 | नई दिल्ली | 20:20 | लखनऊ जंक्शन | 06:35 | | सोमवार | 07.07.2025 तक |
| 04213 | अयोध्या कैंट | 18:20 | आनंद विहार (ट) | 06:00 | त्रि-साप्ताहिक | रवि,मंगल,गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04214 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | अयोध्या कैंट | 22:00 | | सोम,बुध,शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04687 | बनिहाल | 18:40 | बडगाम | 20:20 | सप्ताह में 06 दिन | शुक्रवार को छोड़कर | 03.06.2025 तक |
| 04688 | बडगाम | 08:35 | बनिहाल | 10:40 | | | 03.06.2025 तक |
| 04217 | वाराणसी जंक्शन | 06:25 | लखनऊ जंक्शन | 11:45 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 04218 | लखनऊ जंक्शन | 16:30 | वाराणसी जंक्शन | 21:50 | | | 30.06.2025 तक |
| 04219 | शाहगंज जंक्शन | 22:35 | अयोध्या धाम जंक्शन | 01:40 | प्रतिदिन | | 10.07.2025 तक |
| 04220 | अयोध्या धाम जंक्शन | 02:10 | शाहगंज जंक्शन | 04:40 | | | 10.07.2025 तक |
| 02270 | लखनऊ जंक्शन (वंदे भारत स्पेशल) | 14:15 | छपरा | 21:30 | सप्ताह में 06 दिन | मंगलवार को छोड़कर | 11.07.2025 तक |
| 02269 | छपरा (वंदे भारत स्पेशल) | 23:00 | लखनऊ जंक्शन | 06:30 | | | 11.07.2025 तक |
| 04604 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 18:15 | वाराणसी जंक्शन | 19:00 | साप्ताहिक | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04603 | वाराणसी जंक्शन | 05:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:00 | | मंगलवार | 08.07.2025 तक |
| 04206 | वाराणसी जंक्शन | 14:50 | चंडीगढ | 07:45 | साप्ताहिक | शनिवार | 05.07.2025 तक |
| 04205 | चंडीगढ़ | 09:30 | वाराणसी जंक्शन | 01:20 | | रविवार | 06.07.2025 तक |
| 04518 | बठिण्डा जंक्शन | 20:50 | वाराणसी जंक्शन | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04517 | वाराणसी जंक्शन | 20:40 | बठिण्डा जंक्शन | 17:00 | | मंगल, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04209 | लखनऊ जंक्शन | 20:45 | चंडीगढ | 07:55 | त्रि-साप्ताहिक | सोम,बुध,शुक्र | 09.07.2025 तक |
| 04210 | चंडीगढ | 10:20 | लखनऊ जंक्शन | 21:30 | | मंगल,गुरु,शनि | 10.07.2025 तक |
| 04503 | पटना जंक्शन | 22:45 | चंडीगढ | 23:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04302 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 13:00 | साप्ताहिक | मंगलवार | 15.07.2025 तक |
| 04301 | मुजफ्फरपुर जंक्शन | 15:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 14:20 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 04606 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 21:30 | गुवाहाटी | 20:20 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 30.05.2025 तक |
| 04605 | गुवाहाटी | 23:00 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 20:45 | | सोमवार | 02.06.2025 तक |
| 04610 | जम्मू तवी | 06:20 | वाराणसी जंक्शन | 05:10 | साप्ताहिक | गुरुवार | 09.07.2025 तक |
| 04609 | वाराणसी जंक्शन | 09:00 | जम्मू तवी | 07:45 | | शुक्रवार | 10.07.2025 तक |
| 04304 | योग नगरी ऋषिकेश | 15:20 | गोरखपुर | 06:20 | साप्ताहिक | शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04303 | गोरखपुर | 09:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 00:55 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04602 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 15:10 | पटना जंक्शन | 18:00 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनिवार | 12.07.2025 तक |
| 04601 | पटना जंक्शन | 20:50 | फिरोजपुर कैंट जंक्शन | 23:55 | | गुरु, रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04608 | अमृतसर जंक्शन | 20:10 | दरभंगा जंक्शन | 02:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04607 | दरभंगा जंक्शन | 04:00 | अमृतसर जंक्शन | 10:30 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04212 | सुल्तानपुर जंक्शन | 04:00 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 14:00 | साप्ताहिक | सोमवार | 23.06.2025 तक |
| 04211 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:35 | सुल्तानपुर जंक्शन | 23:00 | | मंगलवार | 24.06.2025 तक |
| 05559 | रक्सौल जंक्शन | 05:30 | उधना जंक्शन | 12:35 | साप्ताहिक | शनिवार | 26.07.2025 तक |
| 05560 | उधना जंक्शन | 15:35 | रक्सौल जंक्शन | 00:15 | | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 04058 | नई दिल्ली | 19:30 | सहरसा जं. | 19:50 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04057 | सहरसा जं. | 21:40 | नई दिल्ली | 23:30 | | बुध, शनि | 12.07.2025 तक |
| 04072 | दिल्ली जं. | 11:00 | दरभंगा जं. | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04071 | दरभंगा जं | 15:00 | दिल्ली जं. | 18:50 | | मंगल, शुक्र | 11.07.2025 तक |
| 04074 | आनंद विहार (ट) | 23:55 | जोगबनी | 07:30 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 11.07.2025 तक |
| 04073 | जोगबनी | 09:30 | आनंद विहार (ट) | 16:00 | | रविवार | 13.07.2025 तक |
| 04060 | नई दिल्ली | 09:30 | खोरधा रोड जं. | 17:05 | साप्ताहिक | शनिवार | 14.06.2025 तक |
| 04059 | खोरधा रोड जं. | 18:30 | नई दिल्ली | 00:30 | | रविवार | 15.06.2025 तक |
| 03255 | पटना जंक्शन | 22:20 | आनंद विहार (ट) | 18:35 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, गुरु | 02.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 03256 | आनंद विहार (ट) | 23:30 | पटना जंक्शन | 18:35 | | सोम, शुक्र | 03.01.2025 से अगले आदेश तक |
| 05049 | छपरा | 10:15 | अमृतसर जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05050 | अमृतसर जंक्शन | 17:45 | छपरा | 23:55 | | शनिवार | 08.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05305 | छपरा | 22:00 | आनंद विहार (ट) | 22:10 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, गुरु | 17.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05306 | आनंद विहार (ट) | 00:20 | छपरा | 22:50 | | बुध, शनि | 19.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05057 | गोरखपुर जंक्शन | 22:45 | दिल्ली जंक्शन | 12:50 | साप्ताहिक | गुरुवार | 06.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 05058 | दिल्ली जंक्शन | 14:00 | गोरखपुर जंक्शन | 06:25 | | शुक्रवार | 07.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01701 | जबलपुर | 19:40 | अयोध्या कैंट | 11:00 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01702 | अयोध्या कैंट | 13:30 | जबलपुर | 04:15 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 03309 | धनबाद जंक्शन | 10:10 | जम्मू तवी | 22:40 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 28.06.2025 तक |
| 03310 | जम्मू तवी | 23:30 | धनबाद जंक्शन | 13:00 | | बुध, रवि | 29.06.2025 तक |
| 02397 | गया | 14:15 | आनंद विहार (ट) | 07:10 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 02398 | आनंद विहार (ट) | 08:20 | गया | 00:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03257 | दानापुर | 07:30 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | साप्ताहिक | रविवार | 27.07.2025 तक |
| 03258 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | दानापुर | 20:45 | | सोमवार | 28.07.2025 तक |
| 03697 | गया | 14:15 | दिल्ली जंक्शन | 07:45 | सप्ताह में 6 दिन | रवि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 03698 | दिल्ली जंक्शन | 08:55 | गया | 00:30 | | सोम को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 05577 | सहरसा जंक्शन | 20:00 | आनंद विहार (ट) | 00:30 | सप्ताह में 5 दिन | गुरु, शनि को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 05578 | आनंद विहार (ट) | 05:15 | सहरसा जंक्शन | 10:30 | | शनि, सोम को छोड़कर | 02.07.2025 तक |
| 02393 | राजेंद्र नगर (ट) | 19:45 | नई दिल्ली | 12:10 | सप्ताह में 6 दिन | गुरुवार को छोड़कर | 30.06.2025 तक |
| 02394 | नई दिल्ली | 18:30 | राजेंद्र नगर (ट) | 10:00 | | शुक्र को छोड़कर | 01.07.2025 तक |
| 02877 | रांची | 23:55 | नई दिल्ली | 03:00 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 02878 | नई दिल्ली | 04:00 | रांची | 05:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05736 | कटिहार जंक्शन | 21:00 | अमृतसर जंक्शन | 09:45 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 05735 | अमृतसर जंक्शन | 13:25 | कटिहार जंक्शन | 23:45 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 09183 | मुंबई सेंट्रल | 22:50 | वाराणसी जंक्शन | 10:30 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09184 | वाराणसी जंक्शन | 14:30 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03223 | राजगीर | 06:05 | हरिद्वार जंक्शन | 06:05 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 03224 | हरिद्वार जंक्शन | 07:20 | राजगीर | 07:15 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 03221 | राजगीर | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03222 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 03:15 | राजगीर | 15:00 | | बुधवार | 02.07.2025 तक |
| 05742 | न्यू जलपाईगुड़ी | 13:40 | अयोध्या कैंट | 09:30 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 05741 | अयोध्या कैंट | 11:40 | न्यू जलपाईगुड़ी | 09:30 | | सोमवार | 30.06.2025 तक |
| 03311 | धनबाद जंक्शन | 23:50 | चंडीगढ | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 03312 | चंडीगढ | 06:00 | धनबाद जंक्शन | 09:00 | | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 05113 | छपरा | 15:45 | आनंद विहार (ट.) | 14:25 | साप्ताहिक | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 05114 | आनंद विहार (ट.) | 16:00 | छपरा | 14:00 | | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05301 | मऊ जंक्शन | 04:00 | अंबाला कैंट | 00:30 | साप्ताहिक | गुरुवार | 17.07.2025 तक |
| 05302 | अम्बाला कैंट | 01:40 | मऊ जंक्शन | 22:00 | | शुक्रवार | 18.07.2025 तक |
| 05193 | छपरा | 14:00 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 23:05 | साप्ताहिक | सोमवार | 14.07.2025 तक |
| 05194 | शहीद कप्तान तुषार महाजन | 00:10 | छपरा | 08:00 | | बुधवार | 16.07.2025 तक |
| 07363 | हुब्बल्ली जंक्शन | 20:30 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:30 | साप्ताहिक | सोमवार | 24.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 07364 | योग नगरी ऋषिकेश | 06:15 | हुब्बल्ली जंक्शन | 06:30 | | गुरुवार | 27.02.2025 से अगले आदेश तक |
| 01491 | पुणे | 17:30 | हजरत निजामुद्दीन | 18:10 | साप्ताहिक | शुक्रवार | 27.06.2025 तक |
| 01492 | हजरत निजामुद्दीन | 22:10 | पुणे | 23:55 | | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09101 | वडोदरा जंक्शन | 16:45 | हरिद्वार जंक्शन | 14:30 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 09102 | हरिद्वार जंक्शन | 16:45 | वडोदरा जंक्शन | 12:00 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07023 | चर्लपल्ली | 20:45 | हजरत निजामुद्दीन | 02:00 | साप्ताहिक | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 07024 | हजरत निजामुद्दीन | 04:00 | चर्लपल्ली | 06:30 | | मंगलवार | 01.07.2025 तक |
| 07621 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 08:45 | हजरत निजामुद्दीन | 14:00 | साप्ताहिक | शनिवार | 28.06.2025 तक |
| 07622 | हजरत निजामुद्दीन | 21:40 | हुजूर साहिब नांदेड़ | 00:35 | | रविवार | 29.06.2025 तक |
| 09309 | इंदौर जंक्शन | 17:00 | हजरत निजामुद्दीन | 05:00 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09310 | हजरत निजामुद्दीन | 08:20 | इंदौर जंक्शन | 21:00 | | शनि, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09003 | मुंबई सेंट्रल | 10:30 | दिल्ली जंक्शन | 10:00 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 09004 | दिल्ली जंक्शन | 13:05 | मुंबई सेंट्रल | 13:30 | | बुध, शनि | 28.06.2025 तक |
| 09425 | साबरमती | 17:20 | हरिद्वार जंक्शन | 17:00 | द्वि-साप्ताहिक | गुरु, रवि | 29.06.2025 तक |
| 09426 | हरिद्वार जंक्शन | 21:00 | साबरमती | 22:30 | | शुक्र, सोम | 30.06.2025 तक |
| 09603 | उदयपुर सिटी | 01:50 | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | 06:35 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 09604 | श्री माता वैष्णों देवी कटड़ा | 10:50 | उदयपुर सिटी | 13:55 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 01705 | जबलपुर | 15:45 | हरिद्वार जंक्शन | 13:50 | साप्ताहिक | बुधवार | 25.06.2025 तक |
| 01706 | हरिद्वार जंक्शन | 17:40 | जबलपुर | 17:50 | | गुरुवार | 26.06.2025 तक |
| 04050 | नई दिल्ली | 21:35 | ऐशबाग | 12:35 | द्वि-साप्ताहिक | शुक्र, रवि | 13.07.2025 तक |
| 04049 | ऐशबाग | 18:45 | नई दिल्ली | 11:00 | | शनि, सोम | 14.07.2025 तक |
| 04525 | सहारनपुर जं. | 04:40 | अम्बाला कैंट | 06:45 | प्रतिदिन | | 15.07.2025 तक |
| 04526 | अम्बाला कैंट | 20:20 | सहारनपुर जं. | 22:30 | | | 15.07.2025 तक |
| 04068 | नई दिल्ली | 14:00 | भागलपुर | 13:30 | द्वि-साप्ताहिक | रवि, बुध | 09.07.2025 तक |
| 04067 | भागलपुर | 14:30 | नई दिल्ली | 14:30 | | सोम, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04030 | आनंद विहार (ट) | 09:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:30 | द्वि-साप्ताहिक | मंगल, शनि | 08.07.2025 तक |
| 04029 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:15 | आनंद विहार (ट) | 03:10 | | बुध, रवि | 09.07.2025 तक |
| 04618 | अमृतसर | 20:10 | सहरसा जं. | 02:30 | द्वि-साप्ताहिक | सोम, मंगल | 08.07.2025 तक |
| 04617 | सहरसा जं. | 04:40 | अमृतसर | 14:00 | | बुध, गुरु | 10.07.2025 तक |
| 04520 | बठिण्डा जं. | 20:50 | वाराणसी | 17:30 | द्वि-साप्ताहिक | बुध, शनि | 09.07.2025 तक |
| 04519 | वाराणसी | 20:40 | बठिण्डा जं. | 17:00 | | गुरु, रवि | 10.07.2025 तक |
| 05219 | मुजफ्फरपुर जं. | 13:30 | आनंद विहार (ट) | 10:00 | साप्ताहिक | शनि | 19.07.2025 तक |
| 05220 | आनंद विहार (ट) | 12:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 09:45 | | रवि | 20.07.2025 तक |
| 05447 | पीलीभीत जं. | 12:10 | शाहजहाँपुर | 13:50 | प्रतिदिन | | 30.06.2025 तक |
| 05448 | शाहजहाँपुर | 14:35 | पीलीभीत जं. | 16:30 | | | 30.06.2025 तक |
| 05283 | मुजफ्फरपुर जं. | 06:30 | आनंद विहार (ट) | 05:00 | साप्ताहिक | शुक्र | 27.06.2025 तक |
| 05284 | आनंद विहार (ट) | 07:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 04:50 | | शनि | 28.06.2025 तक |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी अन्य जानकारी जैसे मार्ग में पड़ने वाले स्टेशन एवं उनकी विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संपादकीय

# गुरु अर्जन देव के विचारों में जीवन-दर्शन की झलक


**गुरु** परंपरा की महिमा अपार है। भारतीय सनातन संस्कृति में गुरु का स्थान अत्यंत पूज्य माना गया है। इसी गौरवशाली परंपरा में सिख धर्म के पंचम गुरु अर्जन देव जी का स्थान विशिष्ट है। 30 मई को उनका शहीद दिवस है। उनके विचारों में संपूर्ण जीवन-दर्शन की झलक है। उन्होंने अपने जीवन और विचारों के माध्यम से संपूर्ण मानव जाति को सत्य, सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। गुरु अर्जन देव न केवल धार्मिक संत, बल्कि महान समाज सुधारक, कुशल संगठक और ज्ञान के अद्वितीय स्रोत थे। उन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मानवता की सर्वोच्चता को महत्व दिया। वे सभी धर्मों का सम्मान करते थे और बिना किसी भेदभाव के सभी की सहायता और सेवा करते थे। उनके पास दूर-दूर से विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग ज्ञान, शांति और मार्गदर्शन की खोज के लिए पहुंचते थे। एक बार एक श्रद्धालु उनके पास पहुंचा और अत्यंत भावुक होकर कहने लगा कि गुरुजी, आपकी संगति में रहकर मैंने जीवन का सच्चा मार्ग जाना है। अब मैं लड़ाई-झगड़ों से दूर रहता हूं, सत्य के मार्ग पर चलता हूं और लोगों से प्रेम करता हूं, इसीलिए अब लोग भी मुझसे स्नेह करने लगे हैं। पहले कोई मेरा चेहरा तक नहीं देखना चाहता था लेकिन अब सभी मुझसे स्नेहपूर्वक मिलते हैं। यह सुनकर गुरु अर्जन देव मुस्कराए और बोले कि यदि समस्त मानव जाति इस सत्य का बोध कर ले तो यह संसार स्वर्ग बन जाएगा। उस श्रद्धालु ने स्वर्ण मुद्राओं से भरी एक थैली निकालकर गुरु जी की ओर बढ़ाई और आग्रहपूर्वक कहा कि मैं आपको यह भेंट देना चाहता हूं। उन्होंने विनम्रतापूर्वक स्वर्ण मुद्राएं लेने से मना कर दिया और कहा कि ज्ञान अनमोल होता है, उसका कोई मूल्य नहीं होता। यह निःस्वार्थ और निःशुल्क दिया जाता है। श्रद्धालु ने फिर भी आग्रह किया कि यह ज्ञान की कीमत नहीं बल्कि उसकी श्रद्धा का प्रतीक है। इस पर गुरु अर्जन देव ने कहा कि यदि तुम सचमुच कुछ देना ही चाहते हो तो इस ज्ञान को दुनिया में बांटो क्योंकि ज्ञान प्रसाद की भांति होता है और इसका वितरण ही इसकी सच्ची पूजा है। श्रद्धालु यह सुनकर भावविभोर हो गया और गुरु जी के चरणों में नतमस्तक होकर बोला कि आज आपने मुझे जीवन का सबसे बड़ा सत्य बता दिया। गुरु अर्जन देव का जीवन अनेक शिक्षाप्रद प्रसंगों से भरा है। एक बार बाला और कृष्णा नामक दो पंडित गुरु अर्जन देव के पास आए और बोले कि महाराज! हम कथा सुनाकर दूसरों को आत्मिक शांति तो देते हैं लेकिन स्वयं हमारे मन को शांति नहीं मिलती। हम क्या करें? गुरु अर्जन देव ने उन्हें बहुत सरल लेकिन गहन उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि जब तक तुम कथा वाचन को धन प्राप्ति का माध्यम समझकर करते रहोगे, तब तक तुम्हारा मन कभी शांत नहीं हो सकता। जब तक कर्म में निष्काम भाव नहीं होगा, तब तक आत्मिक शांति मिलना असंभव है। उन्होंने पंडितों से कहा कि कथा करते समय अपने मन को शुद्ध करो, कथा को परमात्मा की उपस्थिति में किया गया एक पवित्र कार्य मानो और जो उपदेश दूसरों को देते हो, उसे स्वयं भी जीवन में उतारो। यही वह मार्ग है, जिससे तुम्हारा चंचल और अशांत मन भी सच्ची शांति का अनुभव करेगा।

# मोदी सरकार ने किसानों की बात बनाई है

**प्रो. आरके जैन**

> "इस योजना के तहत, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को 7% की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख तक का अल्पकालिक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को 3% अतिरिक्त ब्याज छूट मिलेगी, जिससे प्रभावी ब्याज दर मात्र 4% रह जाएगी। पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्रों के लिए 2 लाख तक के ऋण पर भी यह लाभ लागू है। इस योजना पर 15,640 करोड़ रुपये का निवेश दशार्ता है कि सरकार किसानों की आर्थिक जरूरतों के प्रति कितनी संवेदनशील है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक केसीसी खातों के साथ, यह योजना लाखों किसानों के लिए वित्तीय सुरक्षा का कवच बन रही है। यह केवल ऋण देना नहीं, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का एक मिशन है। समय पर ऋण चुकाने की प्रोत्साहन राशि न केवल वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देती है"

**जब** देश के करोड़ों किसानों की आंखों में भरोसे की लौ जलती है और उनके होंठों पर मुस्कान खिलती है, तो समझिए कि देश की बागडोर उन हाथों में है जो सिर्फ कुर्सी नहीं, ज़िम्मेदारी संभालते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया है कि किसान कल्याण उनके लिए महज एक नारा नहीं, बल्कि एक पवित्र संकल्प है, जिसे वे हर सांस के साथ निभा रहे हैं। हाल ही में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिए गए फैसले न केवल किसानों के लिए एक तोहफा हैं, बल्कि भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का एक साहसिक दस्तावेज हैं। 2025-26 के खरीफ विपणन सत्र के लिए 14 फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में 50 फीसदी तक की अभूतपूर्व वृद्धि और ब्याज सहायता योजना की निरंतरता ने यह साबित कर दिया है कि मोदी सरकार का हर कदम किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि के लिए है। यह लेख उस ऐतिहासिक प्रयास को नमन है, जो भारत के खेत-खलिहानों को आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण का नया सूरज दिखा रहा है। मोदी सरकार ने खरीफ विपणन सत्र 2025-26 के लिए 14 प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में भारी वृद्धि को मंजूरी दी है, जिसका अनुमानित वित्तीय प्रभाव 2.07 लाख करोड़ रुपये है। यह कोई साधारण फैसला नहीं, बल्कि भारत के कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने वाला एक क्रांतिकारी कदम है। धान, जो भारत की रसोई का आधार है, इसका एमएसपी 3 प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 प्रति क्विंटल (सामान्य धान) और 2,389 प्रति क्विंटल (ग्रेड-ए धान) कर दिया गया है। यह वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में 69 प्रति क्विंटल की है, जो किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाने का एक ठोस प्रयास है। दालों और तिलहन की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। अरहर का एमएसपी 450 की बढ़ोतरी के साथ 8,000 प्रति क्विंटल, उड़द का 400 की वृद्धि के साथ 7,800 प्रति क्विंटल, और मूंग का 86 की बढ़त के साथ 8,768 प्रति क्विंटल निर्धारित किया




गया है। इसके अलावा, नाइजरसीड, रागी, कपास और तिल जैसी फसलों के एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि देखी गई है, जो सरकार की उस नीति को दशार्ता है जो दालों, तिलहन और पोषक अनाजों को प्रोत्साहन दे रही है। यह केवल आंकड़ों की बात नहीं, बल्कि उन लाखों किसानों के आत्मसम्मान की कहानी है, जिनके लिए खेती सिर्फ आजीविका नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। यह वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 के उस ऐतिहासिक वादे का परिणाम है, जिसमें सरकार ने एमएसपी को उत्पादन लागत का कम से कम 1.5 गुना करने का संकल्प लिया था। बाजरा (63%), मक्का और तुअर (59%), और उड़द (53%) जैसी फसलों के लिए लागत पर उच्च मार्जिन सुनिश्चित करना इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार न केवल वादे करती है, बल्कि उन्हें हकीकत में बदलने का जज्बा भी रखती है। यह नीति न केवल आर्थिक लाभ देगी, बल्कि फसल विविधीकरण को बढ़ावा देकर भारत को तिलहन और दालों में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक मजबूत कदम है।
मोदी सरकार की दूरदर्शिता केवल एमएसपी तक सीमित नहीं है। खेती के लिए पूंजी की आवश्यकता को समझते हुए सरकार ने संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआईएसएस) को 2025-26 तक जारी रखने का फैसला किया है। इस योजना के तहत, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से किसानों को 7% की रियायती ब्याज दर पर 3 लाख तक का अल्पकालिक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों को 3% अतिरिक्त ब्याज छूट मिलेगी, जिससे प्रभावी ब्याज दर मात्र 4% रह जाएगी।
पशुपालन और मत्स्य पालन जैसे संबद्ध क्षेत्रों के लिए 2 लाख तक के ऋण पर भी यह लाभ लागू है। इस योजना पर 15,640 करोड़ रुपये का निवेश दशार्ता है कि सरकार किसानों की आर्थिक जरूरतों के प्रति कितनी संवेदनशील है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक केसीसी खातों के साथ, यह योजना लाखों किसानों के लिए वित्तीय सुरक्षा का कवच बन रही है। यह केवल ऋण देना नहीं, बल्कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का एक मिशन है। समय पर ऋण चुकाने की प्रोत्साहन राशि न केवल वित्तीय अनुशासन को बढ़ावा देती है, बल्कि किसानों के बीच विश्वास भी जगाती है कि सरकार उनके साथ हर कदम पर खड़ी है।
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व एक ऐसी मशाल है, जो न केवल रास्ता दिखाती है, बल्कि उस रास्ते पर चलने की हिम्मत भी देती है। उनकी सरकार ने बार-बार साबित किया है कि किसान उनके लिए केवल मतदाता नहीं, बल्कि देश की प्रगति का आधार हैं। चाहे वह एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि हो, ब्याज सहायता योजना हो, या फिर किसान सम्मान निधि जैसे कदम, हर नीति में किसानों के प्रति एक गहरी प्रतिबद्धता झलकती है। यह सरकार वह नहीं जो सिर्फ घोषणाएं करती हो; यह वह सरकार है जो खेतों की मिट्टी में विश्वास बोती है और किसानों के चेहरों पर मुस्कान लाती है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने ठीक ही कहा, पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गई है। यह एक दशक का वह सुनहरा सफर है, जिसमें किसानों की आय दोगुनी करने का सपना हकीकत की ओर बढ़ रहा है। मोदी सरकार के इन फैसलों का असर केवल आर्थिक आंकड़ों तक सीमित नहीं है। यह भारत के उस किसान की कहानी है, जो अब अपने श्रम का उचित मूल्य पाकर गर्व महसूस करता है। यह उस ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कहानी है, जो अब सिर्फ जीवित नहीं रह रही, बल्कि फल-फूल रही है। यह उस नए भारत की कहानी है, जहां खेतों से लेकर कारखानों तक, हर क्षेत्र में प्रगति की लहर दौड़ रही है। जब एक किसान अपने खेत में हल चलाता है, तो वह सिर्फ फसल नहीं बोता, वह देश की प्रगति का बीज बोता है। मोदी सरकार ने उस बीज को पनपने का अवसर दिया है – उचित मूल्य, सस्ता ऋण, और अटूट विश्वास के साथ। यह केवल नीतियां नहीं, बल्कि एक नया भारत बनाने का संकल्प है। एक सलाम उस नेतृत्व को आज जब देश का किसान अपनी मेहनत का सही मूल्य पाता है, तो उसकी आंखों में भरोसा और होंठों पर मुस्कान होती है। यह भरोसा और यह मुस्कान ही मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह नेतृत्व नायाब है, अद्वितीय है, और भारत की आत्मा से गहराई से जुड़ा हुआ है। यह वह सरकार है जो न केवल शासन करती है, बल्कि देशवासियों के सपनों को जीती है। भारत का किसान आज गर्व से कह सकता है – मेरी मेहनत का मोल अब देश की नींव है। और इस नींव को मजबूत करने के लिए, नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार को देश का सलाम।

## कविता

### प्रभु साथ दो मेरा

प्रभु साथ दो मेरा'
जहां भी हो अंधेरा
राह में सदा की
सदैव साथ हो तेरा'

जहां लोभ का डेरा
पथ में न्याय के
चलूं मैं अकेला
प्रभु साथ दो मेरा'

वासना के प्रबल
आंधी तूफान मचल-मचल
सदैव करते मुझे निर्बल
प्रभु साथ दो मेरा।

रोता है मन मेरा
शिशु सा भोला, निर्मल
पानें को बार-बार
मां की ममता अपार।

प्रभु लगा दो पार
नाव पड़ी मझधार
हर सांस के संग मेरी
प्रभु कृपा हो तेरी।

संजीव

## मेडिकल टूरिज्म बाजार का लगातार हो रहा विस्तार

**-डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**मेडिकल** टूरिज्म के जरिए विदेशी मरीज इलाज के लिए भारत आते हैं। इससे देश का आर्थिक विकास तेज होगा। विदेशी मरीजों को आकर्षित करने के लिए अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं में लगातार सुधार किया जाता है, जिसका फायदा भारतीय मरीजों को भी मिलेगा। मेडिकल टूरिज्म के बढ़ने से अस्पतालों, होटलों, ट्रैवल कंपनियों, ट्रांसपोर्ट और गाइड सेवाओं में रोजगार के नए अवसर पैदा होते हैं। भारत योग, आयुर्वेद और सस्ते लेकिन उच्च गुणवत्ता वाले इलाज के लिए प्रसिद्ध है। न्यू इंडिया के साथ आधुनिक तकनीक को अपना रहा हमारा देश कई मामलों में विकसित देशों को पीछे छोड़ चुका है। मेडिकल भी एक ऐसा ही सेक्टर हैं, जिसे कोरोना काल के बाद से वैश्विक स्तर पर बड़ी पहचान मिल रही है। मोदी सरकार की विजनरी नीतियां बड़ी वजह बन रही हैं कि पिछले कुछ वर्षों में दूसरे देश से इलाज कराने के लिए भारत आने वाले लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ गई है।
सीडीसी की एक रिपोर्ट बताती है कि मेडिकल टूरिज्म में ज्यादातर लोग कॉस्मेटिक सर्जरी, फर्टिलिटी ट्रीटमेंट, डेंटल केयर, ऑर्गन और टिश्यू ट्रांसप्लांटेशन और कैंसर का इलाज करवाते हैं। इनमें से तमाम सर्जरी का इलाज पश्चिमी देशों की तुलना में भारत में कम है। तकनीकी रूप से भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां बेहतर टेक्नोलॉजी से लैस अस्पतताल, कुशल डॉक्टर्स व लाखों की संख्या में प्रशिक्षित नर्स हैं। भारत में इन्फनर्टिलिटी के उपचार की लागत विकसित देशों की तुलना में एक चौथाई है। आईवीएफ और एआरटी सेवाओं ने भारत को इन्फरर्टिलिटी के उपचार के लिए पहली पसंद बना दिया है। विशेषज्ञ डॉक्टर और ई-मेडिकल वीजा जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं, जो इसे एशिया में सबसे तेजी से बढ़ रहे चिकित्सा पर्यटन स्थलों में से एक बनने में मदद कर रही हैं। केंद्र सरकार देश को चिकित्सा पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। पर्यटन मंत्रालय भारत को विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पर्यटन के क्षेत्र में समग्र रूप से विस्तार दे रहा है। देश में वर्तमान समय में संचालित की जा रही विभिन्न गतिविधियों के भाग के रूप में चिकित्सा पर्यटन सहित भारत के विभिन्न पर्यटन स्थलों एवं उत्पादों को बढ़ावा दिया जाता है। भारत किस तेजी से पसंदीदा मेडिकल टूरिज्म डेस्टिनेशन बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि पिछले साल ही भारत का मेडिकल टूरिज्म बाजार 85 हजार करोड़ रूपए तक पहुंचा है। इससे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार के नित नए अवसर मिल रहे हैं। मेडिकल टूरिज्म बाजार सालाना 12 फीसदी की दर से बढ़ रहा है। इस गति से हम आगे बढ़ते रहे तो 2034 तक यह सालाना 4.27 लाख करोड़ से ऊपर पहुंच सकता है।

## विचार

# हम नहीं देख पाए, वो अब भी गा रहे थे

**प्रियंका सौरभ**

शहर की चमचमाती सड़कों, ऊंची इमारतों और बंद खिड़कियों के पीछे जब हम जीवन को व्यस्तताओं की कैद में जी रहे होते हैं, तब कहीं दूर गांवों की बाल्कनियों में जीवन अब भी खुले आकाश के नीचे साँस ले रहा होता है। वहां सुबहें अब भी चिड़ियों की चहचहाहट से शुरू होती हैं, दोपहरें कोयल की तान से सजी होती हैं, और रातें उल्लुओं की टेर में गूंजती हैं। यह लेख उन्हीं स्मृतियों और अनुभवों की यात्रा है – एक गांव की बाल्कनी में बैठकर महसूस की गई उस दुनिया की, जो कभी हमारी थी, लेकिन जिसे हमने शहर के शोर में कहीं खो दिया। जब मैं हाल ही में गांव आई, तो एक शाम अपनी बाल्कनी में बैठी थी। अचानक एक चिड़िया ने ध्यान खींचा। वो जानी-पहचानी सी लगी – भूरे और सफेद रंग की, फुतीर्ली और बेहद चंचल। उसे देखते ही जैसे मन के किसी कोने से आवाज आई – "धौर्ईया!" हाँ, यही तो कहते थे हम बच्चे जब नानी के घर आया करते थे। गर्मियों की छुट्टियों में जब पूरा कुनबा गांव में इकट्ठा होता, तो आंगन में बैठकर हम सब बच्चे इन्हीं चिड़ियों के पीछे भागते, उन्हें दाना डालते, और उनके नामों पर बहस करते। "ये गौरैया नहीं, धौर्ईया है," मेरा चचेरा भाई अकड़कर कहता। शहर में रहते हुए पक्षियों की पहचान ही सीमित हो जाती है। कौए, कबूतर, तोते और कभी-कभार गौरैया – बस यही दिखाई देते हैं। लेकिन यहां गांव में जैसे किसी भूली-बिसरी किताब के पन्ने फिर से खुल गए हों। मेरी बाल्कनी के सामने ही एक पेड़ है, जिस पर सुबह-सुबह मैना और बुलबुल आती हैं। दूर खेतों में मोर नाचते हैं, और उनकी कूक जैसे किसी पारंपरिक संगीत का हिस्सा हो। नीलकंठ की एक झलक भी दिखती है, और वो नीला रंग आंखों को ताजगी देता है। टिटहरी की टिट-टिट, जलमुर्गी की फुर्ती, कोयल की कुहू-कुहू, और तितर की दौड़ – ये सब मिलकर एक ऐसी सजीव दुनिया रचते हैं जिसे शहरों में हमने कभी ठीक से जाना ही नहीं। शहरों की भीड़ में रहते हुए हम जैसे संवेदना शून्य होते चले जाते हैं। वहां सुबह मोबाइल अलार्म से होती है, यहां मुर्गे की बांग से। वहां हवा एसी की होती है, यहां आम के पेड़ की। वहां आसमान धुंध से भरा होता है, यहां पक्षियों की उड़ान से। रात के सन्नाटे में जब गांव में दो उल्लू नियमित रूप से आकर एक पुराने नीम के पेड़ पर बैठते हैं, तो एक अलग ही एहसास होता है। शहर में उल्लू शब्द एक अपमान या अंधविश्वास से जुड़ा होता है, लेकिन यहां वो जैसे रात के शिक्षक हों – प्रकृति का संतुलन बनाए रखने वाले मौन प्रहरी। जब मैंने अपनी नानी से पूछा कि इस चिड़िया को धौर्ईया ही कहते थे न, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए सिर हिलाया, "हाँ बिटिया, यही तो है। अब ये शहरों में कहां दिखती है। तुम लोग ही कहां रहते हो वहां, जो देख पाओगे।" इस बात ने भीतर तक झकझोर दिया। क्या सचमुच ये पक्षी विलुप्त हो रहे हैं, या हम ही उन जगहों से विलुप्त हो गए हैं जहां जीवन और प्रकृति एकसाथ सांस लेते हैं? गांव की यह बाल्कनी एक खिड़की बन गई थी – केवल बाहर देखने की नहीं, बल्कि अपने भीतर झांकने की। मुझे याद आने लगीं नानी की कहानियाँ, वो दोपहरें जब पेड़ की छांव में बैठकर चिड़ियों के घोंसलों को निहारा करते थे, वो मटर के खेत जिनमें तीतर भागते थे, और वो पोखर जहां जलमुर्गियाँ अपने बच्चों के साथ तैरती थीं। हमारी पीढ़ी ने मोबाइल की स्क्रीन पर बर्ड इमोजी तो देखी, लेकिन उनके असली रंग नहीं। हमने गूगल पर बर्ड कॉल्स सुने, लेकिन कभी खुले आसमान के नीचे बैठकर चिड़ियों की सुबह की सभा नहीं देखी। गांव आकर यह एहसास हुआ कि हमारी भागदौड़ में हमने वो सब पीछे छोड़ दिया है, जिसे देखकर हमारी आत्मा मुस्कुराया करती थी। पक्षी केवल उड़ने वाले प्राणी नहीं हैं, वो हमारे अतीत के हिस्से हैं। हमारे लोकगीतों, कहानियों, और भावनाओं में बसे हुए साथी हैं। "कागा सब तन खाइयो, चून-चून खइयो मांस" – कबीर के इस दोहे से लेकर मीराबाई की कोयल और तुलसी की चातक तक, हर पक्षी हमारी संस्कृति का अनिवार्य हिस्सा रहा है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# सफलता-असफलता के बीच का संतुलन, प्रयास

आकस्मिक बड़ी सफलता एवं भारी असफलता आदमी पचा नहीं पाता मानसिक संतुलन बिगड़ने की संभावना बढ़ जाती है। सफलता तो फिर भी व्यक्ति खुशी से आत्मसात कर लेता है पर असफलता को झेलने के लिए आत्मविश्वास,मनोबल की परम आवश्यकता होती है' असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दर्शाती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी स्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है। शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

**दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,**
**लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।**

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा।
जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है।

## अमेरिका की छात्र वीजा पर रोक

**किशन सनमुखदास**

**वैश्विक** स्तरपर पूरी दुनियाँ का हर देश यह महसूस कर रहा है कि, डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिका के राष्ट्रपति चुने जाने से वे अपने चुनाव प्रचार में किए गए वादों को पूर्ण करने में तेजी से जुटे हुए हैं,अगर हम ट्रंप के चुनावी प्रचार की करीब-करीब हर सभा को देखें तो उसमें उन्होंने अमेरिकी फर्स्ट, टैरिफ, यूक्रेन-रूस युद्ध विराम, हमास-इजरायल युद्ध विराम सहित अनेको ऐसे वादे किए थे जो अमेरिका को फिर नंबर वन पर लाने में सहायक सिद्ध होंगे। पूरी दुनियाँ देख रही है कि ट्रंप अपने किए गए वादों को, एक के बाद एक पूरा करते हुए चले जा रहे हैं। इसी कड़ी में नए स्टूडेंट्स के लिए अमेरिका वीजा रोकने का फैसला भी देखा जा रहा है। मेरा मानना है कि अगर विदेशी छात्रों को अमेरिका पढ़ने के लिए आने के लिए रोकेंगे तो,स्थानीय छात्रों को अधिक मौका मिलेगा जिससे अमेरिका फर्स्ट का वादा पूरा होगा। दूसरे एंगल से अगर हम देखें तो हमने कई मौका पर अनेक विवादों में अमेरिका में पढ़ने आए विदेशी छात्रों द्वारा दूतावासों पर जाकर प्रदर्शन आंदोलन कर माहौल खराब करने की कोशिश की जाती है, जिसका संज्ञान शायद ट्रंप साहब ने लिया होगा। कुल मिलाकर इस फैसले से आंदोलनप्रदर्शन आतंकवाद समर्थन पर रोक तथा अमरीक फर्स्ट दोनों लक्ष्यों का आभास होता है, हालांकि यह रोक टेंपवरी है जब इसे कंटिन्यू किया जाएगा तो, वीजा की चाहना रखने वाले छात्रों को सोशल मीडिया के हर प्लेटफार्म पर 2019 से अपने रिकार्ड को दिखाने की शर्त हो सकती है,जो रेखांकित करने वाली बात है।चूँकि अमेरिका ने दुनियाँ भर में अपने दूतावासों पर नए स्टूडेंट वीजा के लिए इंटरव्यू पर रोक लगाई है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अमेरिका में छात्र वीजा पर रोक आतंकवादी या कट्टरपंथी संगठनों के छात्र बहरूपिया में आने से रोकना? या अमेरिकी फर्स्ट नीति का हिस्सा हो सकता है? साथियों बात अगर हम अमेरिका द्वारा छात्र वीजा पर रोक लगाने को समझनें करें तो,अमेरिकी दूतावासों और वाणिज्य दूतावासों को छात्र और विनिमय आगंतुक वीजा के लिए नई नियुक्तियां निर्धारित करना बंद करने का निर्देश दिया।

## न्यूज फ्लैश

### मैक्स फैशन इन गर्मियों में लेकर आए डिजनी के लिलो एण्ड स्टिच से प्रेरित ट्रॉपिकल कलेक्शन

**पानीपत।** डिजनी के लिलो एण्ड स्टिच की थिएटर में रिलीज से पहले- मैक्स फैशन ने किड्स, टीन्स एवं यूथ के लिए अपने नए कलेक्शन का अनावरण किया है। यह शानदार कलेक्शन आईलैण्ड भावना एवं ट्रॉपिकल आकर्षण के साथ अपने प्रशंसकों को नए और रोमांचक स्टाइल्स लेकर आया है। हमने तकरीबन एक दशक पहले डिजनी थीम पर आधारित अपना पहला कलेक्शन लॉन्च किया था, हम हमेशा से डिजनी की सदाबहार कहानियों से प्रेरित रहे हैं। मैक्स फैशन के डिप्टी सीईओ सुमित चंदना ने कहा। क्लासिक कलानियों से प्रेरणा लेना हमारे युवा उपभोक्ताओं को हमारे कलेक्शन के साथ जोड़ने का अच्छा तरीका है। लिलो एण्ड स्टिच थीम पर आधारित यह नया कलेक्शन डिजनी के साथ हमारी मजबूत क्रिएटिव साझेदारी की पुष्टि करता है। मैक्स फैशन, जिसे अपने ट्रेंडी एवं सुलभ परिधानों के लिए जाना जाता है, ने 24 मई को मुंबई के मेगुमी में एक लाईव शो के दौरान इस वाइब्रेन्ट कलेक्शन का लॉन्च किया। इस अवसर पर जाने-माने इन्फ्लुएंसर्स अपने बच्चों के साथ रोमांचक फैशन वॉक करते नजर आए, जिन्होंने कहानी की आईलैण्ड भावना को जीवन में उतारा। अभिनेत्री बिपाशा बासु इस शो की शो-स्टॉपर रहीं, जिन्होंने कलेक्शन के स्टाइलिश आकर्षण को दशार्या। फिल्म से प्रेरित एलीमेन्ट्स, वाइब्रेन्ट प्रिंन्ट तथा ओरेंज, ब्रीजी ब्लू, रिफ्रेशिंग ग्रीन एवं ड्रीमी पेस्टल्स से सजे ब्राईट समर पैलेट को भव्यता के साथ पेश किया गया। पिछले कुछ सालों के दौरान मैक्स फैशन का कलेक्शन कैरेक्टर-उन्मुख लाइसेंसिंग से प्रेरित रहा है, जो रचनात्मकता के साथ मशहूर कैरेक्टर्स को फैशन में लाकर उपभोक्ताओं को लुभाता रहा है। यह हमें बड़े, रचनात्मक एवं बोल्ड तरीकों से दर्शकों के साथ जुड़ने के रोमांचक अवसर भी देता है। प्रिया निझारा, डायरेक्टर, डिजनी कन्ज्यूमर प्रोडक्ट्स इंडिया ने कहा।

### स्टॉकग्रो के रेड एनवेलप अभियान ने लाखों भारतीयों का ध्यान खींचा

**नई दिल्ली।** बीते हफ्ते पूरे देश में रेड एनवेलप अभियान ने भारत में रहस्य और उत्सुकता की एक लहर पैदा की, हर लिफाफे में एक क्यूआर कोड और ऐसा संदेश था जो यह सोचने को मजबूर करता था, जब आप सफर कर रहे हों, आराम कर रहे हों तब आपका पैसा क्या कर रहा है इस रहस्य का केंद्र बना एक ही सवाल, आखिर इन लाल लिफाफों में है क्या जिसका खुलासा निवेश के नए नजरिये के रूप में हुआ। भारत के अग्रणी निवेश सलाह और ज्ञान मंच स्टॉकग्रो ने यह रेड एनवेलप अभियान शुरू किया था। यह पहल आम लोगों तक निवेश की पहुंच आसान बनाने के मिशन का हिस्सा थी। इस अनोखे अभियान के पीछे एक गहरी सोच थी—कि आर्थिक जानकारी और बाजार में भागीदारी का अधिकार केवल चुनिंदा लोगों तक सीमित नहीं होना चाहिए। इस अभियान को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली। रेड एनवेलप वेबसाइट पर 12 लाख से ज्यादा विज़िटर्स आए और एक गुप्त लैंडिंग पेज पर 4 लाख से अधिक यूजर्स ने रजिस्ट्रेशन किया। स्टॉकग्रो के संस्थापक और सीईओ अजय लखोटिया ने कहा, रेड एनवेलप अभियान उस सच्चाई पर आधारित था कि बहुत से लोग मानते हैं कि धन केवल इन्साइडर्स के लिए है। हम यह मिथक तोड़ना चाहते थे—कि बाजार में सफल होने के लिए जरूरी टूल्स, जानकारियाँ और विशेषज्ञों की सलाह अब सिर्फ खास लोगों तक सीमित नहीं रही, बल्कि अब ये सब स्टॉकग्रो पर हर किसी के लिए उपलब्ध हैं। निवेश को सचमुच सभी के लिए सुलभ बनाने की दिशा में स्टॉकग्रो ने खुदरा निवेशकों के लिए कई मजबूत सुविधाएँ भी शुरू की हैं। इनमें शामिल हैं—सेबी से पंजीकृत 100 से अधिक विशेषज्ञों द्वारा सुझाए गए व्यापारिक सुझाव, जिनकी रैंकिंग उनके प्रदर्शन के आधार पर पारदर्शिता से की जाती है, और एक 'स्ट्रैटेजी बिल्डर', जिसकी मदद से यूजर विशेषज्ञों की निवेश रणनीतियों को खुद आजमा सकते हैं। इसके अलावा, स्टॉकग्रो में ह्यस्टॉक स्कोर एंड टेक्निकल ट्रेंड्सह्न नामक एक खास एआई टूल भी है, जो तकनीकी और मौलिक मानकों के आधार पर हर स्टॉक की रेटिंग करता है।

### डेटॉल ने महान कैप्टन कूल एमएस धोनी का ब्रांड एंबेसडर के रूप में किया स्वागत

**गुरुग्राम।** भारत के अग्रणी कीटाणु सुरक्षा ब्रांड डेटॉल ने क्रिकेट के दिग्गज और भारत के असली कैप्टन कूल – महेंद्र सिंह धोनी को अपने डेटॉल साबुन, बॉडीवॉश और हैंडवॉश रेंज का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। यह अपनी तरह की पहली साझेदारी है, जो एक प्रतिष्ठित कूल शख्सियत और एक भरोसेमंद कूल ब्रांड को एक साथ लाती है, और गर्मियों में ठंडक बनाए रखने का समाधान डेटॉल आइसी कूल' पेश करती है। घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कनिका कालरा, रीजनल मार्केटिंग डायरेक्टर, हेल्थ, रेकिट साउथ एशिया ने कहा, रेकिट में हमारा संकल्प है कि हम उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझदारी और प्रभावशीलता के साथ पूरा करने वाले भरोसेमंद समाधान दें। डेटॉल आइसी कूल लंबे समय से गर्मियों के लिए पसंदीदा उत्पाद रहा है, जिसमें तीन गुना तीव्र ठंडक और त्वचा में संक्रमण पैदा करने वाले कीटाणुओं से सुरक्षा है - खासकर गर्मी और रोजमर्रा की जिंदगी की भागदौड़ के बीच। हमें बेहद खुशी है कि हम खुद कैप्टन कूल, एम.एस. धोनी, जो शांति, आत्मविश्वास और उच्च प्रदर्शन के प्रतीक हैं, के साथ साझेदारी कर रहे हैं, ताकि डेटॉल आइसी कूल की असली भावना को जीवंत किया जा सके।

# जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा सुनिश्चित: उपायुक्त

### -रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत प्रशासन पहुंच रहा ग्रामीणों के समक्ष- उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि हरियाणा सरकार जनसेवा को समर्पित होकर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से गांवों में रात्रि ठहराव कार्यक्रम तथा प्रत्येक सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक उपायुक्त व एसडीएम कार्यालयों में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि जनसमस्याओं का समाधान त्वरित व प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जा सके। शासन-प्रशासन की पहुंच सीधे आमजन तक हो, इसी सोच के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रात्रि ठहराव का कार्यक्रम आयोजित कर लोगों के घर-द्वार पर ही जाकर समस्याओं का समाधान



किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा यहां पर जो भी समस्याएं रखी गई हैं, उन सभी का समयबद्ध ढंग से समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त बीती देर रात्रि उपमंडल पुन्हाना के गांव बिछौर में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के बाद उन्हें संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी और उनका मौके पर समाधान किया। उन्होंने कहा कि रात्रि ठहराव कार्यकम के माध्यम से प्रशासन आमजन तक सीधा संवाद करते हुए लोगों की शिकायतों का निदान सुनिश्चित कर रहा है। जरूरतमंद लोगों को सरकार की सेवाओं व योजनाओं का लाभ प्रदत्त करते हुए लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखना है, इसके लिए युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ानी होगी ताकि हमारे युवा खेलों में आगे बढ़ सकेंगे। उपायुक्त ने गांव बिछौर व गांव नवलगढ़ के सरपंच की ओर से सौंपे गए मांग-पत्र के अनुसार सभी कार्य जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इसके अलावा कई ग्रामीणों ने भी गांवों से संबंधित सामूहिक कार्यों के लिए अपनी समस्याएं रखी, जिस पर उन्होंने कहा कि सभी कामों को नोट कर संबंधित विभागों को जरूरी कार्यवाही के लिए भेज दिया गया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को : इरम हसन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने बताया कि हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, हालसा के आदेशानुसार व जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में 12 जुलाई को न्यायिक परिसर, करनाल व सब-डिवीजन, इन्द्री, असंध व घरौंडा में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।सीजेएम इरम हसन ने बताया कि लोक अदालत में आम नागरिक आपसी सुलह व समझौता के आधार पर स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से अपने लंबित मुकदमों का निपटारा करा सकते है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन, मोटर दुर्घटना अधिनियम, फौजदारी, दिवानी, चालान वैवाहिक एवं पारिवारिक मुकदमों इत्यादि का निपटारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मुकदमों का परस्पर सहयोग व सौहयपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति का कोई मामला न्यायालय में लंबित है तो राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से उसका निपटारा किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 184-2266138 पर संपर्क किया जा सकता है।

## सड़कों के लिए 46.31 करोड़ की राशि स्वीकृत: कबीरपंथी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने नीलोखेड़ी विधानसभा की सडकों के नवीनीकरण के लिए 46 करोड़ 31 लाख रुपए की राशि स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि इन सडकों के नवीनीकरण से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में सुविधा होगी और विकास को गति मिलेगी।

विधायक कबीरपंथी ने कहा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नीलोखेड़ी विधानसभा क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है।

## बाढ़ बचाव प्रबंधों के तहत किए जा रहे अनेक कार्य: उपायुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**
**पुन्हाना मनीष आहूजा**

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में बाढ़ बचाव प्रबंधों के तहत अनेक कार्य किए जा रहे हैं, जिसके तहत ड्रेन, नहरों, रजवाहों, सीवरों व नालों की साफ-सफाई व उनके तटबंध मजबूत करने के साथ-साथ जलभराव वाले क्षेत्रों से पानी निकासी के लिए पंप सैट चालू करने संबंधी कार्य किए जा रहे हैं, ताकि बारिश के मौसम में बाढ़ जैसी स्थिति न बने और जानमाल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

उपायुक्त बीती देर सायं गांव बिछौर में उजीना डाईवर्जन ड्रेन का निरीक्षण करने के दौरान पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।



उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा श्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से भी बाढ़ बचाव प्रबंधों की समीक्षा की थी, जिसमें उन्होंने निर्देश दिए थे कि बाढ़ बचाव के लिए जो भी कार्य अप्रूव्ड किए गए हैं, उन्हें तय समय सीमा में करवाया जाए तथा सभी कामों की मॉनीटरिंग भी की जाए। उन्होंने कहा कि उजीना डाईवर्जन ड्रेन जिला नूंह के अधिकतर हिस्से को कवर कर रही है, इसलिए इसकी सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है, जिसे जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के माध्यम से बाढ़ बचाव प्रबंधों के तहत 17 कार्य शॉर्ट टर्म के अप्रूव्ड हुए हैं, जिन्हें आगामी 30 जून से पहले पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा जिला में 18 ड्रेनों में सफाई का कार्य चल रहा है। सभी संबंधित एसडीएम को भी फील्ड में जाकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं, जिसके तहत वे ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में संबंधित विभागों के साथ कामों का निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला में अभी 40 ऐसे गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां हर साल बरसात के बाद जलभराव की समस्या बनने की संभावना रहती है, जोकि या तो भौगोलिक दृष्टिद से या फिर गांव के तालाब ओवरफ्लो होने से।

## मुख्यमंत्री नायब सैनी की सादगी के कायल हुए ग्रामीण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज असंध के गांव सालवन में आयोजित राज्य स्तरीय वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती समारोह से लौटते वक्त गांव फफड़ाना व जलमाना में अचानक अपना काफिला रुकवाया और ग्रामीणों से मिले। अचानक अपने बीच मुख्यमंत्री को देखकर ग्रामीण उत्साहित नजर आए। ग्रामीण उनके सौम्य स्वभाव व सादगी के कायल हो गए। मुख्यमंत्री ने लोगों का हाल चाल जाना और बच्चों ने उनके साथ सेल्फी भी ली।

नायब सिंह सैनी ने अपना काफिला रूकवा कर फफड़ाना गांव में पेड़ के नीचे बैठे ग्रामीणों के पास पहुंचे तथा उनका कुशलक्षेम जाना और विकास कार्यों पर चर्चा की। इसके बाद करनाल आते समय अचानक जलमाना गांव में मुख्य बस अड्डे के आगे काफिला रुकवाया और ग्रामीणों तथा दुकानदारों से बातचीत की।

मुख्यमंत्री ने आम आदमी की तरह ग्रामीणों के बीच खड़े होकर बातचीत की। लोगों का कहना था कि इस प्रकार मुख्यमंत्री का सादगी और अपनेपन के भाव के साथ उनसे मिलना उनके मिलनसार व्यक्तित्व की झलक दिखाता है।

## नगराधीश आशीष कुमार ने 15 स्कूलों को ग्रीन स्कूल प्रमाण पत्र से किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :**

मिनी सचिवालय के सभागार में जिला मौलिक शिक्षा विभाग व कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन के समन्वय से संचालित प्रोग्राम के अंतर्गत ग्रीन स्कूल प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्यातिथि जिला नगराधीश आशीष कुमार रहे। इस दौरान मुख्यातिथि आशीष कुमार ने पर्यावरण संस्था सेंटर फॉर एनवायरमेंट एजुकेशन की ओर से नूंह के 15 स्कूलों को ग्रीन फ्लैग व प्रमाण पत्र प्रदान कर सभी को



पर्यावरण बचाने के लिए मिलकर काम करने का आह्वान किया। इसके साथ ही शिक्षा विभाग नूंह ने कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा चयनित 60 स्कूल के इको क्लब इंचार्च को श्रेष्ठ इको एजुकेटर का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इन स्कूलों के इको क्लब इंचार्ज को पर्यावरण मे कार्यरत संस्था पीचानड़ीकुलम फॉरेस्ट फाउंडेशन द्वारा प्रक्षिशित किया गया था।

एनवायरमेंट एजुकेशन संस्था द्वारा बताया गया कि यह पहल भारत के किसी भी आकांक्षी जिले में होने वाली प्रथम पहल है।

कार्यक्रम के आयोजन व समन्वय में एफएलएन कॉर्डिनेटर कुसुम मलिक की मुख्य भूमिका थी। इस कार्यक्रम मे कैवल्य एजुकेशन फाउंडेशन से तबरेज, सौरव, वैशाली व एनवायरमेंट एजुकेशन से अंकित उपस्थित्त थे।

मुख्यातिथि आशीष कुमार ने ग्लोबल वार्मिंग पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय डाटा शेयर कर प्रतिभागियों को आगाह किया कि यदि हम सावधान नहीं हुए तो स्थिति बहुत भयावह हो सकती है। उन्होंने ग्रीन स्कूल प्रमाणीकरण और पर्यावरण संरक्षण की इस मुहिम का स्वागत किया और इसको सतत बनाए रखने का आह्वान किया। कुसुम मलिक ने पर्यावरण की महता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने वर्ष 2018 मे इस अवधारणा पर सोचा था जो आज साकार हो रहा है।

## 13 एकड़ में फैले अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**

जिला नगर योजनाकार विभाग की टीम ने तावडू क्षेत्र के दो गांवोंकलवाड़ी और सराय में एक बड़ी तोड़फोड़ की कार्रवाई को अंजाम दिया। यह पूरी कार्रवाई नियंत्रित क्षेत्र अधिसूचना के अंतर्गत आती अवैध कॉलोनियों और व्यावसायिक निर्माणों पर की गई, जो बिना अनुमति के विकसित किए जा रहे थे। इस सख्त कार्रवाई में प्रशासनिक अमले के साथ पुलिस बल भी तैनात रहा ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। मौके पर जेसीबी मशीनों की मदद से एक कॉलोनी, एक फार्महाउस और एक मनोरंजन



पार्क को जमींदोज कर दिया गया। डीटीपी व ड्यूटी मजिस्ट्रेट बिनेश कुमार ने बताया कि कलवाड़ी गांव में अवैध कॉलोनी ध्वस्त करीब 2.5 एकड़ क्षेत्र में फैली इस कॉलोनी में कोई भी वैध अनुमति नहीं ली गई थी। यहाँ बनाई जा रही 10 डीपीसी, 2 बाउंड्री वॉल और 3 निमार्णाधीन ढांचों को तोड़ दिया गया। यह कॉलोनी बिना किसी अनुमोदित ले-आउट प्लान के विकसित की जा रही थी। जबकि सराय गांव में एक फार्महाउस पर कार्रवाई की गई जहां करीब 5 एकड़ में बना फार्महाउस पूरी तरह अवैध पाया गया। इस पर बनाई गई बाउंड्री वॉल और स्वीमिंग पूल को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया गया।

## बदमाश दीपक बाक्सर के नाम पर प्लाट पर कब्जे का प्रयास

गन्नौर। जीटी रोड के पास बड़ौत की राजस्व भूमि में एक प्लाट पर बदमाश के नाम पर कब्जे करने का प्रयास सामने आया है। आरोप है कि प्लाट मालिक को बदमाश दीपक बाक्सर के नाम पर धमकी दी गई और निमार्णाधीन दीवार गिरा दी गई। पीड़ित द्वारा थाना बड़ी में इस संबंध में शिकायत दी गई है। शिकायत में गांव हसनपुर निवासी प्रदीप ने बताया कि उसने जीटी रोड के साथ बड़ौत के रकबे में एक प्लाट वर्ष 2020 में खरीदा था, जिसके सभी कानूनी दस्तावेज उसके पास हैं। उसने सरढाना के धनसिंह के साथ प्लाट का इकरारनामा किया हुआ है।

## महाराणा प्रताप के जीवन से प्ररेणा लेकर लक्ष्य प्राप्त करें : मल्होत्रा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय में बृहस्पतिवार को वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई, जयंती समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के माननीय कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विशेष तौर पर शिरकत की। समारोह में विद्यार्थियों, वैज्ञानिकों सहित विश्वविद्यालय स्टाफ ने बढ़-चढकर भाग लिया।

एमएचयू के कुलपति प्रो. सुरेश मल्होत्रा ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन साहस, बलिदान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का अनुपम उदाहरण है। उनकी जयंती न केवल एक उत्सव है,




बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है। इस समारोह में आपकी उपस्थिति ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों का उदेश्य नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास के साथ जोडना है, महाराणा प्रताप हमारे देश के सच्चे राष्ट्रनायक थे, उनका साहस त्याग और मातृशक्ति के लिए समपर्ण आज भी प्रेरणास्त्रोत है।

उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के संघर्षमयी जीवन से प्रेरणा लेकर लक्ष्य प्राप्त करें। हमारे विश्वविद्यालय के नाम वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के नाम रखा गया है, जो हमारे लिए गर्व की बात है।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्र कल्याण निदेशक प्रो. रंजन गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने महाराणा प्रताप जैसे राष्ट्रनायकों के विचारों और आदर्शों को वर्तमान समय में प्रासंगिक बताते हुए छात्रों को प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाराणा प्रताप जी के जीवन पर आधारित कविताओं की भावपूर्ण प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे समस्त वातावरण देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के समापन पर डीन, पीजीएस एवं निदेशक अनुसंधान डॉ.धर्मपॉल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिन्होंने सभी अतिथियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

## जन सुनवाई एवं रात्रि विश्राम का बिछोर गांव में हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):**

बुधवार की शाम को पुनहाना उपमंडल के बिछोर गांव में जनसुनवाई एवं रात्रि ठहराव का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के अलावा जिले के तमाम विभागों से संबंधित अधिकारियों - कर्मचारियों ने भाग लिया। इस जनसुनवाई एवं रात्रि विश्राम के चौथे कार्यक्रम का बिछोर गांव के अलावा आसपास के गांव के लोगों ने भरपूर लाभ उठाया। सैकड़ों लोगों को अलग - अलग स्कीमों का लाभ हाथों - हाथ दिया गया तो जनसुनवाई के दौरान दर्जनों लोगों की समस्याओं का हाथों हाथ निदान किया गया



और कुछ का जल्द ही समाधान करने के निर्देश दिए गए।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा की जनसुनवाई एवं रात्रि ठहराव का यह चौथा कार्यक्रम है। बिछोर गांव ऐतिहासिक गांव हैं और बृज की भूमि में आता है। इस गांव में पानी - बिजली नशीले पदार्थ की बिक्री में बढ़ोतरी, साइबर क्राइम के अलावा जितनी भी समस्याएं सामने आई हैं। उन सब का निदान किया जाएगा कि साइबर क्राइम के अलावा लगातार बढ़ रहे नशे को रोकने के लिए इलाके के सरपंचों से भी सहयोग मांगा गया है। उनके साथ काफी देर तक बातचीत हुई है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि लगातार बढ़ रहे नशे पर लगाम लगाने एवं साइबर क्राइम पर रोक लगाने में वह अपनी तरफ से हर संभव मदद करेंगे।

राजेश कुमार पुलिस अधीक्षक नूंह ने कहा कि पुनहाना तथा फिरोजपुर झिरका उपमंडल के तकरीबन 40 गांव साइबर क्राइम के हॉटस्पॉट के रूप में चिह्नित किए गए हैं। सरपंचों को इसमें अपनी अहम भूमिका निभानी चाहिए और युवाओं को गलत रास्ते पर जाने के बजाय उनकी पढ़ाई पर पूरा फोकस करना चाहिए। पुलिस अधीक्षक नूंह ने कहा कि खेलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। अगर कुछ ग्राम पंचायत खेल गतिविधियों को बढ़ाने की इच्छुक हैं तो वह आकर बता सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नशे में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। सूचना देने वालों के नाम गोपनीय रखे जा सकते हैं। लोगों को सामने आकर ऐसे लोगों के खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए ताकि बुराइयों पर पूरी तरह से रोक लगाई जा सके।

कुल मिलाकर जनसुनवाई एवं रात्रि ठहराव में न केवल लोगों को अपनी कई - कई वर्षों की समस्याओं से निजात मिल रही है बल्कि इलाके में बढ़ रहे साइबर अपराध एवं नशे को लेकर भी लोगों को जागरूक करने का काम प्रशासन के आला अधिकारी कर रहे हैं।

## वाहन चोर गिरफ्तार, दो मोटरसाइकिलें बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**

बीती शाम जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्टॉफ की टीम के इंचार्ज निरीक्षक इंद्र सिंह की अध्यक्षता में विश्वसनीय सूचना के आधार पर नजदीक रावर रोड मधुबन में नाकाबंदी करके आरोपी विक्रम उर्फ विक्की पुत्र तुलीराम निवासी गांव रावर, करनाल को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई।

इस संबंध में एंटी ऑटो थेफ्ट स्टॉफ के इंचार्ज ने बताया कि गहनता से पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी द्वारा अप्रैल माह में सेक्टर 32-33 एरिया से मोटरसाइकिल चोरी कर घटना को



अंजाम दिया गया था। आरोपी के खिलाफ पहले भी चोरी के दो मामले दर्ज हैं। इस मामले में आज आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### एक प्रधानाध्यापक सहित दो शिक्षक निलंबित

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने एक प्रधानाध्यापक को बच्चों के टीकाकरण में लापरवाही और एक शिक्षक को टाइम मोशन का पालन नहीं करने पर निलंबित कर दिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी मांट ने प्राथमिक विद्यालय बघेलों का अड्डा के प्रधानाध्यापक से स्कूल के बच्चों का टीकाकरण कराने के आदेश दिए। जिस पर उक्त प्रधानाध्यापक ने कहा कि वे टीकाकरण नहीं करायेंगे बाकी जो आपे जो बनता है वह कर लीजिए। 10 मई को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मांट की एनएनएम ने बताया कि प्रधानाध्यापक टीकाकरण में सहयोग नहीं कर रहे हैं। यही नहीं मांट के चिकित्सा अधीक्षक से भी फोन पर अभद्र व्यवहार किया। जिस पर उन्होंने कार्रवाई करते हुए प्राथमिक विद्यालय बघेलों का अड्डा के प्रधानाध्यापक नंद किशोर गोस्वामी को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनको उच्च प्राथमिमक विद्यालय मांट से संबंद्ध किया गया है। उनको निर्देशित किया गया है कि वे ग्रीष्म अवकाश में खंड शिक्षा अधिकारी मांट कार्यालय में उपस्थिति दर्ज कराएं। इस प्रकरण की जांच उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी नौहझील को सौंपी है। दूसरी तरफ उच्च प्राथमिक विद्यालय शंकर गढी नौहझील के सहायक अध्यापक विनोद कुमार को खंड शिक्षा अधिकारी नौहझील की रिपोर्ट पर निलंबित कर दिया है। जिसमें बीईओ नौहझील ने आरोप लगाया कि बिना पूर्व सूचना से विद्यालय से अनुपस्थित रहना, साफ सफाई विद्यालय की नहीं कराने, और टाइम मोशन का पालन नहीं किया जा रहा था। निलंबन अवधि में उक्त अध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय रायपुर नौहझील से संबंद्ध किया गया है। वर्तमान में ग्रीष्म अवकाश की अवधि में अपनी उपस्थिति खंड शिक्षा अधिकारी नौहझील के कार्यालय में दर्ज कराएंगे। इसकी जांच खंड शिक्षा अधिकारी गोवर्धन को सौपी है।

### नाबालिग लडकी को भगाने के आरोपी को पकडा

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
थाना छाता पुलिस ने नाबालिग लडकी का अपहरण करने के आरोप में अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। 27 मई को शाम करीब साढे आठ बजे थाना छाता पुलिस ने गोवर्धन पुल पार करके गांधी इण्टर कालेज के पास से नाबालिग लड़की का अपहरण कर ले जाने के आरोपी अभियुक्त शाहरुख पुत्र जमील निवासी उमराया थाना छाता मथुरा उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना छाता पर इस संबंध में अभियोग पंजीकृत हुआ था। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा थाना छाता, एसआई भूपेन्द्र सिंह सिरोहीं थाना छाता, एसआई अक्षय कुमार थाना छाता आदि थे।

### कल मनाया जाएगा कांकरोली नरेश डॉ. वागिश कुमार का जन्मदिन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
पुष्टिमार्गीय संप्रदाय के मंदिर ठाकुर द्वारिकाधीश के विधि एवं मीडिया प्रभारी राकेश तिवारी एडवोकेट बताया कि मंदिर के सेवायत डॉ. वागिश कुमार महाराज का मंगल जन्मदिन 31 मई को मंदिर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर में भव्य सजावट की जाएगी। ठाकुर द्वारकाधीश के विशेष दर्शन होंगे और विशेष रूप से सायंकाल 5 बजे से 7.30 बजे तक भव्य आम का मनोरथ किया जाएगा और मंगल बधाई गायन होगा। उन्होंने समस्त धर्म प्रेमी जनता से अनुरोध किया है कि वे दर्शन कर पुण्य के भागी बने।

### पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला व विधायकों ने स्पीकर की चाची के निधन पर जताया शोक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला, पूर्व मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, होडल के विधायक हरिंदर सिंह, विधायक बलराम डांगी, विधायक पवन खरखौदा, फिरोजपुर झिरका के विधायक मामन खान, महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, उचानाकला के विधायक देवेन्द्र अत्री, हथीन के विधायक मोहम्मद इजराइल, विधायक जस्सी पेटवाड़, विधायक लक्ष्मण यादव, विधायक उमेद लोहान, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश, पूर्व विधायक जाकिर हुसैन, भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर, सुखवीर संधू सहित अन्य नेताओं ने वीरवार को हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की चाची गुरूबचनी देवी के निधन पर उनके निवास स्थान कल्याण फार्म पहुंचकर शोक व्यक्त किया तथा शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

# कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी : अशोक शर्मा

**सम्मानित**


▶▶ 10वीं और 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। गांव घोघड़ीपुर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 10वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा, पूर्व सरपंच रविन्द्र शर्मा ने मुख्य रूप से शिरकत की। स्कूल प्रिंसिपल व स्टाफ द्वारा मुख्य अतिथि का फूल मालाओं से स्वागत किया। सरपंच प्रतिनिधि अशोक शर्मा ने विद्यार्थियों को फूल मालाएं पहनाकर बधाई दी और स्मृति चिन्ह देकर उनका मनोबल बढ़ाया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वहीं निजी स्कूल में पढ? वाली गांव की बेटी अंशिता द्वारा 10वीं कक्षा में जिले में दूसरा स्थान हासिल करने पर ग्राम पंचायत ने सम्मानित किया।
अशोक शर्मा ने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है। समारोह में उपस्थितजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस कार्यक्रम को प्रेरणादायक बताया।
अशोक शर्मा ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति के लिए कामयाबी की सीढ़ी है। इसलिए हमें मेहनत करते रहना चाहिए।
स्कूल का जो परीक्षा परिणाम आया है, यह शिक्षकों की कड़ी मेहनत व विद्यार्थियों की पढ? की लगन नतीजा है। ग्राम पंचायत गांव का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों, खिलाडि?ों व समाज सेवा करने वाले लोगों को आगे भी इसी तरह सम्मानित करते उत्साहवर्धन करती रहेगी।



## डॉ. राकेश चतुर्वेदी की पुस्तक का विमोचन

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मथुरा निवासी डॉ. राकेश चंद्र चतुर्वेदी द्वारा अभी हाल में ही ऑपरेशन सिंदूर द्वारा पाकिस्तान के आतंकियों के ठिकानों को नेस्तनाबूद किये जाने पर प्रेरित होकर भारत के 21 परमवीर चक्र विजेता शूरवीरों पर एक पुस्तक लिखी है। जिसका विमोचन भारतीय जनता पार्टी प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह द्वारा लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर किया गया। डॉ राकेश चंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि जिस प्रकार शुरू से ही पाकिस्तान अपनी नापाक हरकत करता आया है, और भारतीय सेना ने हमेशा ही अपने पराक्रम और वीरता से उसको मुँहतोड़ जबाब दिया है। आज पूरी दुनिया देख रही है कि भारत आज पहले से कहीं ज्यादा एकजुट है।



भारत की बेटियों ने आतंकियों और उनके सरपरस्तों को ऑपरेशन सिंदूर से करारा जवाब दिया है। हमने उनके कई एयरबेस तबाह करके दिखा दिया कि भारत कब क्या कर सकता है। कितनी तेजी से कर सकता है, कितना सटीक कर सकता है।
इसी से प्रेरित होकर उन्होंने भारत के शूरवीरों पर एक पुस्तक लिखी है। डॉ चतुर्वेदी एनसीआरटी के पूर्व सदस्य रहे हैं और उनको राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान पुरस्कार भी सरकार द्वारा प्राप्त है।

## पूसा बासमती धान उत्पादन को आगे आईं महिला किसान



**मथुरा**
एक सोच फाउंडेशन के तत्वावधान में गोवर्धन चौराहा स्थित विश्व लक्ष्मी नगर में महिला किसानों और महिला उद्यमियों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 150 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एक सोच फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक अजय सुमन शुक्ला ने बताया कि उनकी संस्था भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा), नई दिल्ली के सहयोग से मथुरा के किसानों और महिला उद्यमियों के लिए एक संयुक्त कार्यक्रम चला रही है। उन्होंने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (पूसा), नई दिल्ली के संयुक्त निदेशक डॉ. आर.एन. पडारिया के सहयोग से श्नेमा प्रोजेक्टश के माध्यम से पिछले तीन वर्षों से श्एक सोच फाउंडेशनश यहाँ की आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ी गरीब महिला किसानों को जलवायु अनुकूल खेती हेतु प्रशिक्षण, बीज और खेती से संबंधित उपकरण उपलब्ध करा रही है। अब तक 1000 से अधिक किसान इससे लाभान्वित हो चुके हैं।

## जीएफ फाइंडर एप से ठगी कर रहा अन्तर्राज्यीय गैंग

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
जीएफ फाइंडर एप से ठगी कर रहे अन्तर्राज्यीय गैंग का जाल मथुरा तक फैला है। जीएफ फाइंडर एप से ठगी कर रहा अन्तर्राज्यीय गैंग के दो सक्रिय सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना साइबर क्राइम पुलिस ने जीएफ फाइंडर एप के माध्यम से लोगों को जाल मे फंसाकर साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग के दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से दो मोबाइल, चार सिम, दो फर्जी आधार कार्ड एवं एक मोटर साइकिल बरामद हुई है। थाना साइबर क्राइम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुडसेरस से ग्राम देवसेरस जाने वाले रास्ते की पुलिया से जीएफ फाइंडर एप के माध्यम से लोगों को जाल मे फंसाकर साइबर ठगी करने वाले अन्तर्राज्यीय गैंग दो अभियुक्तों रौकी पुत्र रामप्रसाद व सनी पुत्र राजाराम निवासीगण देवसेरस थाना गोवर्धन जनपद मथुरा को दो मोबाइल, चार सिम, दो फर्जी आधार कार्ड एवं उक मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया।

## एक्सप्रेस वे पर कार से 1.5 करोड कैश, करीब आधा किलो सोना बरामद

**लोकेश चौधरी**
**मथुरा**। थाना मांट पुलिस व आयकर विभाग टीम की संयुक्त कार्यवाही ने एक व्यक्ति से भारी मात्रा में कैश व सोना बरामद किया गया है। संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर 28 मई की शाम करीब छह बजे यमुना एक्सप्रेस वे के मांट टोल पर चेकिंग के दौरान दीपक पुत्र हरिकिशन निवासी माधव कुंज मसानी रोड थाना गोविंदनगर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त के कार संख्या यूपी 85 सीएस 5864 (स्विफ्ट) से एक करोड़ 49 लाख 10 हजार रुपये (1,49,10,000) व 452 ग्राम सोना बरामद हुआ। अभियुक्त से हुई बरामदगी के आधार पर आयकर विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की गयी। कार्यवाही करने वाली टीम में निरीक्षक जसवीर सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मांट, लोकेश उपरेती (आईटीओ) आयकर विभाग आगरा, घनश्याम राठौर (इन्सपैक्टर) आयकर विभाग आगरा, संदीप गुप्ता (इन्सपैक्टर) आयकर विभाग आगरा, शिवम श्रीवास्तव (इन्सपैक्टर) आयकर विभाग आगरा, एसआई भुवनेश कुमार चौकी प्रभारी टोल थाना मांट आदि थे। कार में सोने के बिस्कुट मिले। मथुरा के थाना गोविंद नगर क्षेत्र के माधव कुंज निवासी दीपक खंडेलवाल दिल्ली से चांदी लाकर आगरा में बेचते हैं।



## बैंक के खिलाफ किसानों का धरना, एसबीआइ ने किसान पर दिखाया 36 लाख कर्ज

**धरना**

▶▶ मंजूरा गांव के एक किसान का 20 लाख का लोन सेटल होने के बावजूद बैंक एनओसी नहीं दे रहा है

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। जिले में एसबीआई बैंक की कथित धोखाधड़ी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी ग्रुप) ने एनडीआरआई गेट पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। किसानों का आरोप है कि मंजूरा गांव के एक किसान का 20 लाख का लोन सेटल होने के बावजूद बैंक एनओसी नहीं दे रहा है। अब 36.20 लाख रुपए का नया कर्ज दिखा रहा है।
किसान खुशीराम ने बताया कि उसने 2016 में करनाल स्थित एसबीआई एनडीआरआई ब्रांच से 20 लाख रुपए का लोन लिया था। कुछ समय बाद वह गंभीर रूप से बीमार हो गया और करीब डेढ़ साल तक लोन की किश्तें और ब्याज नहीं भर पाया।
इसके चलते उसका कर्ज बढकर 26 लाख रुपए तक पहुंच गया। इसके बाद 2022 में बैंक अधिकारियों के साथ बैठक कर 20 लाख रुपए में लोन सेटल करवा दिया गया। किसान का दावा है कि उसने सेटलमेंट की रकम 20 लाख रुपए बैंक में जमा करवा दी थी। किसान खुशीराम ने बताया कि सेटलमेंट के बाद अब डेढ़ साल से वह लगातार एनओसी के लिए बैंक के चक्कर काट रहा है। हर सोमवार उसे बैंक बुला लिया जाता है, लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा। इतना ही नहीं, अब बैंक एनओसी देने के बजाय 36 लाख 20 हजार रुपए का नया कर्ज और दिखा रहा है, जिससे किसान मानसिक रूप से परेशान हो चुका है।



## 169 विद्यालयों का यू डाइस पर स्टूडेंट डाटा अभी भी अपूर्ण

**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा**। शैक्षिक सत्र 2024- 25 का जनपद के 169 कालेजों का स्टूडेंट डाटा का कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है। जिस पर जिलाविद्यालय निरीक्षक ने उक्त विद्यालयों के प्रबंधक व प्रधानाचार्यों को नोटिस जारी करते हुए कहा कि यह कार्य शीघ्र पूरा कराएं अन्यथा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने अपने पत्र में कहा है कि महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ.प्र. यूडाईस 2024-25 का कार्य पूर्ण कर स्कूल प्रोफाईल, टीचर प्रोफाईल व स्टूडेन्ट प्रोफाईल का कार्य पूर्ण कर सटीफाईड कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। शैक्षिक सत्र 2024-25 समाप्त हुए दो माह से अधिक का समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त अभी तक 169 विद्यालयों द्वारा अपना स्टूडेन्ट डाटा का कार्य पूर्ण नहीं कराया गया है। इस सम्बन्ध में कई बार पत्र के माध्यम से दूरभाष व अन्य माध्यमों से विद्यालयों को अपना डाटा पूर्ण करते हुए सटीफाईड कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये गये हैं। लेकिन अभी तक आपने विद्यालय का स्टूडेन्ट डाटा विवरण सटीफाईड नहीं कराया गया है जो कि अत्यन्त खेद का विषय है। आप द्वारा यूडाईस स्टूडेन्ट डाटा का कार्य पूर्ण न कराये जाने के कारण जनपद का डाटा अन्तिम रूप से सबमिट नहीं हो पा रहा है। इस पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा उ०प्र० द्वारा अत्यन्त अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए दोषी विद्यालयों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही कराये जाने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। डीआईओएस ने अन्तिम चेतावनी नोटिस जारी करते हुए निर्देशित किया है कि आज अपना स्टूडेन्ट प्रोफाईल का कार्य पूर्ण कराते हुए विद्यालय का डाटा सटीफाईड कर दें अन्यथा आपका यूडाईस डाटा बन्द करते हुए विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण हेतु सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद को सूचित कर दिया जायेगा।

## समर कैंप में छात्रों ने सीखी बागवानी

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
गुरुवार को राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लोहवन में समर कैंप के नौवें दिवस की शुरूआत योग सत्र से की गई। आज विद्यार्थियों को रेडक्रास सोसाइटी के अध्यक्ष एवं योगाचार्य महेश खंडेलवाल के निर्देशन में समर कैंप के अंतर्गत योग अभ्यास उनके शिष्य चिराग गौतम के द्वारा कराया गया। चिराग द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योग आसन जैसे भद्रासन, स्कंद आसन, तितली आसन, हास्य योग, स्कंद मुद्रा चलाना, सूर्य नमस्कार आदि। गुरुवार को बच्चों के द्वारा ही सत्र पूर्ण संचालित किया गया। इसके बाद समर कैंप की दूसरी गतिविधि किचन गार्डन की कराई गई। जिसके अंतर्गत बच्चों के द्वारा पौधे लगाने के लिए क्यारियां बनाई गई। पेड़ों की गुड़ाई, निराई, कटाई की गई। इसके बाद बच्चों को कैरम और लूडो खिलाया गया।

## शिविर में हुए 101 मोतियाबिंद के ऑपरेशन

**लोकेश चौधरी /टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा**। कल्याणं करोति संस्था द्वारा चलाये जा रहे श्री जी बाबा नेत्र चिकित्सालय में आज शिविर के समापन पर शहर से फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व सदस्यों को नेत्र रोगियों को चश्मा व दवा वितरण किया गया। सिद्धि विनायक भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ समापन शिविर का प्रारम्भ संत स्वामी महेशानंद सरस्वती ने किया। स्वामी जी ने कहा कि जीवन मे ज्योति के बिना अंधकार है।और कल्याणं करोति जैसी संस्थाएं समाज के बंधुओं को वर्षो से सेवा का कार्य करती आ रही हैं। प्रोफेसर हृदयेश ने नेत्र रोगियों से कहा कि आप अपने गाँव मे आस पड़ोस में इस बात का प्रचार करें कि अगर कोई मोतिया बिन्द का रोगी है तो वह अस्पताल में आकर सेवा का लाभ ले। प्रतिवर्ष 16 हजार के लगभग नेत्र रोगियों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन इस अस्पताल में होते हैं। कल्याणं करोति के निदेशक सुनील शर्मा जी ने कहा कि हमने 250 बैड का नया हॉस्पिटल भी समाज के सहयोग से तैयार किया है।और आधुनिक मशीनों और विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम के साथ जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। फेडरेशन के प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि कल्याणं करोति लंबे समय से समाज की सेवा कर रही है। मूक बधिरों की सेवा एक जटिल चुनोती है जिसे कल्याणं करोति ने बखूबी निभाया है।



# करनाल से हजारों लोग पहुंचेंगे पेहरावर : सुरेंद्र शर्मा बड़ौता

**सम्मेलन**

▶▶ इस सम्मेलन को लेकर डॉ. अरविंद शर्मा रात दिन प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर चुके हैं।

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल**। हरियाणा के पेहरावर में तीस मई को होने वाले राज्य स्तरीय श्री भगवान परशुराम जयंती समारोह को ऐतिहासक बनाने के लिए करनाल से हजारो लोग पहुंचेंगे। इस सम्मेलन के संयोजक तथा प्रदेश के पर्यटन, जेल एवं सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा की मुहिम को करनाल मे व्यापक समर्थन मिल रहा है।
करनाल की ब्राह्मण धर्मशाला में पत्रकारों से बात करते हुए सर्व ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने बताया कि इस सम्मेलन को लेकर डॉ. अरविंद शर्मा रात दिन प्रदेश के विभिन्न जिलों का दौरा कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि लोगों की हाजरी के नजरिए से यह सम्मेलन अब तक का सबसे विराट सम्मेलन होगा, जो कई प्रकार से इतिहास रच देगा।
उन्होंने बताया कि इस सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली करेंगे। इसके अलावा कई प्रदेशों से उप मुख्यमंत्री, सांसद, विधायक, मंत्री और कई बड़े चेहरे इस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।
हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के प्रवक्ता किशोर नागपाल ने बताया कि इस सम्मेलन को लेकर प्रदेश के सीनियर कैबिनेट मंत्री डा.अरविंद शर्मा के दौरे से प्रदेशभर में राज्य स्तरीय श्री भगवान परशुराम जयंती समारोह को लेकर भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। यह अब तक का देश का सबसे बड़ा महाकुम्भ साबित होगा। व्यापारी वर्ग भी बहुत बड़ी संख्या में भाग लेगा।
सुरेंद्र शर्मा बड़ौता ने बताया कि कल सुबह सात बजे धर्मशाला से बसे रवाना होंगी। इस अवसर पर राजकुमार शास्त्री, श्याम लाल शर्मा, प्रमोद शर्मा, सचिन भारद्वाज, ब्रह्मदत्त शर्मा, सत्यपाल शास्त्री, संजय शर्मा, प्रेम चंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।




# हवन यज्ञ कर मनाई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चर सिंह की प ुण्य तिथि

**मथुरा/टीम एक्शन इंडिया**
रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर के नेतृत्व मे भारत के पूर्व प्रधानमंत्री और किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह की 38वीं पुण्यतिथि पर पार्टी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित स्व. चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा के समक्ष हवन यज्ञ करके उनको श्रद्धांजलि दी।
इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने कहा कि स्व. चौधरी चरण सिंह ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण कार्य किए और उनकी समस्याओं को समझने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह का जीवन और उनके कार्य हमें आदर्श और प्रेरणा देते हैं और हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।



# विज ने अपने आवास पर कैंट क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने आवास पर अम्बाला छावनी विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए। अम्बाला छावनी बीडी फ्लोर मील क्षेत्र से आई बुजुर्ग महिला ने बताया कि उसके मकान का केस कोर्ट में चल रहा था और कोर्ट ने उसके हक में निर्णय दिया था, मगर इसके बावजूद कुछ लोगों ने जबरन उसका सामान घर से बाहर फेंकते हुए उसे घर से



निकाल दिया। मंत्री अनिल विज ने इसपर मौके पर मौजूद डीएसपी को महिला की शिकायत पर मामला दर्ज कर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
इसी तरह श्याम नगर निवासी महिला ने शिकायत में कहा कि उसके पति की गत दिनों मृत्यु हो गई थी। वह सांझे मकान में रहती थी, मगर पति की मृत्यु के बाद उसके जेठ ने जबरन उसे घर से निकाल दिया। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने पुलिस को इस मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए।

छावनी निवासी व्यक्ति ने कैबिनेट मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए बताया कि उसने अपनी बेटी को कैनेडा भेजने के लिए जगाधरी स्थित एजेंटों से संपर्क किया था। एजेंटों ने पहले आश्वासन दिया कि वह उसकी बेटी को कैनेडा भेज देंगे। मगर बाद में एजेंटों ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में वह उसकी बेटी को वर्क वीजा पर भेज देंगे। उन्होंने अपनी बेटी के कागजात एजेंट को दिए और सिक्योरिटी के तौर पर ढाई लाख रुपए भी जमाई कराई। मगर आज तक न तो उसकी बेटी को ऑस्ट्रेलिया भेजा गया और न ही उसकी राशि वापस की गई। मंत्री अनिल विज ने मामले में एसपी यमुनानगर को शिकायत पर कार्रवाई के निर्देश दिए।कैबिनेट मंत्री अनिल विज के समक्ष लालकुर्ती से आई महिला ने उसकी बुढ़ावा पेंशन शुरू नहीं होने की शिकायत दी जिसपर मंत्री अनिल विज ने संबंधित विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी तरह कीर्ति नगर निवासी व्यक्ति ने उसकी गली में पानी निकासी नहीं होने की शिकायत दी, डिसेंट कालोनी निवासी व्यक्ति ने उसका नक्शा पास नहीं होने की शिकायत दी, खोजकीपुर निवासी व्यक्ति ने उसकी जमीन पर कब्जा करने की शिकायत दी

# साइबर अपराधों पर नकेल कसने को लेकर एसपी ने शाखा प्रबंधकों के साथ की बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** जिले में तेजी से बढ़ते साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। इसी कड़ी में बुधवार को पुलिस अधीक्षक नूंह राजेश कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय पुलिस अधीक्षक नूंह के सभागार कक्ष में एक महत्वपूर्ण गोष्ठी आयोजित की गई। इस बैठक में पुन्हाना, पिनगवां, नगीना, नूंह और फिरोजपुर झिरका क्षेत्र के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों ने भाग लिया।
पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य साइबर अपराधों से जुड़ी चुनौतियों और उनके समाधान को लेकर पुलिस और बैंकिंग संस्थानों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना था। पुलिस



अधीक्षक ने बैठक में उपस्थित सभी शाखा प्रबंधकों को गृह मंत्रालय और रिजर्व बैंक द्वारा जारी दिशा-निदेशों की जानकारी दी और इनका सख्ती से पालन सुनिश्चित करने को कहा। इस अवसर पर एसपी एसपी राजेश कुमार ने कहा कि, "बैंकिंग प्रणाली में किसी भी प्रकार की लापरवाही साइबर अपराधियों को मौका देती है। बैंक कर्मचारी सतर्क रहें और संदिग्ध लेन-देन की तत्काल सूचना पुलिस को दें।" उन्होंने सभी शाखा प्रबंधकों से पुलिस का सहयोग करने की अपील भी की। बैठक में साइबर अपराध की रोकथाम के लिए साझा रणनीति पर चर्चा हुई और भविष्य में इस तरह की संयुक्त बैठकें नियमित अंतराल पर आयोजित करने का भी निर्णय लिया गया।

## न्यूज फ्लैश

### वरिष्ठ आयकर अधिकारियों का करनाल दौरा



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। आउटरीच पहल के तहत, हरियाणा क्षेत्र (पंचकूला) की मुख्य आयकर आयुक्त विदिशा कालरा एवं प्रधान आयकर आयुक्त, रोहतक ज्योत्सना जौहरी ने आयकर कार्यालय करनाल रेंज का दौरा किया। संयुक्त आयुक्त हर्षित बंसल के नेतृत्व में अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया।
दौरे की शुरूआत वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुई, जिसमें नीम व बरगद के पौधे लगाए गए, जो विभाग की स्थिरता व पर्यावरणीय प्रतिबद्धता का प्रतीक हैं। इसके बाद संवाद सत्र आयोजित हुआ, जिसमें करनाल रेंज के पाँच जिलों सोनीपत, पानीपत, करनाल, कुरुक्षेत्र और कैथल से आए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स, कर विशेषज्ञों व व्यापार प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ज्योत्सना जोहरी ने क्षेत्र की व्यावसायिक संरचना व रेंज की उपलब्धियों की जानकारी दी। सुरेंद्र पाल, प्रधान आयुक्त (एयू), करनाल ने संचालन व अनुपालन संबंधी अनुभव साझा किए। विदिशा कालरा ने पारदर्शी और सुदृढ़ कर प्रणाली की अपनी दृष्टि रखी और समय पर कर भुगतान, विशेषकर अग्रिम कर की राष्ट्र निर्माण में भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने विभाग की उन्नत सूचना क्षमताओं की चर्चा की जो अनुपालन व्यवस्था को नया आकार दे रही हैं। सत्र में सकारात्मक चर्चा हुई और उत्तरदायी कर संस्कृति के प्रति साझा संकल्प को बल मिला।

### डेहा कालोनी में चलाया गया नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की करनाल यूनिट द्वारा जिले की डेहा कालोनी (मंगल कालोनी) में नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। यूनिट के इंचार्ज निरीक्षक वीरेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में मौजूद बुजुर्गों, युवाओं, महिलाओं, मजदूरों व अन्य व्यक्तियों को नशे के दुष्परिणाम के बारे मे अवगत करवाया गया। उन्होंने कहा कि नशा एक सामाजिक कुरीति है। युवा पीढ़ी नशे के प्रति समाज की सबसे संवेदनशील कड़ी है। हम सभी को मिलकर अपनी युवा पीढ़ी को इस कुरीति से बचना है। नशा सामाजिक, पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन को बर्बाद कर देता है। इसकी लत व्यक्ति की शारीरिक, मानसिक और आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित करती है। उन्होंने हरियाणा सरकार और एचएसएनसीबी की नमक लोटा अभियान, साइकलोथोन मुहिम, नशा मुक्त जीवन नायाब जीवन, बेकैट चलेंज और अन्य पहलें का जिक्र करते हुए कहा कि ये पहले नशे के खिलाफ एक सशक्त संदेश देती हैं और समाज के सभी वर्गों को इसमें शामिल होने के लिए प्रेरित करती हैं।

# मेवली सब स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे विधायक आफताब अहमद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ) :** भीषण गर्मी में बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय नूंह विधायक चौधरी आफताब अहमद ने बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ मेवली गांव में बन रहे 33 केवी बिजली सब-स्टेशन का निरीक्षण किया।
बता दें कि विधायक आफताब अहमद लगातार बिजली आपूर्ति को लेकर अधिकारियों संग बैठक कर रहे हैं। अब वो खुद अधिकारियों संग निरीक्षण करने पहुंचे।विधायक आफताब अहमद ने कहा कि बिजली आपूर्ति मुख्य प्राथमिकता है, जिससे पानी आपूर्ति भी प्रभावित होती है । हमारी कोशिश है कि जल्द से



जल्द अधिक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। जिसके लिए अधिकारियों संग बैठक और सब स्टेशन चालू कराने की दिशा में काम कर रहे हैं ।
विधायक आफताब अहमद ने भीषण गर्मी में अधिकारियों को प्रमुखता पर मेवली सब-स्टेशन को शुरू करने के दिए निर्देश दिए हैं ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से संचालित हो सके तो अधिकारियों ने दस दिन के अंदर नए सब-स्टेशन को शुरू करने का आश्वासन दिया!
कांग्रेस विधायक आफताब अहमद ने बताया कि 2019 में दोबारा विधायक चुने जाने के बाद से ही वो इस बात पर जोर दे रहे थे कि अधिक सब स्टेशन बनाए जाएं और मेवली सब स्टेशन उन्हीं प्रयासों का नतीजा है । हालांकि ये कार्य बीते अक्तूबर तक पूरा होना था, लेकिन विलंब हुआ ।
विधायक आफताब अहमद ने कहा कि अभी बिजली विभाग में काफी काम होने की जरूरत है, प्रयास चंडीगढ़ तक जारी हैं, बिजली की आपूर्ति के साथ साथ गुणवत्ता भी सुधारी जाएगी। इसके लिए वो आला अधिकारियों संग कार्य कर रहे हैं ।
विधायक आफताब अहमद ने बताया कि मेवली, कोटला, आकेड़ा, मुरादबास, बाई, उंटका, मालब आदि गांवों के पांच फीडर जो इस सबस्टेशन से संचालित होंगे, जिससे काफी लाभ होगा।

# एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया ने खिलाड़ियों को दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा इंटेग्रिटी प्लेज कैंपेन के अंतर्गत शहीद नायक हुशन लाल राणा खेल परिसर में सत्यनिष्ठा शपथ ग्रहण एवं एक्सीलेंस प्लेयर अवॉर्ड समारोह का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा एवं इंटरनेशनल चेयरमैन पवन शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। आयोजकों द्वारा नरेंद्र अरोड़ा, पवन शर्मा एवं नीरज गुनियाना का फूल मालाएं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मुख्य निदेशक करनाल नीरज गुनियाना ने की। इस अवसर पर नरेंद्र अरोड़ा ने सभी खिलाडि?ों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलवाई। उन्होंने खिलाडि?ों को अपने उद्बोधन से प्रोत्साहित किया।
उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा सम्पूर्ण भारतवर्ष में सत्यनिष्ठा की शपथ के माध्यम से सच्चाई एवं ईमानदारी और कानून का पालन करने का प्रचार प्रसार किया जा रहा है। देश के प्रत्येक भारतवासी को सत्यनिष्ठा की शपथ लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि फाउंडेशन द्वारा सेंट्रल विजिलेंस कमीशन के शीर्षक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि का भी प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

# सामान्य अस्पताल मांडीखेड़ा में एसडीएम को मिली खामियां

**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** जिला के मांडीखेड़ा सिविल हॉस्पिटल का लक्ष्मीनारायण द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। सिविल हॉस्पिटल में अव्यवस्थाओं बारे बार - बार शिकायतें प्राप्त हो रही थी। एसडीएम द्वारा अलग - अलग व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।
निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रूम नंबर 6 के सामने ओपीडी के बाहर भारी भीड़ लगी हुई थी। लोग एक - दूसरे को धक्का दे रहे थे। कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। ना ही कोई लाइन लगाई हुई थी। साफ - सफाई की व्यवस्था बेहद बेकार थी। सीएमओ अपने कार्यालय में बैठे बातों में व्यस्त पाए गए।
ऐसा प्रतीत हुआ कि सीएमओ द्वारा अपने कार्य के प्रति कोई रूची नहीं दिखाई जा रही है। निरीक्षण में सीएमओ द्वारा कोई सहयोग भी नहीं दिखाया गया। एसडीएम फिरोजपुर झिरका के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान डा. मो. फारुख का हाजिरी रजिस्टर में 28 मई का खाना खाली पाया गया, डा. नेकी यादव का 27 व 28 मई, त्रिलोक यादव का 26, 27, 28 मई 2025 के कॉलम खाली पाए गए। सीएमओ द्वारा नहीं दिया जा रहा है ध्यान। उच्च अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

# कराटे चौंपियनशिप में हैप्पी स्कूल के छात्र अक्षराज का शानदार प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़**। हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार खिलाड़ी अक्षराज ने 35वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता हैं।
यह प्रतियोगिता हरियाणा के जींद जिले में आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा के लगभग सभी जिलों से खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा चौथी के छात्र अक्षराज पुत्र डॉ. अतुल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंटर जिला प्रतियोगिता में रजत पदक



प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने विद्यार्थी को शुभकामना देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए अग्रिम शुभकामना दी।

# गांव कोथल खुर्द में श्री श्याम का द्वितीय विशाल जागरण सात को

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़**। गांव कोथल खुर्द में गौराला कुआं पर श्री श्याम का द्वितीय विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। जिसमें श्री श्याम मंदिर जौरासी धाम नारनौल से कमलकांत महाराज मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।
श्री श्याम मित्र मंडल सदस्य मंजीत यादव ने बताया कि आगामी सात जून शनिवार को शात सात बजे गांव कोथल खुर्द में श्री श्याम का द्वितीय विशाल जागरण आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जागरण में बाबा का अलौकिक श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाकर मनमोहक झाकियां प्रस्तुत कर बाबा की अखड ज्योति जलाई जाएगी।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और एचएयू हिसार के बीच हुआ समझौता

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़**। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच स्नातकोत्तर अनुसंधान, संकाय प्रशिक्षण और वैज्ञानिक संसाधनों की साझेदारी में व्यापक सहयोग को सक्षम बनाएगा। इस समझौता ज्ञापन पर हकेंवि की ओर से कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार तथा सीसीएसएचएयू पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज के डीन डॉ. केडी शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान सीसीएसएचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज की उपस्थिति



रही। समारोह में हकेंवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह समझौता एक दूरदर्शी शैक्षणिक साझेदारी का प्रतीक है जो नवाचार और अंतर्विषयक अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा। दोनों संस्थानों की विशिष्ट क्षमताएं इस सहयोग को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनाएंगी।
सीसीएसएचएयू कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और एक कृषि विश्वविद्यालय के बीच यह सहयोगात्मक पहल बहुविषयक अनुसंधान के माध्यम से वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। यह समझौता विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कृषक समुदाय के लिए लाभदायक साबित होगा। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के रणनीतिक सहयोग शैक्षणिक विस्तार और विद्यार्थी विकास के नए मार्ग खोलते हैं। हम इस साझेदारी से ठोस परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि यह समझौता संस्थागत समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है जो न केवल संकाय सदस्यों और शोधकताओं को लाभान्वित करेगा, बल्कि राज्य के शैक्षणिक विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पूर्व मंत्री के बयान को लेकर दो जून को आंबेडकर चौक पर करेंगे मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़**। भाजपा के कद्दावर नेता ने गत दिवस भिवानी में दिए बयान को लेकर राजपूत समाज के लोगों में रोष व्याप्त हैं। समाज के लोग पूर्व सरपंच अजीत सिंह तोमर, समाजसेवी रूद्रपाल, सरपंच रतन सिंह, रविंद्र सिंह, अधिवक्ता मनोज खुडाना ने कहा कि भाजपा पार्टी को राजपूत समाज शत-प्रतिशत मतदान करता हैं, बावजूद इसके एक बड़े नेता द्वारा समाज को अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवादी बताना राजपूत समाज को नीचा दिखाने के बराबर हैं। समाज के लोग पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा व भाजपा के खिलाफ जनआंदोलन की तैयारी में हैं। प्रदेश व इलाके के सामाजिक लोग इकट्ठे होकर इस पर विचार करेंगे और भाजपा को लिखित में ज्ञापन देंगे कि इस तरह के असहनीय जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने वाले नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया जाए, अथवा सार्वजनिक रूप से माफी नाम लिखवाया जाए। इस प्रकार की अनेक बातों पर विचार करने के लिए महेंद्रगढ़ का राजपूत समाज व सर्व समाज से अपील करता है कि आंबेडकर चौक के पास एकत्रित होकर दो जून को सुबह 10 बजे एक मीटिंग का आयोजन करेंगे। इसके बाद महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन 5 जून को शिक्षा मंत्री के आवास पर ज्ञापन देने जाएंगः कुसुम

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर**। मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा की कर्मचारियों की मांगों को लेकर बैठक रेलवे स्टेशन के पास पार्क में यूनियन की महासचिव कुसुम पांचाल की अध्यक्षता में हुई । एआईयूटीयूसी के जिला सचिव कामरेड बलवीर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा की 5 जून को अपनी मांगों को लेकर के ताऊ देवीलाल पार्क में इकट्ठी होकर शिक्षा मंत्री महिपाल डंडा के आवास पर ज्ञापन देने जाएंगे । यह पूरे हरियाणा की रैली होगी । उन्होंने कहा कि महंगाई के जमाने में मात्र 7000 रुपए में गुजारा करना कितना कठिन होता जा रहा है और वह भी समय पर नहीं मिलता है और केंद्र का




1000 तो कई कई माह तक भी नहीं दिया जाता है। एआईयूटीयूसी के राज्य उपाध्यक्ष ईश्वर सिंह राठी ने संबोधित करते हुए कहा कि मिड डे मील की बहने सरकार द्वारा लगाई जाती हैं सरकार का ही काम करती हैं लेकिन तब भी सरकार अपना कर्मचारी मानने के लिए तैयार नहीं है उन्होंने कहा कि कम से कम प्रांत में जो न्यूनतम वेतन है वही दे दिया जाए काफी दिनों से ड्रेस के पैसे भी नहीं बढ़ाए जा रहे हैं । यूनियन के महासचिव कुसुम पांचाल को पट्टी कल्याणा की मुख्य अध्यापिका तानाशाही व्यवहार करके व पुलिस से मिली भगत कर उनको थाने में पकड़वाया गया और उनसे एक सफेद कागज पर हस्ताक्षर करवाए गए और इसकी खाना पूर्ति के लिए अधिकारियों से मिलकर उनको नौकरी से निकाल दिया गया , किसी की नौकरी लेना कितनी बुरी बात है । पानीपत में पूरे हरियाणा की अब तक की रिकॉर्ड तोड़ रैली होगी मिड डे मील की बहनों में जबरदस्त आक्रोश है अगर हमारी मांगों पर सरकार विचार नहीं करेगी और यह आंदोलन और भी ज्यादा तेज होगा। कुसुम पांचाल ने संबोधित करते हुए कहा कि सिर्फ यही बात कही थी कि दूसरे स्कूलों में दूध मिलता है ,हमारे यहां भी मिलना चाहिए दाल पूरी नहीं मिलती है । उन्होंने आरोप लगाया कि इन बातों से ही मुख्य अध्यापिका चिढ गई और मेरे खिलाफ ऊपर के अधिकारियों को भी गुमराह करके नौकरी से हटाने का काम किया है। जब तक हमारी मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा यह आंदोलन जारी रहेगा ।

# बरसात में नहीं होगा जलभराव, नहरों से लेकर जलभराव वाली जगहों को लेकर संजीदा दिख रहा प्रशासन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नूंह मेवात (लियाकत अली ):** बरसात के सीजन में जलभराव सहित बाढ़ जैसी स्थिति को देखते हुए इस बार जिला प्रशासन पूरी तरह से संजीदा दिखाई दे रहा है। न केवल
बैठकों का दौर जारी है बल्कि जिले के नहरों, राजवाहे एवं ऐसे गांव को चिन्हित कर वहां सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जहां बीते साल काफी बड़ी मात्रा में बरसात का पानी जमा हो गया था और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।
उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान



बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के सभी उपायुक्त के साथ बैठक की थी। बाढ़ से राहत कार्य को लेकर यह बैठक की गई थी। इसमें विस्तृत चर्चा हुई थी। इसमें दिशा निर्देश दिया कि सभी उपायुक्त एवं सभी अधिकारी फील्ड में उतरकर ग्रामीणों और सरपंचों से संपर्क करें। उनसे चर्चा करें, कहां पर जल भराव है। कहां - कहां पर ड्रेनों की सफाई का जो काम है, वह चल रहा है। उसमें कितनी सफाई हुई है। उसकी फोटोग्राफ लेकर उसे डालें, कोई सजेशन है तो उसे बताएं।

# बुराड़ीः विलुप्त होती उत्तराखंडी भाषा को बढ़ावा देने में जुटी है मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः बोली व भाषा** किसी भी समाज की समृद्धता की प्रतीक मानी जाती है, लेकिन उत्तराखंड की प्रमुख भाषा गढ़वाली और कुमाऊनी, जौनसारी विलुप्त होने की कगार पर है, ऐसे में कहीं पर कोई आशा की किरण दिख जाए तो क्या कहना। वो कहावत तो सुनी ही होगी आशा हमेशा अमर होती है और उसी आशा की किरण बनकर सामने आई है बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले संत नगर वार्ड से भाजपा की नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष संगीता बिष्ट। जिन्होंने



पहाड़ो की भाषा उत्तराखंडी को बढ़ावा देने की पहल करते हुए अपने ही घर में बच्चों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान कर रही है, जिसके फलस्वरूप यहां पढ़ने वाले बच्चों को फिर चाहे वो गढ़वाली हो या यूपी, बिहार, बंगाल, सभी को गढ़वाली बोलनी व समझनी आने



लगी है। संगीता बिष्ट का कहना है कि कोचिंग में बच्चों को प्रार्थना भी गढ़वाली में करवाई जाती है। उन्होंने कहा कि बच्चों को कोचिंग देने का मकसद है कि नई पीढ़ी को लोकभाषा गढ़वाली और कुमाऊनी का ज्ञान हो। संगीता बिष्ट ने बताया कि डीपीएमआई के डायरेक्टर व भाजपा प्रदेश मंत्री विनोद बछेती ने मुहिम चलाई थी जिसके तहत दिल्ली के अलग-अलग इलाको में सेंटर खोले गए है, जिसमें बच्चों को गढ़वाली, कुमाउनी, जौनसारी लोकभाषा का ज्ञान दिया जाता है, जिसमें कि बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र में भी 6 सेंटर चलाए जा रहे है। लेकिन सरकारी प्रयासों के बिना लोकभाषाओं का संरक्षण संभव नहीं है। समय की मांग है कि गढ़वाली, कुमाऊनी जैसी लोकभाषाओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए, नहीं तो उत्तराखंड की ये सुन्दर लोकभाषाएं इतिहास बन जाएंगी।

## लैंड फॉर जॉब मामले में लालू यादव की याचिका पर हाई कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली हाई** कोर्ट ने लैंड फॉर जॉब घोटाला मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू यादव की सीबीआई की ओर से दायर एफआईआर और चार्जशीट रद्द करने की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया है। जस्टिस रविंद्र डूडेजा की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया।
लालू यादव ने लैंड फॉर जॉब मामले में सीबीआई की ओर से दायर एफआईआर और चार्जशीट को रद्द करने की मांग की है। सुनवाई के दौरान लालू यादव की ओर से पेश वकील वरिष्ठ कपिल सिब्बल ने दलील दी कि 2004 से 2009 के बीच कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। मामले में क्लोजर रिपोर्ट दाखिल होने के बाद 2020 में सीबीआई ने एफआईआर दर्ज किया, यह एक तरह से प्रताड़ित करना है। सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से पेश वकील डीपी सिंह ने लालू यादव की याचिका का विरोध करते हुए कहा कि लालू यादव के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 19 के तहत जरुरी अनुमति ली गई थी। इस पर सिब्बल ने कहा कि भ्रष्टाचार निरोधक कानून की धारा 19 के पहले धारा 17ए के तहत जरुरी अनुमति लेनी होती है, जो नहीं ली गई। तब डीपी सिंह ने कहा कि 17ए के तहत जरुरी अनुमति के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के समक्ष मामला लंबित है।

## भोजपुरी सेवा समिति ने नवनियुक्त थाना अध्यक्ष विक्रम सिंह से की शिष्टाचार मुलाकात

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भोजपुरी सेवा** समिति के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त थाना अध्यक्ष विक्रम सिंह को फूलों का गुलदस्ता, तुलसी जी का पौधा व अंग वस्त्र से सम्मानित किया।
इस मौके पर समिति के अध्यक्ष मनोज सिंह ने बताया कि श्री सिंह को रोहिणी जिले में थाना प्रेम नगर का थाना अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। थाना अध्यक्ष विक्रम सिंह थाना भलस्वा डेयरी में बतौर एटीओ अपनी सेवाएं दे चुके है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर वह काफी गंभीर रहे थे।



मुकंदपुर इलाके में उन्होंने सुरक्षा से संबंधित हर पहलू पर गौर किया था तथा एक लकीर खींची थी सुरक्षा को लेकर। उन्होंने आगे बताया कि कोरोना काल के दौरान मुकुंदपुर इलाका जो कि लगभग 65,000 की आबादी वाला था उसको लेकर वह और पूरा थाना सतर्क रहा था। विक्रम चौहान अपने आप में मुकुंदपुर के लिए एक सुरक्षा कवच थे। क्योंकि यह ऑफिस में कम और रोड़ पर ज्यादा दिखाई देते थे।
इस अवसर पर भोजपुरी सेवा समिति अध्यक्ष मनोज सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अजय सिंह, महासचिव जयकरण सिंह, सचिव अरविंद पांडे, विजय प्रधान, आनंद सिंह सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत कर्मचारियों को दो महीनों से वेतन नहीं मिला हैः देवेन्द्र यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि पिछली सरकार द्वारा दिल्ली को स्वास्थ्य क्षेत्र में ध्वस्त करने के बाद भाजपा ने स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांति लाने की बात कही थी और सभी अस्पतालों को स्वस्थ बनाने का वादा किया था, परंतु रेखा गुप्ता सरकार ने अपने 100 दिन के कार्यकाल में ही लोगों को रोजगार देने की बजाय मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत 2000 कर्मचारियों को निकालने का काम शुरू कर दिया है



जिसमें 1500 नर्स, फार्मासिस्ट, मल्टी टास्किंग स्टाफ और करीब 500 डॉक्टर शामिल है। इन कर्मचारियों को इस प्रकार से निकाला जाना प्रिंसीपल ऑफ नेचुरल जस्टिस और मानवीय पहलू के खिलाफ है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में कार्यरत कर्मचारियों को दो महीनों से वेतन नहीं मिला है जिससे ये कर्मचारी भुखमरी के कगार पर बैठे है और अब उनको नौकरी जाने का डर भी सता रहा है। भाजपा की दिल्ली सरकार अपना तानाशाही रवैया अपनाते हुए इन कर्मचारियों से नो ड्यूज पर जबरन साइन करवा रही है, जिससे साफ जाहिर होता हैं कि इनको निकालने तैयारी शुरू हो गई है।
देवेन्द्र यादव ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक कर्मचारियों में अफरा तफरी का माहौल है और वे अलग-अलग अफसरों से मिल रहे है परंतु उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। जबकि हाल ही में मोहल्ला क्लीनिक के कर्मचारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से मिले थे, तो उन्होंने आश्वासन दिया था कि आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनने के बाद इन कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी परंतु मुख्यमंत्री के आश्वासन के विपरित कार्य करके मोहल्ला क्लीनिक कर्मचारियों के साथ अन्याय किया जा रहा है।



मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा के साथ क्षेत्र का दौरा करते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी, कई अधिकारी व अन्य भाजपा कार्यकर्ता।

## राजधानी दिल्ली के कई इलाकों में प्रभावित रहेगी जल आपूर्ति

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली के कई इलाकों में आगामी दिनों के दौरान पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड ने 31 मई की शाम और एक जून की सुबह को लेकर एडवाइजरी जारी की है, जिसके अनुसार तकनीकी कार्यों के कारण कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह से बंद या कम दबाव में हो सकती है। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार, 1000 मिमी व्यास की नई महरौली वॉटर मेन को जोड़ने के लिए डियर पार्क पंपिंग स्टेशन परिसर, आईआईटी गेट नंबर 2 और पीडब्ल्यूडी स्टोर, औरंगजेब मार्ग पर इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है। इसके चलते कुतुब यूजीआर और महरौली क्षेत्र को जल आपूर्ति करने वाली डियर पार्क से निकल रही लाइन प्रभावित रहेगी। इससे महरौली टाउनशिप, सर्वप्रिय विहार, बेगमपुर, कालू सराय, सर्वोदय एनक्लेव, विजय मंडल, आजाद अपार्टमेंट, अधचिनी, कटवारिया सराय और कुतुब इंस्टिट्यूशनल एरिया में पानी की आपूर्ति बाधित होगी। इसके अतिरिक्त, जल बोर्ड ने यह भी बताया कि ड्रेन नंबर 12 पर हंसराज भवन, आईटीओ के पास 900 मिमी की किलोकारी मेन पाइपलाइन को ऊंचा करने के लिए 24 घंटे का शटडाउन स्वीकृत किया गया है।

## एक्स पोस्ट कर सिसोदिया ने दिल्ली की जनता का अपमान किया हैः कपूर

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी नेता मनीष सिसोदिया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से भाजपा पर साम दाम दंड भेद सरकार बनाने का आरोप लगाना दिल्ली की जनता के वोट का अपमान तो किया ही है खुद अपने को हास्य का पात्र बना लिया है और एक पुरानी कहावत है कि छज बोले तो बोले छलनी भी बोले जिसमें 72 छेद। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल, मनीष



सिसोदिया, सौरभ भारद्वाज, सत्येन्द्र जैन जैसे "आप" के अनेक शीर्ष नेता चुनाव हारे पर अपने क्षेत्र की जनता के मूड का चुनाव पूर्व आंकलन कर जिस सफाई से मनीष सिसोदिया ने चुनाव क्षेत्र बदला पर वहां भी हारे हमें लगता था वह अब तो जनता के वोट का सम्मान करेंगे पर आज यह एक्स पोस्ट कर सिसोदियो ने दिल्ली की जनता का अपमान किया है। दिल्ली भाजपा प्रवक्ता ने इस संदर्भ में मनीष सिसोदिया को एक्स पोस्ट पर भी जवाब दिया है और कहा है की दिल्ली की जनता बहुत पहले से "आप" से शराब घोटाले का जवाब लेने का मन बना चुकी थी और अब 2027 में पंजाब की जनता भी सिसोदिया की बनवाई भ्रष्ट शराब नीति का हिसाब "आप" से लेगी।

## दिल्ली को ग्रीन एनर्जी कैपिटल बनाने के लिए दिल्ली सरकार हर संभव प्रयास कर रही हैः सूद

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के ऊर्जा** मंत्री आशीष सूद ने किलोकरी, 33 केवी सब-स्टेशन, नई दिल्ली में राजधानी पावर लिमिटेड द्वारा बनाये गए भारत की पहली वाणिज्यिक रूप से अनुमोदित एवं दक्षिण एशिया की सबसे बड़ी 20 मेगावाट/ 40 मेगावाट-प्रति घंटा स्टैंडअलोन यूटिलिटी स्केल बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली का उद्घाटन किया। इस अवसर पर रामवीर सिंह बिधूड़ी सांसद के साथ-साथ बिजली कंपनियों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। श्री




सूद ने परियोजना के बारे में बताया की यह भारत के साथ ही राजधानी दिल्ली के लिए बिजली के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की सरकार ने इसे रिकॉर्ड समय में बनाकर तैयार किया है। इंडीग्रिड, जीईएपीपी और टेरी के सहयोग से विकसित यह परियोजना पूरे भारत में ऐसी नियामक और नई तकनीकी के लिए नई मिसाल कायम करेगी। यह साउथ एशिया का सबसे बड़ा स्टैंडअलोन बैटरी इनवर्टर टाइप पावर सेटअप है, सबसे आधुनिक तकनीक पर आधारित। इसके माध्यम से हम दिल्ली की जनता को निर्बाध बिजली आपूर्ति देने का कार्य करने जा रहे हैं। यह सबसे आधुनिक प्रक्रिया बड़े पैमाने पर अपनाई जाएगी, ताकि दिल्ली की जनता को बिना किसी रुकावट के बिजली मिल सके।
ऊर्जा मंत्री ने आगे कहा की दिल्ली में हम इस नई तकनीक का उपयोग करना चाहते हैं, जिसके लिए आवश्यक निवेश की व्यवस्था की जाएगी।

## वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद, कृषि विकास में लाएगा क्रांतिकारी परिवर्तनः मिश्रा

**शिवानी मोरवाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली के** उत्तर जिला स्थित दरियापुर गांव में गुरूवार को "विकसित कृषि संकल्प अभियान" का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति, कृषि एवं विकास और पर्यटन मंत्री कपिल मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यह आयोजन केंद्र सरकार की एक महत्त्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत किया गया, जिसका उद्देश्य किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच प्रत्यक्ष संवाद स्थापित कर




कृषि में नवीन तकनीकों और नवाचारों को बढ़ावा देना है। अपने संबोधन में श्री मिश्रा ने बताया कि यह अभियान दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जहां वर्षों तक किसानों की समस्याओं की अनदेखी की गई। उन्होंने कहा, "पहले मुझे भी यह नहीं पता था कि दिल्ली में एक कृषि मंत्रालय है, लेकिन अब समय बदल गया है। हमारी सरकार ने दिल्ली के देहात को उसकी सही पहचान देने का संकल्प लिया है। दिल्ली में किसान भी हैं, खेती भी होती है और अब एक सशक्त कृषि मंत्रालय भी सक्रिय रूप में काम कर रहा है। श्री मिश्रा ने जानकारी दी कि अभियान के अंतर्गत दिल्ली के 50 स्थानों पर विशेष संवाद कैंप आयोजित किए जाएंगे, जहां कृषि वैज्ञानिकों और किसानों के बीच सीधा संवाद होगा। वैज्ञानिक न केवल किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी देंगे, बल्कि उनके अनुभवों और नवाचारों का भी दस्तावेजीकरण किया जाएगा।

## समाज कल्याण मंत्री ने दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व अन्य उपकरणों का किया वितरण

**तीरथ राज/टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** समाज कल्याण, एससी/एसटी कल्याण, चुनाव और सहकारिता मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने गुरुवार को महर्षि वाल्मीकि अस्पताल के ऑडिटोरियम में सुगम्य सहायक योजना के तहत दिव्यांगों को ट्राई साइकिल व अन्य सहायक उपकरणों का वितरण किया।
रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की समाज कल्याण विभाग अब हर महीने की 10 तारीख को वितरण कैम्प का आयोजन करेगा, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से



वंचित न रह जाए। समाज कल्याण मंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सशक्त दिव्यांग, समर्थ भारत संकल्प की दिशा में पिछले तीन महीनों में सुगम्य सहायक योजना के तहत सभी 10 जिलों के लाभार्थियों को लगभग 400 सहायता उपकरण दिए गए हैं। अब सुगम्य सहायक योजना के अंतर्गत हर माह की 10 तारीख को मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करने के विभाग को निर्देश दिए गए हैं, जिसकी शुरूआत जुलाई 2025 से होनी है। हर महीने एक जिले में यह शिविर लगेगा, इसमें दिल्ली के किसी भी कोने से पात्र लाभार्थी इन शिविरों में आकर योजना का लाभ उठा सकेंगे। स्थान को लेकर कोई दिक्कत नहीं होगी। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की सरकार सुविधा भी देती है और सुनवाई भी करती है। दिव्यांग व्यक्तियों के लिए राज्य आयुक्त के रिक्त पद को भरने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह वैधानिक पद लगभग डेढ़ वर्ष से खाली है। रविन्द्र इन्द्राज ने कहा की दिव्यांगों को बेहतर और आधुनिक उपकरण देने के लिए हाल ही में उन्होंने कानपुर स्थित भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम का प्लांट विजिट किया। सरकार का प्रयास है कि दिव्यांगों को अच्छी गुणवत्ता वाले उपकरण देकर आत्मनिर्भर बनने में योगदान दे।



जिला केशवपुरम भाजपा का जिला अध्यक्ष बनने पर अजय खटाना को बधाई देते हुए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोशन कंसल व अन्य।

# आईपीएल 2025 के पहले क्वालिफायर में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आमने-सामने

**मुल्लांपुर :** आईपीएल 2025 के पहले क्वालिफायर में पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम आमने-सामने होगी। शाम साढ़े सात बजे से न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में खेले जाने वाले इस मैच के लिए दोनों टीमों ने कमर कस ली है। जहां पंजाब को क्वालिफायर-एक से पहले दो दिन का आराम मिला, वहीं बेंगलुरु की टीम एक दिन के गैप के बाद ही इस अहम मुकाबल में खेलने उतरेगी। हालांकि जिस अंदाज में आरसीबी की टीम ने अपने पिछले मैच में लखनऊ सुपर जाएंट्स को हराया, उससे टीम का आत्मविश्वास बढ़ा होगा। आरसीबी ने आईपीएल इतिहास का अपना सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। इस मैच में उसके सभी बल्लेबाज फॉर्म में दिखे। ऐसे में टीम चाहेगी कि क्वालिफायर-1 जीतकर सीधे फाइनल में जगह बनाई जाए। हालांकि, आरसीबी का प्लेऑफ में रिकॉर्ड कुछ खास नहीं रहा है। टीम अपने पहले खिताब की तलाश में है। बेंगलुरु की टीम 10 बार प्लेऑफ में पहुंच चुकी है, लेकिन कभी खिताब नहीं जीत पाई। इस बार उसके पास सबसे अच्छा मौका है। आइए हम पंजाब और आरसीबी के बीच मुल्लांपुर में होने वाले क्वालिफायर-1 मैच से पहले बेंगलुरु के प्लेऑफ में रिकॉर्ड के बारे में जानते हैं। साथ ही यह भी जानते हैं कि प्लेऑफ में उनके लिए किसने सबसे ज्यादा रन बनाए और किसने सबसे ज्यादा विकेट लिए...

**बेंगलुरु का प्लेऑफ में खराब रिकॉर्ड:** बेंगलुरु ने प्लेऑफ में अब तक कुल मिलाकर 15 मैच खेले हैं, जो कि 10 बार प्लेऑफ में पहुंचने वाली टीम के लिए बेहद कम हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि टीम नॉकआउट मैचों को ज्यादातर मौकों पर पार नहीं कर सकी। इन 15 में से 10 मैचों में टीम को हार मिली है, जबकि पांच में उन्हें जीत मिली है।

टीम ने 2011 और 2016 में दो बार क्वालिफायर-एक का मुकाबला खेला है। 2011 में उन्हें चेन्नई सुपर किंग्स ने हराया था।

इसके बाद क्वालिफायर-दो में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराया और फाइनल में जगह बनाई। फिर फाइनल में सीएसके ने एक बार फिर आरसीबी को हराया। वहीं, 2016 में आरसीबी ने गुजरात लायंस को चार विकेट से हराया था। हालांकि, फाइनल में टीम को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

**कोहली व अरविंद का जलवा**
आरसीबी के लिए प्लेऑफ में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड विराट कोहली के नाम है। उन्होंने 15 पारियों में 26.23 की औसत और 121.78 के स्ट्राइक रेट से 341 रन बनाए हैं। वहीं, दूसरे नंबर पर 268 रन के साथ एबी डिविलियर्स और तीसरे नंबर पर 250 रन के साथ क्रिस गेल हैं। आरसीबी के लिए प्लेऑफ में सबसे ज्यादा विकेट श्रीनाथ अरविंद ने लिए हैं।
उन्होंने प्लेऑफ में सात पारियों में 10 विकेट लिए हैं। नौ विकेट के साथ युजवेंद्र चहल दूसरे स्थान पर और सात विकेट के साथ मोहम्मद सिराज तीसरे नंबर पर हैं।

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम:** विराट कोहली, रजत पाटीदार (कप्तान), स्वास्तिक चिकारा, जितेश शर्मा, फिल सॉल्ट, मनोज भंडागे, टिम डेविड, क्रुणाल पांड्या, लियम लिविंगस्टोन, रोमारियो शेफर्ड, जैकब बेथेल, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, जोश हेजलवुड, नुवान तुषारा, यश दयाल, रसिख डार सलाम, सुयश शर्मा, मोहित राठी, अभिनंदन सिंह, मयंक अग्रवाल, ब्लेसिंग मुजाराबानी, टिम सीफर्ट, लुंगी एनगिडी।



## रिकी पोंटिंग और श्रेयस अय्यर की जुगलबंदी टीम को कामयाबी की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी

**नई दिल्ली :** आईपीएल 2025 में आज रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना क्वालिफायर-1 में पंजाब किंग्स से होगा। यह मुकाबला आज शाम साढ़े सात बजे से न्यू चंडीगढ़ के मुल्लांपुर में खेला जाएगा। सीजन की शुरूआत में किसी ने नहीं सोचा था कि रिकी पोंटिंग और श्रेयस अय्यर की जुगलबंदी टीम को कामयाबी की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी। टीम ने 11 साल बाद प्लेऑफ में जगह बनाई और क्या धांसू अंदाज में बनाई। टीम 2014 की तरह शीर्ष स्थान पर रहते हुए प्लेऑफ में पहुंची। हालांकि, कोच पोंटिंग की नजर में टीम ने अभी तक कुछ हासिल नहीं किया है और उनके मुताबिक आगे बड़े मैच बाकी हैं। टीम के पास क्वालिफायर-1 जीतकर सीधे फाइनल में पहुंचने का मौका है। अगर टीम क्वालिफायर-1 में हार जाती है तो क्वालिफायर-दो में जीतकर फाइनल में पहुंचने का मौका भी उनके पास होगा। आइए हम पंजाब और आरसीबी के बीच मुल्लांपुर में होने वाले क्वालिफायर-1 मैच से पहले पंजाब के प्लेऑफ में रिकॉर्ड के बारे में जानते हैं।

**क्वालिफायर-1 में एक मैच खेला और हारे:** पंजाब ने सिर्फ एक बार क्वालिफायर-1 खेला है और 100 प्रतिशत हार का रिकॉर्ड है। 2014 में जॉर्ज बेली की कप्तानी में पंजाब की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स से क्वालिफायर-1 में भिड़ी थी, लेकिन हार गई थी। इसके बाद क्वालिफायर-दो जीतकर पंजाब की टीम फाइनल में पहुंची थी, लेकिन उन्हें वहां भी मुंह की खानी पड़ी थी।
प्लेऑफ में कुल मिलाकर पंजाब ने चार मैच खेले हैं। इसमें से टीम सिर्फ एक मैच जीत सकी है और तीन में हार का सामना करना पड़ा है। 2014 के अलावा टीम 2008 में टीम एलिमिनेटर (तब दो सेमीफाइनल खेले जाते थे और सेमीफाइनल को एलिमिनेटर मैच कहा गया है) में चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब को नौ विकेट से हराया था।

# मनिका बत्रा यूटीटी 2025 से बाहर, अयहिका मुखर्जी को मिला मौका



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनीका बत्रा छठे संस्करण के अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) से बाहर हो गई हैं। वह चोट के कारण टूनार्मेंट में हिस्सा नहीं लेंगी। उनकी जगह अब अयहिका मुखर्जी अहमदाबाद एसजी पाइपर्स की टीम में शामिल होंगी।

**वर्ल्ड चैंपियनशिप में लगी चोट, रिहैब में हैं मनिका:** मनिका बत्रा को हाल ही में संपन्न हुई टेबल टेनिस वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025 के दौरान चोट लगी थी। फिलहाल वह रिहैब से गुजर रही हैं। टूनार्मेंट में मनिका को पहले ही राउंड में हार का सामना करना पड़ा था, जहां वह रैंकिंग में नीचे चल रही कोरियाई खिलाड़ी पार्क गाह्योन (रैंक 64) से राउंड ऑफ 64 में हार गई थीं। उस समय मनिका की विश्व रैंकिंग 46 थी, जो अब गिरकर 47 हो गई है।

**नीलामी में अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने खरीदा था** यूटीटी के पहले-एवर ऑक्शन में मनीका बत्रा को अहमदाबाद एसजी पाइपर्स ने टीम में शामिल किया था। इससे पहले वह पीबीजी पुणे जैगुआर्स की ओर से खेलती थीं, जिन्होंने उन्हें रिलीज कर दिया था।

**टीम में अन्य प्रमुख खिलाड़ी:** मनिका की गैरमौजूदगी में टीम पर असर पड़ सकता है। हालांकि, टीम में अन्य अहम खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रिकार्डो वाल्थर, एसएफआर स्नेहित, जॉर्जिया पिकोलिन, दिव्यांश श्रीवास्तव और याशिनी शिवशंकर शामिल हैं।

## वूमेन अंडर-15, 19, 23 व सीनियर वर्ग के चयन ट्रायल

**मुरादाबाद।** पूर्व रणजी खिलाड़ी एव डिस्ट्रिक स्पोर्टर्स एसोसिएशन (डीएसए) के सचिव विजय गुप्ता एडवोकेट ने गुरुवार को बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (यूपीसीए) की वूमेन अंडर-15, 19, 23 व सीनियर वर्ग के चयन ट्रायल डीएसए द्वारा स्प्रिंगफील्ड क्रिकेट अकैडमी के खेल के मैदान पर आज हुआ। इसमें मुरादाबाद, अमरोहा एवं संभल जिले की पंजीकृत वूमेन खिलाड़ियों के प्रारम्भिक चयन ट्रायल समस्त खेल सुविधाओं के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। विजय गुप्ता ने आगे बताया कि ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों ने पूरे कौशल के साथ अपने खेल का शानदार प्रदर्शन किया। जिसमें चयनकर्ताओं द्वारा कई प्रतिभावान खिलाड़ियों को भी चिन्हित किया गया।

## एशियाई ऑल-स्टार्स ने प्रदर्शनी मैच में मैनचेस्टर यूनाइटेड को 1-0 से हराया



**नई दिल्ली।** मैनचेस्टर यूनाइटेड को बुधवार को कुआलालंपुर स्थित बुकित जलिल मैदान में खेले गए एक प्रदर्शनी फुटबॉल मुकाबले में दक्षिण-पूर्व एशिया के चुनिंदा खिलाड़ियों की टीम एशियन ऑल-स्टार्स से 0-1 की हार झेलनी पड़ी। म्यांमार की पुरुष राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान मौंग मौंग ल्विन ने 71वें मिनट में एकमात्र गोल कर अपनी टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

**कोच अमोरीम ने मानी टीम की कमजोरी:** कोच रुबेन अमोरीम की टीम को मुकाबले की अंतिम सीटी बजने के बाद दर्शकों की नाराजगी का सामना करना पड़ा। कुछ समर्थक तो मुकाबला समाप्त होने से पहले ही मैदान छोड़कर चले गए। मैच के बाद अमोरीम ने कहा, "हम धीमी गति से खेले और हमारे अंदर अभी यह भावना नहीं है कि हम हर अभ्यास सत्र या हर खेल में जीत दर्ज करें। दर्शकों की नाराजगी जरूरी है, ताकि हमें अपनी कमियां समझ में आएं।"

**पहले भाग में ऑल-स्टार्स का आक्रामक खेल:** 32 डिग्री सेल्सियस (90 फॉरेनहाइट) की गर्मी में शुरू हुए इस मुकाबले के पहले भाग में दक्षिण-पूर्व एशियाई खिलाड़ियों की टीम अधिक आक्रामक नजर आई। 16वें मिनट में उनका एक प्रयास गोल के पास से निकल गया, जबकि यूनाइटेड के रक्षक गोलपाल (गोलकीपर) आंद्रे ओनाना ने एक शानदार नीचे जाती हुई गेंद को रोककर दर्शकों का दिल जीत लिया। किशोर मिडफील्ड खिलाड़ी कोबी मैनू ने यूनाइटेड के लिए पहला वास्तविक अवसर 25 गज से मारा, जिसे प्रतिद्वंद्वी गोलपाल ने बाहर भेज दिया। 38वें मिनट में उनका एक और प्रयास रेखा से पहले ही रोक लिया गया।

**दूसरे भाग में ब्रूनो और गारनाचो की कोशिशें बेअसर:** दूसरे भाग की शुरूआत में कप्तान ब्रूनो फर्नांडिस को मैदान में उतारा गया, जिनकी एक हाफ-वॉली ने थोड़ी ऊर्जा दिखाई, लेकिन परिणाम नहीं बदल सका।

## नॉर्वे शतरंज 2025: गुकेश ने की जबरदस्त वापसी, राउंड 3 में हिकारू नाकामुरा को हराया



**स्टावेंजर।** विश्व चैंपियन गुकेश डोमरराजू ने नॉर्वे शतरंज 2025 के तीसरे राउंड में वर्ल्ड नंबर 2 हिकारू नाकामुरा को एक बराबरी के एंडगेम में हराकर शानदार वापसी की। शुरूआती दो राउंड में लगातार हार के बाद यह जीत भारतीय शतरंज सनसनी के लिए बेहद जरूरी और सुकून देने वाली रही, जिससे उन्होंने अपने खिताबी इरादों को फिर से मजबूत कर दिया। कैरुआना की वापसी, अर्जुन एरिगैसी को हराकर हासिल किया तीसरा स्थान फबियानो कैरुआना ने भी पहले राउंड में हार के बाद जोरदार वापसी करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इस बार उन्होंने भारत के अर्जुन एरिगैसी को मात दी। इस जीत के साथ कैरुआना ने लाइव रेटिंग में अर्जुन से वर्ल्ड नंबर 3 की पोजिशन छीन ली है।

**कार्लसन और वेई यी के बीच ड्रॉ, आमार्गेडन में वेई की शानदार चाल:** वर्ल्ड नंबर 1 मैग्नस कार्लसन और वेई यी के बीच मुकाबला क्लासिकल गेम में ड्रॉ रहा। हालांकि कार्लसन ने ओपनिंग से थोड़ी बढ़त बनाई थी, लेकिन वेई यी की मजबूत डिफेंस के आगे वे कुछ खास हासिल नहीं कर सके। आमार्गेडन में वेई यी ने एक शानदार चाल चली और जटिल पोजिशन में कार्लसन से गलती करवा दी। नतीजा यह रहा कि वेई ने यह मुकाबला खूबसूरती से जीत लिया।

**नॉर्वे शतरंज वुमेंस: हंपी कोनेरू की दमदार जीत, अन्ना मुझिचुक शीर्ष पर कायम:** नॉर्वे शतरंज वुमेंस टूनार्मेंट में एक बार फिर भारतीय ग्रैंडमास्टर हंपी कोनेरू ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सारा सादात खादेमअलशरियेह के खिलाफ ओपनिंग से ही बेहतर स्थिति बनाई और धीरे-धीरे दबाव बनाते हुए जीत दर्ज की। बाकी दो मुकाबले, टिंगजी लेई बनाम अन्ना मुझिचुक और वैषाली रमेशबाबू बनाम जू वेनजुन,आमार्गेडन में गए, जो इस प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले को दशार्ते हैं। इन आमार्गेडन गेम्स में अन्ना मुझिचुक और जू वेनजुन ने जीत दर्ज कर अतिरिक्त अंक हासिल किए। अन्ना मुझिचुक इस जीत के साथ महिला वर्ग में शीर्ष पर बनी हुई हैं।

## मंगलुरु में छठे एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग 30 मई से एक जून तक

**मंगलुरु।** भारत की सर्फिंग दुनिया की नजरें एक बार फिर कर्नाटक के तटीय शहर मंगलुरु पर टिकी हैं, जहां शुक्रवार से तन्निरभवी इको बीच पर छठा एनएमपीए इंडियन ओपन ऑफ सर्फिंग (एनएमपीए आईओएस) शुरू होने जा रहा है। यह प्रतियोगिता 30 मई से एक जून 2025 तक आयोजित की जाएगी और 2025 नेशनल सर्फिंग चैंपियनशिप सीरीज का दूसरा पड़ाव होगी। सर्फिंग स्वामी फाउंडेशन की ओर से आयोजित और मंतर सर्फ क्लब की मेजबानी में इस प्रतियोगिता को सर्फिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का समर्थन प्राप्त है। यह संस्करण न केवल नेशनल चैंपियनशिप सीरीज का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि देश के सर्वश्रेष्ठ सर्फरों के लिए कीमती रैंकिंग अंक अर्जित करने का भी अवसर है। तीन दिन की प्रतियोगिता में 50 से अधिक शीर्ष सर्फर हिस्सा लेंगे, जो चार श्रेणियों में मुकाबला करेंगे: मेन्स ओपन, विमेन्स ओपन, अंडर-16 (लड़के) और अंडर-16 (लड़कियां)। इस बार की मुख्य झलकियों में से एक है डिफेंडिंग नेशनल चैंपियन रमेश बुडिहाल और किशोर कुमार की वापसी, जो पिछले संस्करण से चूक गए थे, लेकिन इस बार पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतरेंगे। वे हरीश मुथु, कमली पी, अजीश अली, श्रीकांत डी और संजय सेल्वमणि जैसे शीर्ष सर्फरों के साथ मैदान में उतरेंगे, जिन्होंने 2024 में एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप और मरुहाबा कप जैसे प्रतिष्ठित इवेंट्स में शानदार प्रदर्शन किया था। इन खिलाड़ियों के योगदान से भारत ने पिछले साल एशिया में 5वां स्थान हासिल किया और एची-नागोया 2026 एशियन गेम्स के लिए दो कोटा भी सुनिश्चित किए। इस वर्ष की प्रतियोगिता को और रोमांचक बनाता है लहरों का पूवार्नुमान, जिसमें 10 से 12 फीट ऊंची लहरों की संभावना जताई गई है। ये विशाल लहरें सर्फरों की तकनीक, सहनशक्ति और रणनीति की कड़ी परीक्षा लेंगी। अरब सागर में चक्रवाती और अस्थिर मौसम के चलते समुद्र की स्थिति अनिश्चित बनी हुई है, जिससे कार्यक्रम की समय-सारणी भी प्रभावित हो सकती है। बढ़ती चुनौती का असर राष्ट्रीय रैंकिंग पर भी पड़ेगा, खासकर जब एशियन सर्फ चैंपियनशिप 2025 निकट है।

# सिंधू और प्रणय टूर्नामेंट से बाहर, सात्विक-चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**सिंगापुर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने गुरुवार को साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी को हराकर सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूनार्मेंट से बाहर हो गईं। सात्विक और चिराग ने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक चले कड़े



मुकाबले में इंडोनेशिया की जोड़ी के खिलाफ 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया।

## योग ओलंपियाड में चमकी मुरादाबाद की छात्रा रोनी और छात्र नैतिक

**मुरादाबाद।** राज्य स्तरीय योग ओलंपियाड में मुरादाबाद के राजकीय कन्या इंटर कालेज की छात्रा रोनी और जीजी हिंदू इंटर कॉलेज के छात्र नैतिक ने शानदार प्रदर्शन कर पीतलनगरी मुरादाबाद का मान बढ़ाया है। दोनों खिलाड़ियों का गुरुवार को अपने-अपने कालेज पहुंचने पर स्वागत अभिनंदन किया गया। मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर लखनऊ में खेली गई प्रतियोगिता में रोनी ने पहला और नैतिक ने चौथा स्थान हासिल किया है। दोनों खिलाड़ी तमिलनाडु में होने वाले राष्ट्रीय योग ओलम्पियाड में उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। रोनी और



नैतिक की इस उपलब्धि पर संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय और मंडलीय क्रीड़ा सचिव वंश बहादुर ने उनकी सराहना की।

## पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण को रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम 28 मई की रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण के लिए रवाना हो गई। यह चरण 7 से 22 जून के बीच नीदरलैंड के एम्सटेलवीन और बेल्जियम के एंटवर्प में खेला जाएगा। भारत अपने यूरोपीय चरण की शुरूआत नीदरलैंड के खिलाफ दो लगातार मुकाबलों से करेगा, जो 7 और 9 जून को वागनेर स्टेडियम, एम्सटेलवीन में खेले जाएंगे। इसके बाद 11 और 12 जून को अर्जेंटीना के खिलाफ डबल हेडर मुकाबले होंगे, जिनका आयोजन भी एम्सटेलवीन में ही होगा। टीम इसके बाद बेल्जियम के एंटवर्प रवाना होगी,



जहां 14 और 15 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। इसके बाद भारत 21 और 22 जून को मेजबान बेल्जियम के खिलाफ अपने अभियान का समापन करेगा। टीम के रवाना होने से पहले कप्तान और अनुभवी ड्रैगफ्लिकर हरमनप्रीत सिंह ने कहा, यह यूरोपीय चरण हमारे लिए बेहद अहम है क्योंकि हमें दुनिया की कुछ बेहतरीन टीमों से भिड़ना है। भुवनेश्वर चरण में हमारे कुछ मिश्रित नतीजे रहे थे, लेकिन हम अंक तालिका में अच्छी स्थिति में हैं और अब हम इस प्रदर्शन को और बेहतर करना चाहते हैं। हमारा लक्ष्य अधिकतम अंक जुटाकर अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई करना है। उपकप्तान हार्दिक सिंह ने कहा, पिछले कुछ हफ्तों में हमारा ट्रेनिंग कैंप काफी प्रभावी रहा है। मुझे भरोसा है कि खिलाड़ी यूरोप में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। टीम का माहौल काफी सकारात्मक है और सभी एक-दूसरे को बेहतर खेलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। ये मुकाबले हमें खुद को परखने का बेहतरीन मौका देंगे। भारत इस समय अंक तालिका में 15 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और उसकी निगाहें एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के लिए जगह बनाने पर टिकी हैं।

# गोदौलिया और अस्सी की टीम ने अपने अपने मुकाबले जीतकर अंक बटोरे

**वाराणसी।** सनबीम रोहनिया ग्राउंड में बनारस क्रियेटर्स क्रिकेट लीग के चौथे दिन बुधवार को खेले गए दो मुकाबलों में बल्ले और गेंद का बेहतरीन प्रदर्शन देखने को मिला। गोदौलिया ग्लेडियेटर्स और अस्सी एवेंजर्स की टीम ने अपने अपने मुकाबले जीतकर अंक बटोरे।

**दिन का पहला मुकाबला**
गोदौलिया ग्लेडियेटर्स और अस्सी एवेंजर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोदौलिया ग्लेडियेटर्स की टीम अस्सी एवेंजर्स के गेंदबाजों के सामने संघर्ष करती दिखी। टीम निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट गवांकर केवल 62 रन ही बना सकी। गोदौलिया ग्लेडियेटर्स की ओर से अमन ने सर्वाधिक 24 रन का योगदान दिया, लेकिन अन्य बल्लेबाजों का साथ न मिलने के कारण टीम एक बड़ा स्कोर खड़ा करने में नाकाम रही। अस्सी एवेंजर्स के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी कर कुल 9 विकेट चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अस्सी एवेंजर्स की शुरूआत शानदार रही। टीम के सलामी बल्लेबाजों ने आक्रामक रुख अपनाया और बिना कोई विकेट गंवाए लक्ष्य को आसानी से हासिल कर मैच जीत लिया। विवेक ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 25 रन की नाबाद पारी खेली। उनके शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। अस्सी एवेंजर्स ने यह



मुकाबला 10 विकेट से जीतकर लीग में अपनी स्थिति मजबूत की। इस मैच में गोदौलिया ग्लेडियेटर्स की गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण भी कुछ खास नहीं रहा, जिसका फायदा अस्सी एवेंजर्स के बल्लेबाजों ने उठाया। दिन का दूसरा मुकाबला रामनगर रॉयल्स और सारनाथ स्पार्टन्स के बीच खेला गया। रामनगर रॉयल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 67 रन बनाए। टीम के लिए दीपक और अंकित ने कुछ अच्छे शॉट्स लगाए और रन जोड़े। हालांकि, स्पार्टन्स के गेंदबाजों ने कसी हुई गेंदबाजी

**रोमांचक मैच**

> विश्वास को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

करते हुए रामनगर रॉयल्स के बल्लेबाजों को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। जवाब में स्पार्टन्स के बल्लेबाजों ने तेज शुरूआत की और मात्र 7 ओवरों में ही लक्ष्य को हासिल कर लिया। टीम के सलामी बल्लेबाज विश्वास ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 36 रन की पारी खेली, जिसमें कई छक्के और चौके शामिल थे। उनकी इस धुआंधार पारी ने रामनगर रॉयल्स के गेंदबाजों पर दबाव बना दिया और टीम को आसानी से जीत मिल गई। विश्वास को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

**द्वितीय वाराणसी कप रैपिड शतरंज प्रतियोगिता 31 को**
द्वितीय वाराणसी कप रैपिड शतरंज प्रतियोगिता शनिवार को जिला स्तरीय प्रतियोगिता केराकतपुर स्थित वाराणसी पब्लिक स्कूल में होगी। प्रतियोगिता में 160 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता ओपन कैटेगरी के साथ-साथ महिला वर्ग और विभिन्न आयु वर्गों जैसे अंडर 11, अंडर 13 और अंडर 17 (बालक एवं बालिका) में खेली जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

## सरकारी बाबू पर जासूसी का शक

**जैसलमेर।** जैसलमेर जिले में सुरक्षा एजेंसियों ने बुधवार को एक सरकारी कर्मचारी को संदिग्ध गतिविधियों के चलते हिरासत में लिया है। उस पर आरोप है कि वह विभाग को बिना सूचना दिए पाकिस्तान की यात्रा पर गया था, जिससे उसकी गतिविधियों पर शक गहराता चला गया। शुरूआती पूछताछ जैसलमेर में की गई। इसके बाद उसे रातों-रात जयपुर ले जाया गया, जहां सुरक्षा एजेंसियां उससे और गहन पूछताछ कर रही हैं। जैसलमेर के बड़ोड़ा गांव स्थित मंगलियों की ढाणी का निवासी शकूर खान मंगालिया जैसलमेर के जिला रोजगार कार्यालय में क्लर्क (बाबू) के पद पर कार्यरत है। उसकी पृष्ठभूमि भी राजनीतिक रूप से जुड़ी रही है। वर्ष 2008 में वह कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद के निजी सहायक के रूप में भी काम कर चुका है। तब सालेह मोहम्मद पोकरण से विधायक थे। शकूर खान हाल ही में बिना किसी विभागीय अनुमति के पाकिस्तान गया था। भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे संवेदनशील जिले जैसलमेर में सुरक्षा एजेंसियां हाल के पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहले से ही हाई अलर्ट पर हैं। ऐसे में शकूर की पाकिस्तान यात्रा ने एजेंसियों को सतर्क कर दिया। बुधवार को उसे रोजगार कार्यालय से हिरासत में लिया गया। इस मामले को लेकर राजनीति भी तेज हो गई है। राजस्थान भाजपा ने इस मुद्दे पर कांग्रेस पर हमला बोला है। भारतीय जनता पार्टी की ओर से 'एक्स' पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से सवाल पूछे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने उदयपुर में मीडिया से बात करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री सालेह मोहम्मद के पीए रहे शकूर खान का जासूसी के शक में पकड़ा जाना चिंताजनक है। इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और यदि वह दोषी पाया जाता है, तो उसे सख्त सजा मिलनी चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## वाराणसी में दो नए कोरोना संक्रमित मिले

**वाराणसी।** जिले में गुरूवार को फिर दो नए कोरोना संक्रमित मिले। दोनों की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दो दिन में जिले में कोरोना पीड़ितों की संख्या अब चार हो गई है । सभी मरीजों को आइसोलेशन में रखा गया है। मरीजों के परिजनों की भी सैंपलिंग कराई जा रही ?है। आज मिले नए मरीजों में एक बीएचयू के हेपेटाइटिस लैब का टेक्नीशियन है। वहीं, दूसरा आरा(बिहार)का एक मरीज एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती हुआ है। उसकी रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई है।

# अजेय रहीं अहिल्याबाई होल्कर: बीएल संतोष

### अहिल्याबाई होल्कर नहीं होतीं तो काशी में मंदिर का यह रूप नहीं देख सकते: बीएल संतोष

**पुनरुत्थान**

**अहिल्याबाई होल्कर अजेय रहीं वे कभी कोई युद्ध नहीं हारीं। धर्म-संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए योगदान दिया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊः** महारानी अहिल्याबाई होल्कर अजेय रहीं। वे कभी कोई युद्ध नहीं हारीं। धर्म-संस्कृति के पुनरुत्थान के लिए उन्होंने बहुत बड़ा योगदान दिया। काशी में यदि मंदिर है तो उसका एकमात्र कारण अहिल्याबाई होल्कर हैं। यदि वे नहीं होतीं तो काशी में मंदिर का यह रूप नहीं देख सकते थे। हालांकि मोदी-योगी के कार्यकाल में अभी बहुत कुछ मिलने वाला है। मणिकर्णिका घाट के निर्माण में उनका बड़ा योगदान है। हरिद्वार, प्रयाग, अयोध्या में सरयू घाट का निर्माण अहिल्याबाई होल्कर ने किया। सोमनाथ, कांची, रामेश्वरम, भीमाशंकर, श्रीशैलम में इन्होंने धर्मशालाओं का निर्माण, पीने के पानी, भंडारा की व्यवस्था की। पुजारियों के पूजा की जो व्यवस्था की, वह आज भी चालू है। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष ने कहीं। उन्होंने गुरुवार को डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित 'पुण्यश्लोक' पूज्य देवी अहिल्याबाई होल्कर जन्म त्रिशताब्दी वर्ष स्मृति अभियान-2025 को संबोधित किया। बीएल संतोष ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श को युवा पीढ़ी तक पहुंचाने की अपील की।

**अहिल्या बाई होल्कर के जीवन की हर पंक्ति पुण्यश्लोक जैसी**

उन्होंने रामायण की चर्चा से बात की शुरूआत की, फिर अहिल्याबाई होल्कर के 'पुण्यश्लोक' उपाधि की चर्चा की। उन्होंने बताया कि अहिल्याबाई होल्कर का जीवन, साधना, कृतित्व, समाज, किसानों, महिलाओं, आर्थिक व्यवहार, पड़ोसी राज्यों के साथ मिलकर भी बहुत पुण्य का कार्य किया। अहिल्या बाई होल्कर के जीवन की हर पंक्ति पुण्यश्लोक जैसी है। उनकी कहानी सुनते-सुनते बड़े-बड़े इतिहासकारों ने अहिल्याबाई होल्कर को रानी, लोकमाता, लोकमंगल, प्रजावत्सला के बाद पुण्यश्लोक भी लिखा।

**300 साल पहले महारानी ने महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य किया**

संतोष ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि हमने स्कूल-कॉलेज में अहिल्याबाई के बारे में नहीं पढ़ा। शासन करने वाले लोगों ने लंबे समय तक शिवाजी, महाराणा प्रताप, अहिल्याबाई होल्कर के बारे में पाठ्यक्रम में आने नहीं दिया। देश में 300 साल पहले जब महिला सशक्तिकरण का नाम ही नहीं था, तब एक रानी ने इतना बड़ा काम किया। आज मिजोरम, मेघालय से लेकर कर्नाटक, अंडमान निकोबार, केरल तक लोग याद कर रहे हैं।

### न्याय से परिपूर्ण थी उनकी प्रथा

बीएल संतोष ने कहा कि होल्कर ने महिलाओं, किसानों, सिंचाई, व्यापार, आर्थिकी बढ़ाने और कारीगरों के लिए बहुत कार्य किया। हजारों कारीगरों को एकत्र कर माहेश्वरी ब्रांड क्रिएट किया और माहेश्वरी साड़ी को विश्व प्रसिद्ध किया। सिंचाई, सेना, पड़ोसी राज्यों के संबंध में उनके द्वारा किए गए कार्य अतुलनीय रहे। संतोष ने महाराष्ट्र सरकार के रेवेन्यू डिपार्टमेंट में (7 बार12) के सिस्टम के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि जिनके पास जमीन नहीं थी, अहिल्याबाई होल्कर उन्हें अपने राज्य की जमीन देती थीं। रानी का नियम था कि इस पर 12 पेड़ लगाना ही चाहिए। इसका परीक्षण भी किया जाता था। पांच-छह साल में उस पेड़ से कुछ मिलना शुरू होता था। वे कहती थीं कि सात पेड़ की उत्पत्ति उस घर की है, लेकिन पांच से होने वाली उत्पत्ति टैक्स के कारण राज्य को देनी चाहिए।

# 83 हजार गरीब बच्चों को मिला निजी स्कूलों में प्रवेश



**निशुल्क**

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम में प्रायवेट स्कूलों में प्रवेश के लिए निकाली गई ऑनलाइन लॉटरी**

**टीम एक्शन इंडिया**
**भोपाल।** भोपाल के राज्य शिक्षा केन्द्र में गुरूवार को शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आयोजित की गई ऑनलाइन लॉटरी में 83 हजार 483 बच्चों को उनकी पसंद के निजी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश प्राप्त हुआ है। इनमें से 72 हजार 812 बच्चे ऐसे हैं, जिन्हें उनके द्वारा चयनित प्रथम वरीयता वाले स्कूलों में प्रवेश मिला है।राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक हरजिंदर सिंह ने आरटीई के तहत निजी विद्यालयों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में वंचित समूह और कमजोर वर्ग के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश के लिये ऑनलाइन लॉटरी का बटन क्लिक किया। इस प्रक्रिया का सीधा प्रसारण राज्य शिक्षा केन्द्र के यूट्यूब चैनल पर किया गया। राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक हरजिंदर सिंह ने कहा कि देश भर में आरटीई के तहत ऑनलाइन लॉटरी सिस्टम अपनाने वाला अग्रणी राज्य मध्यप्रदेश है। इस पारदर्शी व्यवस्था से अभिभावकों को उनके क्षेत्र के स्कूल और उनमें उपलब्ध सीटों की जानकारी के साथ ही ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से उनके बच्चों को स्कूल में सीट आवंटित हो जाएगी।
संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र ने लॉटरी में चयनित बच्चों को उनकी पंसद का स्कूल आवंटित होने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। संचालक ने पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था निर्मित करने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग और मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेव्हलपमेंट कॉरपोरेशन) टीम की प्रशंसा भी की। राज्य शिक्षा केन्द्र संचालक ने बताया कि आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश के लिए पारदर्शी और तकनीक आधारित व्यवस्था अपनाई गई है। इस वर्ष आरटीई के तहत लॉटरी के लिए दस्तावेज सत्यापन के उपरांत एक लाख 66 हजार 751 बच्चे पात्र हुए थे। जिनमें से 83 हजार 483 बच्चों को उनके द्वारा चयनित स्कूलों का आवंटन किया गया है। इनमें से 43 हजार 363 बालक एवं 40 हजार 120 बालिकाएं हैं। जिन्हे आज इस ऑनलाइन लॉटरी मे शामिल करते हुये रेंडम पद्वति से स्कूल का आवंटन किया गया है। जिन बच्चों को स्कूल का आवंटन हो रहा है, उन्हें उनके पंजीकृत मोबाईल नंबर पर एसएमएस माध्यम से भी सूचना दी जा रही है।

# सौर स्वरोजगार योजना से जुड़ी महिलाओं को सौर सखी नाम दिया

**विशेष शिविर**

**योजनाओं को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने विकासखण्डों में विशेष शिविरों के आयोजन किये जायेंगे**




**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना से जुड़ी महिलाओं को सौर सखी नाम दिया जायेगा। मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना और स्वरोजगार से जुड़ी अन्य योजनाओं को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने विकासखण्डों में विशेष शिविरों के आयोजन किये जायेंगे। सौर प्लांटों के रख-रखाव के लिए प्रत्येक जनपद में लोगों को प्रशिक्षण दिया जायेगा। गुरूवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना के विकासकताओं के साथ मुख्य सेवक संवाद कार्यक्रम में यह घोषणा की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के तहत राज्य में 250 मेगावाट का लक्ष्य पूर्ण किया जा चुका है। योजना को और विस्तार की दिशा में कार्य किये जा रहे हैं। सौर ऊर्जा का स्त्रोत असीमित होने के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल भी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न योजनाओं के माध्यम से सौर ऊर्जा के उपयोग को व्यापक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, पीएम कुसुम जैसी योजनाओं के साथ ही भारत के नेतृत्व में इंटरनेशनल सोलर अलाइंस का गठन सौर ऊर्जा के प्रयोग को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2030 तक सौर ऊर्जा के माध्यम से 500 गीगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है। 2070 तक देश को कार्बन न्यूट्रल बनाने का लक्ष्य भी उन्होंने रखा है।

## हेली टिकट बुकिंग में साइबर धोखाधड़ी रोकने को एसआईटी गठित

**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** चारधाम यात्रा में हेली टिकट बुकिंग में साइबर अपराध के जरिए कई यात्री ठगी का शिकार हो जाते हैं। ऐसे में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश और पुलिस महानिदेशक के मार्ग दर्शन में विशेष टॉस्क फोर्स (एसआईटी) की टीम गठित की गई है, जो टिकट बुकिंग के नाम पर साइबर ठगी को रोकेगी। वर्ष 2023 में 64 फर्जी वेबसाइटों को ब्लॉक कराया गया।
वर्ष 2024 में 18 फर्जी वेबसाइटों, 45 फेसबुक पेजे, 20 बैंक खाते ब्लॉक किए गए।

# कृषि वैज्ञानिक किसानों को देंगे नई उन्नत तकनीकि की जानकारी: कुलस्ते



**टीम एक्शन इंडिया**
**मंडला।** सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा कि मंडला जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 29 मई से 12 जून 2025 तक चलाया जायेगा। इस अभियान के तहत 135 ग्राम पंचायतों में संगोष्ठी या सभाएं होंगी, जिसमें 490 ग्राम पंचायतों के किसान शामिल होंगे। आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों को उत्तम कृषि के बारे में विस्तार से जानकारी देगी। इससे जिले के किसान फसलों की बुआई से लेकर कटाई तक का कार्य उन्नत किस्म से पूर्ण करेंगे। सांसद कुलस्ते गुरुवार को पीएमश्री रानी दुर्गावती महाविद्यालय में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जनपद पंचायत अध्यक्ष सोनू भलावी, जिला पंचायत सदस्य संदीप सिंह, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम सोनल सिडाम, कृषि उपसंचालक मधु अली सहित विभागीय अधिकारी और किसानगण मौजूद थे। सांसद ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# 'स्वास्थ्य विभाग हर स्थिति से निपटने को तैयार'

**तैयारियां**

**विभागीय अधिकारियों को अभी से सभी तैयारियां पुख्ता रखने को कहा गया है।**



**टीम एक्शन इंडिया**
**देहरादून।** देशभर में कोविड की बढ़ती रफ्तार को देखते हुये राज्य में स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दे दिये गये हैं। विभागीय अधिकारियों को अभी से सभी तैयारियां पुख्ता रखने को कहा गया है। इसके अलावा शासन स्तर पर विभागीय सचिव और जिलों में मुख्य चिकित्साधिकारियों को कोरोना के सम्भावित मामलों की मॉनिटिरिंग करने के निर्देश दिये गये हैं। विभागीय मंत्री डा. रावत ने आम लोगों से अपील करते हुये कहा कि वह कोरोना को लेकर पेनिक न हों, सरकार किसी भी परिस्थिति से निपटने को पूरी तरह से तैयार है। मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि देशभर में कोविड का नया वैरिएंट तेजी से बढ़ रहा है, जिसको देखते हुये राज्य सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट मोड़ पर रहने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने को पूरी तरह से तैयार है लेकिन इसके बावजूद सतर्कता बरतना जरूरी है। विभागीय मंत्री ने कहा कि पुराने अनुभवों का फायदा लेते हुये विभागीय अधिकारियों को सभी तैयारियां पुख्ता रखने को कहा गया है।

## सीएम ने फसल के नुकसान का आकलन करने के दिए निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुरहानपुर जिले के विभिन्न गांवों में आंधी-तूफान और तेज बारिश के कारण केले की फसल की क्षति को लेकर किसान बंधु चिंतित न हों, राज्य सरकार किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स के माध्यम से कहा कि मध्यप्रदेश में केला उत्पादन की दृष्टि से बुरहानपुर महत्वपूर्ण जिला है। केले की फसल का सर्वे कर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दे दिए।

**कार्यशाला** *संस्कार और संस्कृति इतनी समृद्ध है कि संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और भविष्य दोनों सुरक्षित हैं*

# संस्कृति से ही संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और भविष्य सुरक्षित:बागड़े



**टीम एक्शन इंडिया**
**उदयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने कहा कि भारतीय संसदीय लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हैं। मर्यादाओं में निसंदेह कुछ गिरावट आई है, लेकिन हमारे संस्कार और संस्कृति इतनी समृद्ध है कि संसदीय लोकतंत्र की गरिमा और भविष्य दोनों सुरक्षित हैं। राज्यपाल बागड़े गुरुवार को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के तत्वावधान में उदयपुर में आयोजित विधानसभा कल, आज और कल विषयक मेवाड़ से संबद्ध विधानसभा पूर्व अध्यक्षों की समागम कार्यशाला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यशाला की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने की। पूर्व अध्यक्ष कैलाश मेघवाल, शांतिलाल चपलोत और डॉ. सीपी जोशी बतौर विशिष्ट अतिथि मंचासीन रहे। राज्यपाल बागड़े ने कहा कि पहले सदन में विषय पर अधिक चर्चा होती थी, अब विषयान्तर अधिक होने लगा है। विधेयक पर बहस में जनप्रतिनिधि रुचि से भाग नहीं लेते, जबकि उस पर तथ्यात्मक बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में अलग-अलग विचारधारा के लोग होते हैं, इसके बावजूद पहले उनमें आपस में एक दूसरे के प्रति सम्मान होता था, लेकिन अब कटुता अधिक रहती है। उन्होंने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष पद के अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजनीतिक विचारधारा भले ही अलग हो, लेकिन सभी जनप्रतिनिधियों का ध्येय जन कल्याण पर केंद्रित होना चाहिए। बागड़े ने कहा कि राजस्थान में विधानसभा संचालन उत्कृष्ट रूप से हो रहा है।